बुधवार, 24 जून 2026

मौसम

तापमान 28 - 34
आर्द्रता 87%
सूर्योदय: 04:53 सूर्यास्त: 18:24

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, ज्येष्ठ (शुद्ध) शुक्लपक्ष दशमी, वि.स. 2083, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : आज कविता गुंजाइश नहीं, एक जोखिम है।



राष्ट्रपति ने ममूटी, अलका याज्ञिक, रोहित शर्मा समेत अन्य को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## अमेरिका-ईरान के बीच परमाणु स्थलों के निरीक्षण को लेकर मतभेद

**इस्लामाबाद :** अमेरिका और ईरान के बीच मंगलवार को इस बात को लेकर मतभेद उभर आए कि क्या तेहरान ने संयुक्त राष्ट्र के निरीक्षकों को बमबारी का निशाना बने ईरानी परमाणु स्थलों का निरीक्षण करने की अनुमति देने पर सहमति जताई है। यह विवाद ऐसे समय सामने आया है, जब अधिकारी दोनों देशों के बीच युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए बातचीत में मध्यस्थता कर रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर लेबनान में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है। परस्पर विरोधी दावों के बीच, ईरान के राष्ट्रपति पाकिस्तान के अधिकारियों से मिले, जो दोनों पक्षों के बीच वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, स्विट्जरलैंड में अमेरिका और ईरान के बीच हुई बातचीत के बाद तकनीकी टीम समझौते के विभिन्न पहलुओं और विवरणों को अंतिम रूप देने पर काम कर रही हैं। बातचीत आगे बढ़ने के साथ होर्मुज़ जलडमरूमध्य में जहाजों के आवागमन पर रुकावट दूर होने के आसार नज़र आने लगे हैं। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) ने मंगलवार को घोषणा की कि होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे 11,000 नाविकों को सुरक्षित निकालने की योजना पर काम चल रहा है।

# किसी भी सड़क का नाम मुगलों, पठानों, ब्रिटिश शासकों के नाम पर नहीं होगा : शुभेंदु अधिकारी



### मुख्यमंत्री ने सड़कों और इलाकों के नामों की समीक्षा के लिए एक समिति बनाने की घोषणा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में सड़कों या इलाकों के नाम मुगलों, पठानों या दमनकारी ब्रिटिश शासकों के नाम पर नहीं रखे जाएंगे। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान उन्होंने सड़कों और इलाकों के नामों की समीक्षा के लिए एक समिति बनाने की घोषणा की। मंगलवार को राज्य विधानसभा में सड़क के मूल नाम के पीछे के ऐतिहासिक संदर्भ को लेकर बहस हुई। विपक्ष के नेता ऋतब्रत बनर्जी ने सुहरावर्दी एवेन्यू का नाम बदलने पर सवाल उठाए और कहा कि इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है। उन्होंने तर्क दिया कि सुहरावर्दी एवेन्यू का नाम पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री हुसैन शहीद सुहरावर्दी के नाम पर नहीं रखा गया था - जिनका संबंध '1946 का कलकत्ता नरसंहार' से जोड़ा जाता है, बल्कि उनके दादा मौलाना ओबैदुल्ला सुहरावर्दी के नाम पर रखा गया था।

हालांकि, शुभेंदु अधिकारी ने ऐतिहासिक संदर्भों-जिनमें स्वतंत्रता सेनानी बीना दास का ज़िक्र भी शामिल था-का हवाला देते हुए ऋतब्रत बनर्जी के दावे का खंडन किया और कहा कि कोलकाता की सड़कों के नामों में किसी भी मुगल या पठान का नाम नहीं रखा जाएगा। अधिकारी ने कहा कि सुहरावर्दी का नाम नहीं रहेगा। कोलकाता में मुगल, पठान या दमनकारी ब्रिटिश शासकों के नाम नहीं होंगे। उन्होंने सड़कों और सार्वजनिक स्थानों के नामों की समीक्षा के लिए एक समिति बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगिनी निवेदिता को छोड़कर, कोई भी विदेशी नाम नहीं रहेगा। अगर एपीजे अब्दुल कलाम जैसे सच्चे देशभक्त हैं, तो हमें जानकारी दें और राज्य सरकार उन्हें सम्मानित करेगी। आप बंगाली संस्कृति और गौरव को मिटा नहीं सकते। हालांकि, अधिकारी ने सुहरावर्दी एवेन्यू का नाम बदलने की तारीफ करते हुए इसे 'ऐतिहासिक गलती' को सुधारने की दिशा में एक कदम बताया।

## 'राज्य से अब तक 10 हजार घुसपैठियों को निकाला गया', विधानसभा में मुख्यमंत्री का दावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की नई भाजपा सरकार ने राज्य में अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर बेहद सख्त रुख अपनाते हुए साफ कर दिया है कि इस मामले में सरकार 'आयरन हैंड' यानी कठोर नीति पर ही आगे बढ़ेगी। राज्यपाल के अभिभाषण पर मंगलवार को विधानसभा में चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार केंद्र की डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट नीति से किसी भी हाल में पीछे नहीं हटेगी। मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि पिछले माह नई सरकार बनने के बाद से पिछले करीब डेढ़ महीने में अब तक 10 हजार घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें सीमा पार वापस भेजा जा चुका है। साथ ही, मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा हाल में बनाए गए 12 होल्डिंग सेंटरों (हिरासत केंद्रों) में 1,800 और लोगों (घुसपैठियों) को रखा गया है, जिन्हें जल्द ही डिपोर्ट किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा किसी भी घुसपैठिए को जेल में रखने का सवाल नहीं है। गिरफ्तारी के बाद घुसपैठियों को सीधे बीएसएफ को सौंपकर डिपोर्ट किया जाएगा। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर इतने वर्षों तक सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को भारत-बांग्लादेश पर कंटीले बाड़ लगाने व सीमा सुरक्षा के लिए जमीन क्यों नहीं दी गई? विपक्षी तृणमूल विधायकों से उन्होंने कहा कि पहले जमीन देते, उसके बाद आलोचना करते। शुभेंदु ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार ने बीएसएफ को सिर्फ गालियां दीं। मुख्यमंत्री ने बताया कि सत्ता में आने के बाद डेढ़ महीने से भी कम समय में ही उनकी सरकार ने बीएसएफ को 142.79 एकड़ जमीन सौंप दी है और जल्द ही सीमा पर बाड़ लगाने का काम तेज किया जाएगा।

### 'जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ केवल भारतीय नागरिकों को मिलेगा'

हालांकि, मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि जो वास्तविक भारतीय नागरिक हैं, उन्हें किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है, चाहे वे किसी भी धर्म या समुदाय से हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ केवल भारतीय नागरिकों को मिलेगा। अन्नपूर्णा भंडार, वृद्धावस्था पेंशन, बेरोजगारी भत्ता, बच्चों की नौकरियां और स्कूलों के विकास पर खर्च होने वाला पैसा सिर्फ भारतीयों के लिए होगा। किसी घुसपैठिए को इसका लाभ नहीं लेने दिया जाएगा।

# बंगाल में बिजली गिरने से 13 लोगों की मौत, 22 घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में मंगलवार की दोपहर आई आपदा के बाद, राज्य के अलग-अलग हिस्सों से बिजली गिरने से 13 लोगों की मौतों की खबरें सामने आई है, जबकि 22 लोगों के घायल होने की सूचनी मिली है। मिली जानकारी के अनुसार, मालदह में दो अलग-अलग घटनाओं में, बिजली गिरने से कुल 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना में कम से कम 15 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा, पुरुलिया में बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हो गए। इसके अलावा, कांचरापाड़ा में एक खेत में पेड़ के नीचे खड़े होकर फोन पर बात करते समय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। बांकुड़ा



के खटरा में बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। कूचबिहार में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हो गए।

# सब्यसाची दत्ता के करीबी महिला टीएमसी नेता के घर से 4.39 करोड़ का सोना बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक सब्यसाची दत्ता के खिलाफ वसूली के मामले में रात भर चली तलाशी के दौरान नदिया जिले में तृणमूल की एक जिला परिषद सदस्य के घर से 4.3 करोड़ रुपये से ज़्यादा कीमत का करीब तीन किलो सोना जब्त किया गया। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह जब्ती नदिया के करीमपुर इलाके के किशोरपुर में जिला परिषद सदस्य टीना भौमिक साहा के पैतृक घर में देर रात की गई छापेमारी के दौरान हुई। टीना भौमिक साहा को सब्यसाची दत्ता की करीबी माना जाता है। उन्होंने कहा कि जांच टीम सोमवार की देर रात घर पहुंची और तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों के अनुसार, सब्यसाची दत्ता को भी नदिया ले जाया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान में करीब तीन किलो स्वर्णाभूषण बरामद हुए, जिनकी अनुमानित कीमत 4.39 करोड़ रुपये है। टीना भौमिक साहा



ने किसी भी गड़बड़ी की बात से इनकार किया और दावा किया कि उनके घर से बरामद सोना और गहने उनके परिवार के हैं। बता दें कि इससे पहले, पुलिस ने सब्यसाची दत्ता के फ्लैट और बैंक लॉकर से लगभग 3.5 किलो सोना ज़ब्त किया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने बउबाजार विस्फोट मामले के दोषी की समय से पहले रिहाई आदेश पर लगाई रोक

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें 1993 के बउबाजार बम विस्फोट के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे एक दोषी को समय से पहले रिहा करने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा और न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा की पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर अंतरिम राहत दी। बता दें कि राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय के 5 जून के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें दोषी मोहम्मद राशिद खान (77) को तुरंत रिहा करने का निर्देश दिया गया था। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार की याचिका पर खान को भी नोटिस जारी किया जिसे 'टाडा' (आतंकवादी एवं विघटनकारी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम) के कड़े प्रावधानों के तहत दोषी करार दिया गया था। राज्य सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने कहा कि उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में त्रुटि की है। उन्होंने ऐसे में मामले में खान को राहत देने के लिए 'सुधारवादी सिद्धांत' पर भरोसा करने पर सवाल उठाया जिसमें 70 से अधिक लोगों की मौत हुई थी और सैकड़ों अन्य घायल हुए थे। खान की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एम.आर. शमशाद ने बताया कि उनके मुवक्किल ने जेल में 33 साल से अधिक समय बिताया है और इस बात पर जोर दिया कि एक सह-आरोपी पन्नालाल जैसवारा को मार्च 2014 में सजा में छूट दी गई थी। हालांकि, पीठ ने कहा कि मामले में उनकी भूमिकाएं पूरी तरह से अलग-अलग रही हैं। साथ ही, यह उल्लेख किया कि खान विस्फोट की घटना का 'सरगना' था। शमशाद ने दलील दी कि कैदी का जेल में अच्छा आचरण रहा है, उसे ध्यान में रखा जाना चाहिए। पीठ ने टिप्पणी की कि उसे ऐसे कृत्य के लिए सजा सुनाई गई है जो 'लगभग आतंकवादी कृत्य' के समान है। खान के वकील ने उसकी खराब सेहत का जिक्र करते हुए पीठ से कहा कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ नहीं है, लेकिन उनकी हालत खराब है। पीठ ने कहा कि अगर उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक नहीं लगाई गई, तो राज्य की सरकार की अपील निरर्थक हो जाएगी। राज्य सरकार ने दलील दी कि उच्च न्यायालय ने उसकी रिहाई के खिलाफ राज्य के 'सजा समीक्षा बोर्ड' की सिफारिश के बावजूद उसे राहत दी।

# मंत्रिमंडल में फेरबदल की चर्चा के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल की चर्चाओं के बीच मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति की मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। पोस्ट में कहा गया, ''प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।'' पद्म पुरस्कार प्रदान करने के लिए आयोजित समारोह के ठीक बाद हुई यह बैठक इसलिए अहम है क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी के राजनीतिक हलकों में मंत्रिमंडल में फेरबदल को लेकर चर्चा जोरों पर है। इससे पहले दिन में, केरल के वरिष्ठ भाजपा नेता जॉर्ज कुरियन ने राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त होने के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। कुरियन (65) अल्पसंख्यक मामलों के साथ-साथ मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री थे। राष्ट्रपति भवन से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मू ने कुरियन का इस्तीफ़ा स्वीकार कर लिया है।

# इथेनॉल मिश्रित ईंधन सुरक्षित, वाहन बीमा की वैधता पर असर नहीं पड़ेगा : सरकार

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि भारत का इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम सुरक्षित, ग्राहक अनुकूल और आर्थिक रूप से फायदेमंद है। सरकार ने ई20 ईंधन के इस्तेमाल से वाहनों की बीमा पॉलिसी की वैधता प्रभावित होने संबंधी चिंताओं को खारिज कर दिया। तेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ई20 ईंधन के इस्तेमाल से बीमा अमान्य होने के दावों को लेकर संबंधित हितधारकों के साथ बातचीत करके स्थिति स्पष्ट कर ली गई है और ये दावे गलत पाए गए हैं। बयान में कहा गया है, इथेनॉल मिश्रण वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य प्रक्रिया है, जो अमेरिका, ब्राजील और जापान समेत कई देशों में सफलतापूर्वक अपनाई गई है। इसमें कहा गया है कि ब्राजील ने लंबे समय से अधिक मात्रा में इथेनॉल मिलाने का तरीका अपनाया है और ई27 वहां का मानक पेट्रोल मिश्रण है। बयान के मुताबिक, इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम से कच्चे तेल के आयात में कमी आई है, जिससे भारत को विदेशी मुद्रा के रूप में 1.4 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की बचत करने में मदद मिली है। बयान में कहा गया है कि इस कार्यक्रम से इथेनॉल बनाने में इस्तेमाल होने वाले कृषि उत्पादों की मांग बढ़ी है, जिससे किसानों के लिए आय का स्रोत तैयार हुआ है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। इसमें कहा गया है, इथेनॉल मिश्रण भारत की ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और देश को साफ-सुथरे परिवहन की ओर ले जाने में अहम भूमिका निभाता है। बयान में कहा गया है कि सरकार वैज्ञानिक साक्ष्यों और सभी संबंधित पक्षों के साथ लगातार बातचीत के आधार पर इस कार्यक्रम को सुरक्षित, पारदर्शी व उपभोक्ता-केंद्रित तरीके से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# राास लाफान विस्फोट में 12 भारतीयों की मौत के बाद कतर के अमीर ने मोदी को फोन किया, संवेदना जताई

**नयी दिल्ली :** कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन करके रास लाफान औद्योगिक शहर में हुई एक दुर्घटना में भारतीय नागरिकों की मौत पर शोक जताया। कतर के रास लाफान औद्योगिक शहर में स्थित एक एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) सुविधा में रविवार रात हुए विस्फोट में जान गंवाने वाले 13 लोगों में 12 भारतीय शामिल थे। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैं फोन करने और कतर के रास लाफान औद्योगिक शहर में हुई दुर्घटना में भारतीय नागरिकों की मौत पर संवेदना व्यक्त करने के लिए कतर के अमीर का आभार जताता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह और कतर के अमीर मृतकों के परिजन के दुख में उनके साथ हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। मोदी ने कहा, भारत और कतर अपने नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और एक-दूसरे के साथ एकजुटता से खड़े हैं। रास लाफान औद्योगिक शहर में स्थित बरजान स्थानीय गैस आपूर्ति सुविधा में हुए विस्फोट में 66 लोग घायल भी हुए, जिनमें कई भारतीय शामिल हैं। सुविधा का संचालन कतरएनर्जी एलएनजी करती है।

# सुरक्षा सहयोग बढ़ाने और साझा चुनौतियों से निपटने में ब्रिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका : मोदी




**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में सुरक्षा सहयोग को गहरा करने और आतंकवाद, साइबर सुरक्षा तथा उभरती प्रौद्योगिकियों जैसी साझा चुनौतियों से निपटने में ब्रिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि ब्रिक्स की भारत की अध्यक्षता व्यावहारिक सहयोग को आगे बढ़ाने, 'ग्लोबल साउथ' की प्राथमिकताओं को समर्थन देने तथा अधिक सुरक्षित, संरक्षित और समावेशी विश्व के निर्माण में योगदान देने पर केंद्रित होगी। 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। मोदी ने यह टिप्पणी ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) और वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों से मुलाकात के बाद की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों से मिलकर प्रसन्नता हुई। बदलते वैश्विक परिदृश्य में सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने और आतंकवाद, साइबर सुरक्षा से लेकर उभरती प्रौद्योगिकियों तक की साझा चुनौतियों से निपटने में ब्रिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका है।'' ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी यहां ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक में भाग लेने के लिए आए हैं। ब्रिक्स में मूल रूप से ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल थे। इसका 2024 में विस्तार हुआ और इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हुए, जबकि इंडोनेशिया 2025 में इसमें शामिल हुआ।

# अमेरिका-ईरान एमओयू के बाद भारत आने वाले 11 जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य पार किया

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में टकराव खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) को अंतिम रूप दिए जाने के बाद, भारत आने वाले 11 जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य पार किया। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। शांति समझौते के तहत ईरान के पेट्रोलियम उत्पादों पर से अमेरिकी प्रतिबंध हटने के बाद, भारत ने कहा है कि वह पश्चिम एशिया में हो रही गतिविधियों पर नजर रख रहा है और ऊर्जा की आपूर्ति राष्ट्रीय हितों के आधार पर तय होती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस वार्ता में कहा, आज की स्थिति के अनुसार, भारतीय झंडे वाले हमारे 10 जहाज अब भी फारस की खाड़ी क्षेत्र में हैं। इसके अलावा, हाल ही में दो और जहाज वहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा, ''सत्रह जून को एमओयू पर हस्ताक्षर होने के बाद से, भारत आने वाले 11 जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुके हैं। जायसवाल ने बताया कि इन जहाजों में भारतीय झंडे वाले तीन कच्चे तेल के टैंकर शामिल हैं, जिनमें से हर एक में 2,85,000 मीट्रिक से ज्यादा कच्चा तेल है, साथ ही विदेशी झंडे वाला एक एलपीजी वाहक, विदेशी झंडे वाला एक कच्चे तेल का टैंकर और विदेशी झंडे वाले छह भारी मालवाहक पोत भी हैं, जिनमें खाद लदी है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि भारत के झंडे वाले बाकी जहाज भी जल्द ही होर्मुज पार कर सकेंगे। पश्चिम एशिया भारत की ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख स्रोत रहा है। ईरानी कच्चे तेल पर अमेरिकी प्रतिबंध हटाने से जुड़े एक सवाल के जवाब में जायसवाल ने कहा, हम पश्चिम एशिया से जुड़ी सभी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। जहां तक हमारी ऊर्जा आपूर्ति का सवाल है, आप अच्छी तरह जानते हैं कि हमारी नीति राष्ट्रीय हितों पर आधारित है। उन्होंने कहा, हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि 1.4 अरब लोगों को किफायती कीमतों पर और अलग-अलग स्रोतों से ऊर्जा मिल सके। यह लगातार हमारी नीति रही है।

## होर्मुज जलडमरूमध्य का खुलना स्वागत योग्य कदम : डोभाल

ब्रिक्स देशों के अपने समकक्षों का मंगलवार को यहां स्वागत करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का खुलना एक बहुत ही स्वागत योग्य कदम है क्योंकि इससे ऊर्जा सुरक्षा में मदद मिलेगी। डोभाल ने कहा कि इस अहम जहाजरानी मार्ग से आवाजाही की आजादी का फायदा इस क्षेत्र और इसके बाहर के देशों को भी होगा। डोभाल ने कहा, ''अमेरिका और ईरान के बीच हुए एमओयू का भारत स्वागत करता है। हमें आशा है कि यह काम करेगा। इससे ऊर्जा सुरक्षा में मदद मिलेगी।'' उन्होंने कहा, ''होर्मुज जलडमरूमध्य का खुलना एक बहुत ही स्वागत योग्य घटनाक्रम है। इससे आपूर्ति शृंखलाओं की बाधाएं दूर होंगी और उर्वरक व रसायन जैसे क्षेत्रों में कमी की समस्या का समाधान होगा।'' डोभाल ने अलग-अलग इलाकों में देखे जा रहे भू-राजनीतिक तनाव और विभिन्न देशों पर उनके असर पर भी बात की। डोभाल ने कहा, ''हम बहुत उथल-पुथल भरे समय में मिल रहे हैं। दुनिया भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, आर्थिक दबावों और विघटनकारी तकनीक का सामना कर रही है।''



## सरकारी प्रयासों व जागरूकता में लाएं तेजी

ब्राजील के बेलेम में संपन्न कॉप-30 सम्मेलन में जारी 'जलवायु जोखिम सूचकांक-2026' रिपोर्ट में उल्लेखित आंकड़े भारत से जुड़ी जलवायु संकट की भयावह तस्वीर दिखाते हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत दुनिया में जलवायु आपदाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित पहले दस देशों में शामिल हैं। यह डराने वाली रिपोर्ट बताती है कि पिछले तीन दशक में भारत में आई जलवायु संकट से जुड़ी आपदाओं में करीब अस्सी हजार लोगों को मौत का ग्रास बनना पड़ा। इतना ही नहीं करीब 170 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान भी देश को उठाना पड़ा है। ये आंकड़े जलवायु संकट के देश पर पड़ने वाले घातक प्रभावों की तस्वीर उकेरते हैं। जो बताते हैं कि इस संकट से उबरने के प्रयासों में और तेजी लाने की जरूरत है। निश्चित तौर पर इस दिशा में यदि युद्ध स्तरीय प्रयास तेज नहीं किए जाते तो भविष्य में परिणाम और घातक हो सकते हैं। ये प्रयास केवल सरकारी स्तर पर ही नहीं, सामाजिक स्तर पर भी तेज करने की जरूरत है। जागरूकता अभियानों में भी तेजी लाने की जरूरत है। इस संकट ने फसलों पर पड़ने वाले व्यापक प्रभाव से हमारी खाद्य शृंखला पर भी संकट मंडरा सकता है। हमें 140 करोड़ से अधिक आबादी वाले देश का पेट भरने के लिये इस दिशा में शोध-अनुसंधान के साथ व्यापक किसान जागरूकता कार्यक्रम भी चलाने की जरूरत है। दरअसल, जलवायु संकट के चलते देश में जो ज्यादा नुकसान हुआ है, उसके पीछे लगातार आ रहे चक्रवात, कुछ इलाकों में सूखे और बाढ़ की लगातार पैदा होती स्थितियां हैं। जाहिर इसके मूल में तेजी से बढ़ता वातावरण का तापमान ही है। जिसका मुख्य कारक ग्लोबल वार्मिंग ही है। निश्चित रूप से भारत में जलवायु संकट की स्थिति लगातार विकट होती जा रही है। निर्विवाद रूप से देश के सामने पैदा मौसमी आपदाओं से हमारे विकास में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। जो जीविका संकट भी पैदा कर रहा है।

दरअसल, बेलेम में संपन्न कॉप-30 सम्मेलन में जारी की गई 'जलवायु जोखिम सूचकांक-2026' रिपोर्ट उन संकटपूर्ण स्थितियों का भी खुलासा करती है जो जलवायु संकट के कारण पैदा हो रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि पिछले वर्ष भारी बारिश व विनाशक रूप में आई बाढ़ से देश में करीब अस्सी लाख लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसमें दो राय नहीं कि भारत सरकार ने जलवायु संकट से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के समक्ष अपनी प्रतिबद्धता बार-बार जतायी है। इस संकट से उबरने के लिये नवीकरणीय ऊर्जा के विकल्प को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाने का प्रयास भी किया है। देश में कार्बन उत्सर्जन को कम करने में नवीकरणीय ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। देश वनों का दायरा को भी बढ़ाने की जरूरत है। विकास देश की प्राथमिकता है, लेकिन यह विकास वनों के विनाश की कीमत पर नहीं होना चाहिए। साथ ही इस दिशा में जो भी कदम उठाये जाएं उनका प्रभाव जमीनी स्तर पर कितना हो रहा है, इस बात का लगातार मूल्यांकन भी जरूरी है। साथ ही रीति-नीतियों को प्रभावी तरीकों से अमलीजामा पहनाने की जरूरत होगी। जिसके लिये लोकतंत्र की सबसे छोटी इकाइयों ग्राम पंचायत से लेकर शहरी निकायों को भी शामिल करने की जरूरत होगी। दरअसल, जलवायु परिवर्तन से उपजा संकट केवल भारत की ही चुनौती नहीं है। यह एक वैश्विक संकट है। जो इस बात से पता चलता है कि पिछले तीन दशकों में नौ हजार से अधिक मौसमी आपदाओं ने पूरी दुनिया में आठ लाख से अधिक लोगों को असमय काल का ग्रास बनाया है। लेकिन इस संकट की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि इसकी सबसे बड़ी कीमत वे विकासशील व गरीब देश चुका रहे हैं, जिनकी वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में सबसे कम भूमिका रही है। दुर्भाग्य से विकासशील देश जहां इन संकटों की दृष्टि से जहां ज्यादा संवेनशील हैं, वहीं इससे मुकाबले के लिये उनके संसाधन सीमित हैं। उनके प्रतिरोध की क्षमता सीमित है। जिन्हें तत्काल व्यापक वित्तीय सहायता की जरूरत है। ऐसे में विकसित देशों का नैतिक दायित्व बनता है कि उनका सहयोग सिर्फ विकासशील देशों को वित्तीय व तकनीकी सहयोग तक सीमित न रहे। साथ ही वे अपने कार्बन उत्सर्जन में भी कमी लाएं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 24 जून, बुधवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, ज्येष्ठ (शुद्ध) शुक्लपक्ष दशमी, 18:15 तक, नक्षत्र : चित्रा, 13:55 तक, योग : परिघा, 10:17 तक, सूर्योदय: 04:53, सूर्यास्त: 18:24, चन्द्रोदय : 14:20, चन्द्रास्त: 01:08, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 12:16 से 13:56

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपको यह सिखाने आया है कि सफलता का रास्ता हमेशा आसान नहीं होता। लेकिन याद रखिए, आपकी मेहनत और दूरदर्शिता हर चुनौती को अवसर में बदल सकती है।

**वृष :** आज खुशियाँ धीरे-धीरे आपके आंगन में प्रवेश करती दिखाई देंगी। परिवार में किसी शुभ समाचार या नए सदस्य के आगमन की संभावना वातावरण को उत्साह से भर सकती है।

**मिथुन :** आज आपके चारों ओर सकारात्मक ऊर्जा का सुंदर वातावरण बना रहेगा। वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और करियर में बदलाव चाहने वालों के लिए नए अवसर सामने आ सकते हैं।

**कर्क :** आज आपकी प्रतिष्ठा और प्रभाव में वृद्धि के संकेत हैं। लोग आपके विचारों और व्यक्तित्व से प्रभावित होंगे। निवेश के लिए सरकारी योजनाएँ लाभकारी सिद्ध हो सकती हैं।

**सिंह :** आज का दिन आपको जीवन का संतुलन सिखाएगा। मित्रों के साथ हँसी-खुशी के पल बिताने का अवसर मिलेगा और स्वादिष्ट भोजन का आनंद भी प्राप्त होगा।

**कन्या :** आज भाग्य आपके पक्ष में खड़ा दिखाई देता है। लंबे समय से चली आ रही कोई परेशानी समाप्त होने की ओर बढ़ सकती है। बस अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**तुला :** आज आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत स्पष्ट हैं। आय के नए स्रोत खुल सकते हैं और भविष्य के लिए आत्मविश्वास बढ़ेगा। विद्यार्थी प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

**वृश्चिक :** आज अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आवश्यक रहेगा। यदि कोई चिंता लंबे समय से मन को परेशान कर रही थी, तो उसका समाधान धीरे-धीरे सामने आने लगेगा।

**धनु :** आज आर्थिक मामलों में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। सुविधाओं में वृद्धि होगी, लेकिन जोखिम भरे निर्णयों से बचना समझदारी होगी।

**मकर :** आज परिवार और करियर दोनों क्षेत्रों में संतुलन देखने को मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात मन को प्रसन्नता देगी। लंबे समय से मन में संजोई हुई कोई इच्छा पूरी होने के संकेत हैं।

**कुम्भ :** आज खर्चों पर नियंत्रण रखना आवश्यक होगा। दिखावे से दूर रहना आपके लिए लाभकारी रहेगा। संतान के भविष्य से जुड़ा कोई महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है।

**मीन :** आज का दिन शुभ समाचारों और सकारात्मक अवसरों से भरा रहेगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम और सामंजस्य बना रहेगा। किसी कानूनी मामले में सफलता मिलने के संकेत हैं।

# लापरवाही की लपटों में जलती जिंदगी: कब जागेगा तंत्र?



**ललित गर्ग**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में एक व्यावसायिक भवन में लगी भीषण आग ने केवल एक इमारत को नहीं जलाया, बल्कि शासन-प्रशासन की संवेदनहीनता, नियामक संस्थाओं की निष्क्रियता और व्यवस्था की खोखली पड़ चुकी जवाबदेही को भी उजागर कर दिया है। इस दुर्घटना में कोचिंग सेंटर के अनेक विद्यार्थियों की असामयिक मृत्यु ने पूरे देश को झकझोर दिया है। यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि उस सड़ी-गली व्यवस्था का परिणाम है, जो हर त्रासदी के बाद कुछ दिनों तक सक्रिय दिखती है और फिर गहरी नींद में सो जाती है। राजकोट के गेमिंग जोन में आग, दिल्ली के शिशु अस्पताल में नवजातों की मौत, दिल्ली के होटल अग्निकांड, मुजफ्फरपुर अस्पताल की दुर्घटना और अब लखनऊ का अग्निकांड-इन घटनाओं की श्रृंखला बताती है कि भारत में मानव जीवन का मूल्य लगातार घटता जा रहा है। हर बार वही बयान सुनाई देता है-'दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा', 'जांच के आदेश दे दिए गए हैं', 'कड़ी कार्रवाई होगी'। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या जांच और मुआवजा ही शासन का अंतिम दायित्व है? क्या सरकारें केवल दुर्घटना के बाद शोक व्यक्त करने और मुआवजा बांटने के लिए हैं? इन जहरीली काली आग ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए। कितनी ही आंखों की रोशनी छीन ली और एक कालिख पोत दी कानून और व्यवस्था के कर्णधारों के मुँह पर।

लखनऊ की जिस इमारत में आग लगी, वहां कोचिंग सेंटर और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही थीं। यह अत्यंत गंभीर प्रश्न है कि क्या उस भवन को अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त था? क्या भवन निर्माण मानकों का पालन किया गया था? क्या वहां आपातकालीन निकास मार्ग उपलब्ध थे? यदि थे, तो वे उपयोग में क्यों नहीं आए? और यदि नहीं थे, तो इतने लंबे समय तक प्रशासन की नजर इस पर क्यों नहीं पड़ी? यह केवल भवन स्वामी की लापरवाही नहीं है। यदि कोई व्यावसायिक संस्थान नियमों की अनदेखी करते हुए वर्षों तक संचालित होता रहता है, तो स्पष्ट है कि कहीं न कहीं प्रशासनिक तंत्र की मौन सहमति या भ्रष्ट गठजोड़ सक्रिय है। आखिर नगर निगम, विकास प्राधिकरण, अग्निशमन विभाग और स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी क्या है? क्या उनका कार्य केवल लाइसेंस जारी करना और औपचारिक निरीक्षण करना भर रह गया है? या कमियों को ढंकते हुए अपनी जैबें गर्म करते रहना है?

वास्तविकता यह है कि देश के अधिकांश शहरों में सार्वजनिक सुरक्षा भगवान भरोसे है। ऊंची-ऊंची इमारतें खड़ी हो रही हैं, लेकिन उनमें सुरक्षा मानकों की स्थिति अत्यंत चिंत-ाजनक है। बहुमंजिला भवनों में अक्सर एक ही प्रवेश एवं निकास मार्ग होता है। अग्निशमन उपकरण या तो अनुपस्थित होते हैं या वर्षों से निष्क्रिय पड़े रहते हैं। आपदा प्रबंधन की कोई नियमित मॉक ड्रिल नहीं होती। भवनों में क्षमता से अधिक लोगों को प्रवेश दिया जाता है। नियम पुस्तकों में सुरक्षा व्यवस्था भले मौजूद हो, लेकिन जमीन पर उसकी स्थिति नगण्य है। इस विडम्बना का सबसे दुखद पक्ष यह है कि हर बड़ी दुर्घटना के बाद जांच समितियां गठित होती हैं, रिपोर्टें तैयार होती हैं, लेकिन उन रिपोर्टों पर अमल नहीं होता। उपहार सिनेमा अग्निकांड से लेकर राजकोट और लखनऊ तक, देश ने अनेक त्रासदियों से सबक लेने की बात कही, परंतु व्यवस्था ने कुछ नहीं सीखा। प्रशासन की स्मृति अत्यंत अल्पकालिक हो चुकी है। कुछ दिनों तक छापेमारी, निरीक्षण और नोटिस जारी करने का नाटक चलता है और फिर सब कुछ पहले जैसा हो जाता है।

यह स्थिति केवल प्रशासनिक अक्षमता की नहीं, बल्कि नैतिक पतन की भी है। भ्रष्टाचार ने सुरक्षा व्यवस्था की आत्मा को खोखला कर दिया है। निरीक्षण करने वाले अधिकारी सुविधा शुल्क लेकर आंखें मूंद लेते हैं। भवन स्वामी अधिक लाभ कमाने के लिए सुरक्षा उपायों की उपेक्षा करते हैं। परिणामस्वरूप निर्दोष नागरिक अपनी जान गंवाते हैं। प्रश्न यह भी है कि क्या हमारे शहरों का विकास मानव-केंद्रित है? हम स्मार्ट सिटी, मेट्रो सिटी और विश्वस्तरीय शहरों के निर्माण की बात करते हैं, लेकिन यदि नागरिक सुरक्षित नहीं हैं, तो ऐसे विकास का क्या अर्थ है? किसी भी सभ्य समाज की पहली पहचान उसके नागरिकों की सुरक्षा होती है। यदि एक कोचिंग संस्थान, अस्पताल, होटल या मॉल भी सुरक्षित नहीं है, तो हमें अपने विकास मॉडल पर पुनर्विचार करना होगा। आज आवश्यकता केवल दोष निर्धारण की नहीं, बल्कि व्यापक संरचनात्मक सुधारों की है। सबसे पहले देशभर में सभी व्यावसायिक भवनों, कोचिंग संस्थानों, अस्पतालों, मॉल, होटल और सार्वजनिक स्थलों का स्वतंत्र सुरक्षा ऑडिट कराया जाना चाहिए। जिन संस्थानों के पास अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र नहीं हैं या जो मानकों का पालन नहीं करते, उन्हें तत्काल बंद किया जाना चाहिए।

दूसरे, अग्निशमन विभाग को आधुनिक संसाधनों और पर्याप्त मानवबल से सुसज्जित करना होगा। अनेक रिपोर्टों के अनुसार देश में फायर स्टेशनों और प्रशिक्षित फायर कर्मियों की भारी कमी है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण के अनुरूप अग्निशमन सेवाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। तीसरे, प्रत्येक सार्वजनिक भवन में हर छह माह में अनिवार्य मॉक ड्रिल आयोजित की जानी चाहिए। विद्यालयों, महाविद्यालयों और कोचिंग संस्थानों में आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए, ताकि आपात स्थिति में लोग घबराने के बजाय संयमपूर्वक अपनी सुरक्षा कर सकें। चौथे, जवाबदेही की स्पष्ट व्यवस्था होनी चाहिए। केवल भवन स्वामी ही नहीं, बल्कि संबंधित विभागों के उन अधिकारियों पर भी कठोर दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए, जिन्होंने लापरवाही बरती या नियमों की अनदेखी की। जब तक अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी नहीं बनाए जाएंगे, तब तक सुधार की उम्मीद करना व्यर्थ है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शासन की प्राथमिकता 'दुर्घटना के बाद की प्रतिक्रिया' से बदलकर 'दुर्घटना से पूर्व की रोकथाम' पर केंद्रित होनी चाहिए। सुशासन का अर्थ केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन की रक्षा सुनिश्चित करना भी है। प्रशासन की सफलता मुआवजा राशि में नहीं, बल्कि दुर्घटनाओं को रोकने की क्षमता में निहित होती है।

कोचिंग सेंटर, हॉस्पिटल, कारखाने, होटल आदि के मिस मैनेजमेंट और लापरवाही का स्थानीय प्रशासन को अंदाजा होना चाहिए कि उसके कार्यक्षेत्र में किस तरह के व्यवसाय कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी करते हुए चलाए जा रहे हैं? प्रश्न है कि इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है? बहुत कठिन है दुर्घटनाओं की उफनती नदी में जीवनरूपी नौका को सही दिशा में ले चलना और मुकाम तक पहुंचाना, यह चुनौती सरकार के सम्मुख तो है ही, आम जनता भी इससे बच नहीं सकती। मनुष्य अपने स्वार्थ और रुपए के लिए इस सीमा तक बेईमान और बदमाश हो जाता है कि हजारों के जीवन और सुरक्षा से खेलता है। दो-चार परिवारों की सुख समृद्धि के लिए अनेक घर-परिवार उजाड़ देता है। तंत्र की काहिली और आपराधिक लापरवाही के चलत ऐसे हादसे होते हैं जिनमें भ्रष्टाचार पसरा होता है, जब अफसरशाह लापरवाही करते हैं, जब स्वार्थ एवं धनलोलुपता में मूल्य बौने हो जाते हैं और नियमों और कायदे-कानूनों का उल्लंघन होता है। आखिर क्या वजह है कि जहां दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावनाएं होती हैं, वही सारी व्यवस्थाएं फेल दिखाई देती है? सारे कानून कायदों का वहीं पर स्याह हनन होता है।

जैसे-जैसे जीवन तेज़ होता जा रहा है, सुरक्षा उतनी ही कम हो रही है, जैसे-जैसे प्रशासनिक सर्तकता की बात सुनाई देती है, वैसे-वैसे प्रशासनिक कोताही के सबूत सामने आते हैं, मरने वालों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन हर बड़ी दुर्घटना कुछ शोर-शराबें के बाद एक और नई दुर्घटना की बाट जोहने लगती है। सरकार और सरकारी विभाग जितनी तत्परता मुआवजा देने में और जांच समिति बनाने में दिखाते हैं, अगर सुरक्षा प्रबंधों में इतनी तत्परता दिखाएं तो दुर्घटनाओं की संख्या घट सकती है। लखनऊ का यह अग्निकांड एक चेतावनी है। यदि अब भी शासन-प्रशासन नहीं जागा, तो ऐसी त्रासदियां भविष्य में और अधिक भयावह रूप धारण कर सकती हैं। यह समय आत्ममंथन का है, क्योंकि हर अग्निकांड के बाद यदि केवल राख बचती है और व्यवस्था फिर उसी ढर्रे पर लौट जाती है, तो यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि एक प्रकार का संस्थागत अपराध है। देश को अब संवेदना नहीं-व्यवस्था चाहिए, जांच नहीं-जवाबदेही चाहिए और आश्वासन नहीं-ठोस कार्रवाई चाहिए। अन्यथा हर अग्निकांड के बाद यही प्रश्न गूंजता रहेगा-आखिर कब जागेगा तंत्र?

-लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार

# पेपर खरीदने वालों के खिलाफ भी आंदोलन होना चाहिए



**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी-2026 पेपर लीक इन दिनों मामला सुर्खियों में है। 3 मई को आयोजित हुई परीक्षा पेपर लीक के बाद रद्द कर दी गई थी जिसके बाद परीक्षा के लिए नई तारीखों की घोषणा की गयी थी। 21 जून को पुनर्परीक्षा संपन्न हो चुकी है। नयी नवेली कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रही है। आखिरकार ये परीक्षा की शुचिता के साथ ही साथ लाखों छात्रों के भविष्य का प्रश्न जो ठहरा।

इस घटना के दो पक्ष हैं। एक पेपर लीक करने वाले और दूसरे पेपर खरीदने वाले। पेपर लीक करने और बेचने वालों का तंत्र देश में मौजूद है। इस तंत्र या रैकेट का मकसद परीक्षा की शुचिता भंग कर, मोटी कमाई करना होता है। आजाद भारत का इतिहास देखें तो हजारों छोटी बड़ी परीक्षाओं के पेपर अब तक लीक हो चुके हैं। इस तंत्र की पहुंच इतनी ऊपर और इतने स्तर पर होती है कि असली गुनहगार कानून के शिकंजे से बच जाते हैं। वहीं, पेपर लीक करने और बेचने वालों के खिलाफ कभी ऐसे कड़ी कार्रवाई भी नहीं हुई, जो दूसरों के लिए नजीर बनती। दो चार दिन के हो हल्ले और बयानबाजी के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ने लगती है।

नीट मामले की जांच कर रही सीबीआई ने अब तक 13 मुख्य मास्टरमाइंड और दलालों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कोचिंग संस्थानों के शिक्षक, प्रोफेसर और डॉक्टर शामिल हैं। नीट समेत देश की कई प्रतिष्ठित परीक्षाएं आयोजित कराने की जिम्मेदारी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए की है। पेपर लीक मामले में एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार को सरकार ने पद से हटा दिया है।

इस प्रकरण का दूसरा पक्ष पेपर खरीदने वालों का है। इस पक्ष की चर्चा न के बराबर है। पेपर खरीदने वालों की एक जमात हमारे समाज में सदा से विद्यमान है। जो येन केन प्रकारेण दाखिले से लेकर नौकरी के लिये पेपर खरीदने से लेकर तमाम गैर कानूनी काम से करने से बाज नहीं आती। चूंकि समाज में ऐसे लोग भी हैं जो परिश्रम के बजाय तिकड़म के सहारे सफल होना चाहते हैं। ऐसे में ये लोग लाखों रुपये में पेपर खरीदने का पा करते हैं। व्यवस्था में भ्रष्टाचार का पुराना घुन लगा ही हुआ है। ऐसे में मोटी कमाई के लालच में पेपर लीक करने वाले सजा या दंड की परवाह किये बिना परीक्षा की शुचिता को तार-तार करने का दुस्साहस करते हैं।

पेपर लीक होने पर अभ्यर्थी, अभिभावक, समाज सेवी, राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता सरकार, प्रशासन और परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी के खिलाफ धरना, प्रदर्शन और आंदोलन करते हैं। सोशल मीडिया पर लंबे चौड़े पोस्ट लिखे जाते हैं। ये गुस्सा और नाराजगी जायज भी है। वास्तव में, किसी परीक्षा की शुचिता कायम रखना संबंधित विभाग, एजेंसी या सरकार की जिम्मेदारी होता है। किसी भी स्तर पर चूक से लाखों अभ्यर्थी और उनके परिवार प्रभावित होते हैं। लेकिन सरकार और व्यवस्था के खिलाफ धरना, प्रदर्शन और गुस्सा प्रकट करने वाले कभी पेपर खरीदने वालों के खिलाफ कोई प्रदर्शन या आंदोलन नहीं करते। उसूलन,पेपर खरीदने वाले भी पेपर बेचने वालों जितने बराबर के दोषी हैं। गलत तरीके से परीक्षा पास करने की चाहत रखने वाले चंद भ्रष्ट अभ्यर्थियों और अभिभावकों के कारण परिश्रमी अभ्यर्थियों के सपने चकनाचूर होते हैं। ऐसे में आंदोलन, प्रदर्शन के साथ सख्त कानूनी कार्रवाई पेपर खरीदने वालों के खिलाफ भी होनी चाहिए।

जब समाज में नैतिकता का स्तर ऊंचा होगा तो गलत काम करने वाले निरूत्साहित होंगे। लेकिन जब समाज स्वयं अनैतिक कृत्यों में शामिल होगा या उसका भागीदार बनेगा तो सख्त से सख्त कानून और फूलप्रूफ व्यवस्था के भी नाकाम होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। नीट यूजी मामले में समाज के चंद भ्रष्ट लोगों ने लाखों में पेपर खरीदा। लेकिन पेपर लीक होने का असर 22 लाख अभ्यर्थियों पर पड़ा। मतलब, समाज की चंद गंदी मछलियों का भुगतान पूरे तालाब की मछलियों को उठाना पड़ा। ऐसे में चंद गंदी मछलियों की खिलाफत भी जरूरी है।

नीट पेपर लीक केस में लगातार अपडेट सामने आ रहे हैं। देश के सात राज्यों में लीक हुए इस पेपर को जयपुर के जमवारामगढ़ के मांगीलाल और दिनेश ने 26 अप्रैल को ही 30 लाख में खरीदा था। इन दोनों भाइयों ने सीकर में तैयारी कर रहे अपने बेटे को यह पेपर दिया। उसके बाद दोनों भाई सीकर पहुंचे और वहां 29 अप्रैल कई लोगों को सीकर में बेचा। इस परिवार से पिछले साल ही चार बच्चे नीट में चयनित हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, माफियाओं ने छात्रों को 5 से 50 लाख रुपये में पेपर बेचा था। सुरक्षा के नाम पर दलालों ने छात्रों के ब्लेंक चेक और ओरिजनल मार्कशीट गिरवी रख ली थी। भुगतान को लेकर दलालों और परिजनों में विवाद भी हुआ। अब समाज की इस मनोवृत्ति और कृत्य को क्या संज्ञा दी जाए?

21 जून को नीट री-एग्जाम के दौरान बिहार के लखीसराय में सॉल्वर गैंग के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। वहीं गुलाबी नगरी जयपुर में री-एग्जाम के दौरान एक छात्रा मोबाइल से नकल करते हुए पकड़ी गई। छात्रा ने मोबाइल को अंडरगारमेंट्स में छिपाकर परीक्षा परीक्षा केंद्र में पहुंचाया था। राजस्थान एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने एक अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया था। उसके पिता ने 45 लाख में पेपर खरीदा था। राजस्थान में प्राध्यापक 2022 की परीक्षा में मेरिट में 20वां स्थान हासिल करने वाली शिक्षिका ने 25 लाख रुपये में नकल माफिया से पेपर खरीदा था। ये किसी एक प्रदेश की समस्या नहीं है, कमोबेश देशभर में ऐसे प्रकरण सामने आ चुके हैं।

असल में, पेपर लीक करने वालों को कानून के छिद्रों की जानकारी है। दो चार दिन के हो हल्ले और मीडिया में खबरें तैरने के बाद मामला शांत हो जाता है। थोड़ा वक्त बीतने के बाद आम लोगों को यह पता ही नहीं चलता कि कब आरोपी कानून के शिकंजे से आजाद हो चुके हैं। सार्वजनिक परीक्षाओं में नकल और धांधली रोकने के लिए केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 लागू किया है। कानून के मुताबिक, प्रश्न पत्र या उत्तर कुंजी लीक करना और अनधिकृत रूप से प्राप्त करना (खरीदना), दोनों ही गंभीर अपराध माने गए हैं।

पेपर बेचने और खरीदने वाले दोनों एक ही समाज का हिस्सा हैं। पेपर बेचना अपराध है तो पेपर खरीदना भी अपराध है। ऐसे में पेपर खरीदने वालों पर कानून की गंभीर धाराओं में केस दर्ज होना चाहिए। पेपर खरीदने के दोषियों को आजीवन किसी भी परीक्षा में बैठने से वंचित किया जाना चाहिए। पेपर बेचने और खरीदने वालों की तस्वीरें सार्वजनिक स्थानों पर लगाई जानी चाहिए, जिससे समाज अपने आस पास की गंदी और भ्रष्ट मछलियों का पहचान सकें, जिनकी वजह से सारा तालाब गंदाता है।

असल में, परीक्षा की शुचिता भंग करने और पेपर खरीदने वालों के साथ कानून और समाज दोनों को नरमी नहीं बरतनी चाहिए। नीट मामले में अपराधी भले कोई भी हो उसे ऐसी सजा मिलनी चाहिए जो आने वाले वर्षों तक किसी को भी ऐसा करने से पहले सौ बार सोचने पर मजबूर कर दे। क्योंकि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को नहीं है। सरकार और परीक्षा एजेंसी को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अगली बार कोई छात्र परीक्षा देकर बाहर निकले तो उसके चेहरे की मुस्कान किसी पेपर लीक की खबर से न छीनी जाए।

-लेखक-स्वतंत्र पत्रकार

## विदेश


### विदेश मंत्री जयशंकर ने मंगोलिया के वरिष्ठ अधिकारी से की मुलाकात

**उलानबातर :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को मंगोलिया के मुख्य कैबिनेट सचिव बट्टुमुर एनखबयार से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा की, जिसमें खनन, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और मानव संसाधन जैसे नए क्षेत्र शामिल हैं। जयशंकर दो देशों की यात्रा के पहले चरण में मंगोलिया में हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज शाम मंगोलिया के मंत्री और मुख्य कैबिनेट सचिव बट्टुमुर एनखबयार से मिलकर खुशी हुई। हमने खनन, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और मानव संसाधन जैसे क्षेत्रों में नए अवसरों सहित हमारे आपसी सहयोग पर चर्चा की। बैठक में एनखबयार ने कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने में जयशंकर की मंगोलिया यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है। एनखबयार ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हम सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा अनुप्रयोगों और डिजिटल गवर्नेंस के विकास की दिशा में भारत के साथ सहयोग बढ़ाने में रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा, मंगोलिया और भारत के बीच सहयोग के तहत कई क्षेत्रों में असरदार परियोजना और कार्यक्रम लागू किए जा रहे हैं। इनमें से एक है भारत सरकार के सहयोग से चल रही तेल रिफाइनरी परियोजना।

### होर्मुज़ जलडमरूमध्य के ज़रिए फंसे हुए 11,000 नाविकों को निकालने की योजना पर काम जारी : संरा

**दुबई :** संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने मंगलवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते फंसे हुए 11,000 नाविकों को निकालने की योजना पर काम चल रहा है। इंटरनेशनल मैरीटाइम ऑर्गनाइजेशन (आईएमओ) ने इस योजना की घोषणा की। इसके महासचिव आर्सेनियो डोमिंग्वेज ने एक बयान में कहा, यह व्यापक अभियान ईरान, ओमान, इस इलाके के सभी दूसरे तटीय देशों, अमेरिका और समुद्री उद्योग के साथ मिलकर चलाया जाएगा। उन्होंने कहा, हमने जरूरी सुरक्षा गारंटी हासिल कर ली है और इन अभियान का समर्थन करने के लिए सुरक्षित नौवहन की शर्तों की अच्छी तरह से पुष्टि कर ली है। आईएमओ की घोषणा में ओमान की ओर से यह निर्देश भी शामिल था कि जहाज उस जलडमरूमध्य से कैसे गुजर सकते हैं। यह फारस की खाड़ी का वह संकरा मुहाना है, जहां से युद्ध से पहले दुनिया के कुल तेल और प्राकृतिक गैस के व्यापार का पांचवां हिस्सा गुजरता था।

## वर्ग पहेली नं. 3478



*बायें से दायें:-* 1) भूमिगृह; *बेसमैंट,* 3) औलाद, 7) संदेह, 9) प्रलय, 10) टिकिया; फाँक, 12) आरोग्यलाभ; वित्तीय सहायता; सुकून, 14) स्त्री, 15) ठेका; चैन, 16) बीच में, 18) उपद्रव, 20) भाषांतर, 22) उत्साही, 25) हिलोर; जलतरंग, 27) जलन, 28) पार्वती, 29) उपयोग, 30) शिष्य, 32) छोटा जलाशय, 33) एक मुसलमानी त्योहार.

*ऊपर से नीचे:-* 1) चटकना, 2) बरबादी, 4) ऊर्जा, 5) ताज़ा, 6) चप्पू, 8) तीक्ष्ण; प्रबल, 11) ओर, 13) किसी भी क़ीमत पर, 15) पैर, 16) सभा, 17) अस्थमा, 19) आदरपूर्वक, 21) भारत में एक प्रमुख शहर, 23) पैतृक, 24) खुले-आम; प्रकट, 26) धावा, 31) आदि; आरंभिक; जड़.
*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | चा | न | क | | स | लू | क | | द |
| गु | | स | म | स्त | र | | त | बा | ही |
| आ | स | | र | | दा | य | रा | | |
| | ह | | बं | द | र | | ना | का | म |
| | म | द | द | | | औ | | व्य | य |
| ख़ा | त | रा | | अ | द | र | क | | क |
| म | | र | त | ना | र | | म | हे | श |
| द | फ़ा | | | वृ | | फ़ | रा | र | |
| म | श | क | | त | स्क | र | | ना | गा |

Mob. No. 08329510310

## सुडोकू-पहेली-3437

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 8 | 6 | | 1 | | | |
| | | 9 | 3 | 5 | 2 | | | |
| | | | | | | 6 | 3 | 7 |
| | | | | 2 | 3 | | | |
| | 9 | | 8 | | | 1 | 7 | 3 |
| | 3 | 7 | | | 5 | | 8 | |
| 4 | | | 9 | 1 | | 2 | | 8 |
| 2 | 7 | | | 6 | | | | 4 |
| 9 | | | | 3 | 4 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3436 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 1 | 8 | 3 | 9 | 2 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 4 | 5 | 7 | 1 | 3 | 8 |
| 8 | 5 | 3 | 1 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 7 | 8 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 1 | 8 | 4 | 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 3 | 7 | 9 | 1 | 4 | 8 | 6 | 2 |
| 9 | 7 | 5 | 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 | 3 | 8 | 7 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 7 | 6 | 5 | 9 | 4 |

# जितनी चाहें रैलियां कर लें, लेकिन सत्ता में वापसी नहीं होगी : शुभेंदु अधिकारी

## मुख्यमंत्री ने विधानसभा में बगैर नाम लिए ममता पर साधा निशाना

**कोलकाता, समाज्ञा**

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को विपक्षी तृणमूल कांग्रेस पर चुटकी लेते हुए कहा कि वे रोज रैलियां कर सकते हैं, लेकिन राज्य में सत्ता में वापसी नहीं होगी। राज्य विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि सरकार विपक्ष के कार्यक्रमों में किसी तरह की बाधा नहीं डालेगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए शुभेंदु अधिकारी ने हाल में उनके राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए मांगी गई अनुमति और राज्य प्रशासन द्वारा तय किए गए स्थानों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि तृणमूल प्रमुख ने रानी राश्मोनी एवेन्यू में धरना प्रदर्शन की अनुमति मांगी थी और पुलिस ने उनसे (मुख्यमंत्री से) इस संबंध में निर्देश मांगे थे। उन्होंने कहा, कि मैंने उनसे (पुलिस से) कहा कि उन्हें वाई-चैनल पर अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि आप रोज जितनी चाहें रैलियां करें, जितने दिन चाहें धरना दें। मैं 2011 में बदलाव के समय सड़कों पर था और 2026 में भी सड़क पर रहा हूं। मैं जानता हूं कि आप वापसी नहीं कर पाएंगे, अब वह मौका नहीं रहा। शुभेंदु अधिकारी ने यह भी कहा कि तृणमूल कांग्रेस शासन के दौरान विपक्ष के रूप में उनके राजनीतिक कार्यक्रमों में अक्सर बाधाएं डाली गईं और उन्हें रैलियों व बैठकों की अनुमति के लिए अदालत का रुख करना पड़ा। उन्होंने कहा कि उस दौरान उन्हें विधानसभा से कई बार निलंबित किया गया और उनके खिलाफ 102 मामले दर्ज किए गए।



### 'ममता सरकार ने व्यापार सम्मेलन के लिए फिक्की को 324 करोड़ रुपये से अधिक दिए'

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को ममता बनर्जी नीत पूर्ववर्ती सरकार पर आरोप लगाया कि उसने एक व्यापार सम्मेलन आयोजित करने के लिए भारतीय वाणिज्य और उद्योग महासंघ (फिक्की) को 324 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया। अधिकारी ने यह भी संकेत दिया कि यह भुगतान तय नियमों का उल्लंघन करके किया गया था। मुख्यमंत्री ने अपने आरोपों के समर्थन में सरकारी फाइल दिखाई। उन्होंने विपक्ष से कहा कि क्या आप देखना चाहते हैं कि आपके नेता ने क्या किया है? आप बीजीबीएस (बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट) की इतनी तारीफ करते हैं। फिक्की को 324.73 करोड़ रुपये दिये गए थे। अधिकारी ने कहा कि बीजीबीएस का आयोजन सरकार ने किया था। पूर्व वित्त मंत्री, आपके पूर्व मुख्यमंत्री ने फिक्की को 324.73 करोड़ रुपये दिए। यह पैसा कैसे दिया गया? शुभेंदु अधिकारी ने पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हस्ताक्षर वाले दस्तावेज भी दिखाये और दावा किया कि जिन गड़बड़ियों का आरोप है, वह असल में बहुत बड़े मामले का महज एक छोटा सा हिस्सा भर है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने एक साल के लिए फिक्की को सीधे 324.73 करोड़ रुपये अंतरित किये थे, और उन्होंने भुगतान के तरीके पर सवाल उठाए। हालांकि, उन्होंने उस साल का जिक्र नहीं किया जब यह कथित भुगतान किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि खर्च की जांच की जाएगी और चेतावनी दी कि अगर गड़बड़ी पाई गई तो कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। अधिकारी ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी, तो वित्तीय हेराफेरी की जांच करने वाली एजेंसियों को यह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। हालांकि, उन्होंने उस कार्यक्रम प्रबंधन कंपनी का नाम नहीं बताया जिसे कथित तौर पर पैसे मिले थे।

उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान सरकार के दौरान विपक्षी नेताओं को प्रशासनिक बैठकों में आमंत्रित किया जाता है और राज्य में अभी भी काफी काम बाकी है, जिसे सभी पक्षों को साथ लेकर पूरा किया जाएगा।

## भ्रष्टाचार पर शुभेंदु सरकार का बड़ा वार, संपत्ति जब्ती के साथ नीलामी भी होगी

### भ्रष्टाचार के खिलाफ नया कड़ा कानून लाएगी सरकार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने विधानसभा में मंगलवार को भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराते हुए बड़ा ऐलान किया। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान बोलते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा विधानसभा सत्र के अंतिम दिन सरकार एक नया कड़ा कानून लाने जा रही है, जिसके तहत भ्रष्टाचार में दोषी पाए जाने वालों को सिर्फ जेल नहीं होगी, बल्कि उनकी अवैध संपत्ति जब्त कर उसे नीलाम भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब भ्रष्टाचार के मामलों में पुराने ढर्रे पर कार्रवाई नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कई लोग सोच रहे हैं कि दो महीने जेल में रहकर कानूनी लड़ाई लड़ेंगे और फिर बाहर आ जाएंगे। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इस बार, भ्रष्टाचारियों की संपत्ति जब्त होगी और उसकी नीलामी की जाएगी।

### 'अभिषेक के आलीशान मकानों में रखेंगे गरीबो को'

मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए तृणमूल कांग्रेस के सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि कोलकाता के आलीशान इलाकों और बड़े-बड़े महलों को भी जरूरत पड़ने पर गरीबों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हरीश चटर्जी और हरीश मुखर्जी रोड सहित आमतला के आलीशान भवनों में फ्लाइओवर के नीचे रहने वाले लोगों को बसाया जाएगा।

### सरकारी नौकरियों में अब यूपीएससी जैसी पारदर्शिता

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अब राज्य सरकार की नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी। पूर्ववर्ती तृणमूल सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक व्यक्ति को भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। शुभेंदु ने कहा कि राज्य में अब सरकारी नियुक्तियां संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की तर्ज पर होंगी। योग्यता और पारदर्शिता ही एकमात्र आधार होगा।

### खनन राजस्व घोटाले का आरोप, कहा... 'दुबई भेजा जाता था रुपये'

शुभेंदु ने पूर्ववर्ती सरकार पर बीरभूम जिले के पत्थर खदानों से होने वाली आय में भारी भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि पहले सरकार को सालाना लगभग 1,200 करोड़ रुपये का राजस्व मिलना चाहिए था, लेकिन सिर्फ 100 करोड़ सरकारी खाते में आते थे। बाकी रकम अवैध रूप से बाहर भेजी जाती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले 1200 करोड़ के राजस्व में से केवल 100 करोड़ सरकार को मिलता था, बाकी 1,100 करोड़ कैमक स्ट्रीट से होकर दुबई चला जाता था।

### तृणमूल नेताओं को नहीं मिलेगी राहत

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि पूर्व सरकार से जुड़े उन नेताओं को किसी भी हालत में राहत नहीं दी जाएगी, जिन्होंने भ्रष्टाचार किया और जनता का पैसा लूटा है। उन्होंने कहा कि जहांगीर खान, शौकत मोल्ला और शाहजहां शेख जैसे तृणमूल नेताओं के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। इन्हें कोई नहीं बचा सकता। अपने भाषण में उन्होंने हाल में गिरफ्तार विधाननगर से पूर्व तृणमूल विधायक सब्यसाची दत्ता का भी जिक्र किया और दावा किया कि उनके खिलाफ चल रही जांच में अब तक छह किलो सोना और डेढ़ किलो चांदी जब्त की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सारा सोना वर्ष 2021 के बाद खरीदा गया था। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि किसी भी भ्रष्टाचारी को छोड़ा नहीं जाएगा। कोई चोर नहीं बचेगा। चोर, माफिया व भ्रष्टाचारी की जगह जेल में होगी। हर भ्रष्टाचार का हिसाब होगा।

## आरजी कर मामले में होगा न्याय, यह सुनते ही विधानसभा में फूट-फूटकर रो पड़ीं अभया की मां



मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को विधानसभा में आरजी कर मामले में न्याय दिलाने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री के मुंह से यह सुनते ही विधानसभा में मौजूद अभया की मां फूट-फूटकर रो पड़ीं। पास में बैठी एक महिला विधायक ने उन्हें संभाला। विधानसभा में अपने पहले जवाबी भाषण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आरजी कर मामले में न्याय होगा। अभया को न्याय दिलाने के लिए हमने तीन आईपीएस अधिकारियों को निलंबित किया है। संदीप घोष जैसे लोगों को हटाया गया है और बाकी सभी पहलुओं को भी साफ किया जाएगा। तमन्ना की मां को भी न्याय मिलेगा।

**Change of Name**

I, Shakera Quadri, wife of Quaisar Ali Quadri and mother of Fatema Quadri, residing at 26B, Beck bagan Row, Kolkata-700017, do hereby solemnly affirm and declare that Shakra Quadri and Shakera Quadri is one and same identical person via affidavit no 40234 before the Ld 1st Class Judicial Magistrate at Alipore dated 27th April 2026.

**PUBLIC NOTICE**

I, Ayushi Jaiswal, wife of Tushar Jaiswal, formerly known as Ayushi Gupta and also known as Ayushi Tushar Jaiswal, hereby declare that I have changed my name to Ayushi Jaiswal vide affidavite no-1665 dated-19/06/2026 sworn before the 1st class megistrate at metropolitan court for all future purpose Henceforth, I shall be known as Ayushi Jaiswal for all future purposes.

**Change of Name**

I, Quaisar Ali Quadri, son of Mubarak Hussain and father of Fatema Quadri, residing at 26B, Beck bagan Row, Kolkata-700017, do hereby solemnly affirm and declare that Quaisar Quadri and Quaisar Ali Quadri is one and same identical person via affidavit no 40236 before the Ld 1st Class Judicial Magistrate at Alipore dated 27th April 2026.

## विधायक कुणाल घोष और स्पीकर के बीच विधानसभा में तीखी बहस

❑ **कुणाल घोष के भाषण पर सदन में हंगामा, कहा- दुष्कर्मी को बना रखा है विपक्ष का नेता**

**कोलकताा :** बंगाल विधानसभा में मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान दिन का सबसे चर्चित घटनाक्रम रहा तृणमूल कांग्रेस के विधायक कुणाल घोष और विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) रथींद्र बोस के बीच तीखी बहस। कुणाल घोष जब तीखे अंदाज में बोल रहे थे, तब स्पीकर ने उन्हें रोकते हुए कहा कि वह नियमों के खिलाफ और अप्रासंगिक बातें कर रहे हैं। इस पर कुणाल घोष ने पलटवार करते हुए कहा कि आप स्पीकर की कुर्सी पर बैठकर मुझसे इस तरह बात नहीं कर सकते। याद रखिए, आप भी पहली बार ही स्पीकर बने हैं। अगर आप मुझसे ऐसे बात करेंगे, तो क्या मैं आपको रसगुल्ला खिलाऊं?

उनके इस बयान के बाद सदन में भारी शोरगुल शुरू हो गया और माहौल अचानक बेहद गर्म हो गया। स्पीकर से बहस के बीच ही कुणाल घोष ने अपना मुख्य निशाना विधानसभा में विपक्ष के नेता व तृणमूल के बागी गुट के नेता ऋतब्रत बनर्जी को बनाया। घोष ने आरोप लगाया कि एक दुष्कर्मी को विपक्ष का नेता बनाया गया है। कुणाल ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी खेमे में ऐसे लोग मौजूद हैं जिनके खिलाफ करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या उन मामलों की जांच अब सही तरीके से आगे बढ़ेगी या नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वह जनता के मुद्दे उठाना चाहते हैं तो उन्हें बार-बार रोका जाता है, लेकिन बैकडोर से आए, रीढ़विहीन विपक्ष के नेता जब बोलते हैं तो पूरा सदन मेज थपथपाकर उनका समर्थन करता है।



❑ **फिरहाद हकीम भी आए निशाने पर**

अपने भाषण के दौरान कुणाल घोष ने बिना नाम लिए पूर्व शहरी विकास मंत्री व कोलकाता के पूर्व मेयर फिरहाद हकीम पर भी हमला बोला। उन्होंने संकेतों में भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के मुद्दे उठाए। पूरे घटनाक्रम के बाद विधानसभा का माहौल ऐसा बन गया कि राज्यपाल के अभिभाषण पर होने वाली चर्चा लगभग पीछे छूट गई और पूरा ध्यान तृणमूल कांग्रेस के अंदरूनी संघर्ष पर केंद्रित हो गया।

## विधानसभा में अभूतपूर्व घटना : पीएसी अध्यक्ष पद के लिए पहली बार होगा गुप्त मतदान

❑ **5 जुलाई को होगा चुनाव, टीएमसी के बागी और वफादार गुटों में सीधी टक्कर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा के इतिहास में पहली बार एक अभूतपूर्व स्थिति पैदा हो गई है, जहां लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष पद का फैसला सर्वसम्मति के बजाय गुप्त मतदान के जरिए होगा। राज्य विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल तृणमूल कांग्रेस के भीतर मची आंतरिक कलह के कारण अब 'असली' तृणमूल की पहचान का फैसला मतपेटियों से होगा। मंगलवार को विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, पीएसी और तीन अन्य महत्वपूर्ण समितियों के अध्यक्ष पद के लिए आगामी पांच जुलाई को चुनाव कराए जाएंगे। विधायी नियमों के अनुसार, इन महत्वपूर्ण संसदीय समितियों की कमान पारंपरिक रूप से विपक्ष के हाथों में ही रहती है। विधायक 30 जून तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। इस मतदान में केवल विपक्षी दलों यानी कांग्रेस, माकपा, आईएसएफ और दोनों तृणमूल गुटों के कुल 87 विधायक ही हिस्सा लेंगे। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि बागी ऋतब्रत गुट का पलड़ा भारी है और वे फिरहाद हकीम को पीएसी चेयरमैन बनाने की तैयारी में हैं, जबकि ममता गुट ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

### बिधाननगर पुलिस ने टीएमसी के तीन बैंक खातों की पांच वर्षों की लेनदेन की मांगी जानकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले की साइबर पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के तीन बैंक खातों की विस्तृत जांच शुरू की है। पुलिस के निर्देश पर हाल ही में इन खातों पर डेबिट फ्रीज लगा दिया गया था। बिधाननगर साइबर क्राइम थाने में चल रही जांच से जुड़े सूत्रों ने बताया कि अधिकारी पिछले पांच साल में इन खातों से हुए लेन-देन की बारीकी से जांच कर रहे हैं। जांच का फोकस इस बात पर है कि पैसा कहां से आ रहा था और इन खातों से पैसा कहां भेजा गया। जांचकर्ता इन खातों से जुड़े दूसरे पहलुओं की भी जांच कर रहे हैं, जैसे कि ये खाते कब खोले गए, किसके नाम पर रजिस्टर किए गए और इतने सालो तक इन्हें किन लोगों (अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं) ने ऑपरेट किया। लेन-देन के रिकॉर्ड का बारीकी से विश्लेषण किया जा रहा है क्योंकि आरोप है कि जबरन वसूली और गैर-कानूनी कमीशन से मिला पैसा इन खातों में जमा किया गया था। जांचकर्ता इस दावे की भी जांच कर रहे हैं कि ऐसी गतिविधियों से मिले पैसे को बाद में दूसरे गैर-कानूनी कामों के लिए इन खातों से निकाला गया।

## टीएमसी ने मदन मित्रा को मुख्य सचेतक बनाने का किया अनुरोध, स्पीकर का इनकार

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर संगठनात्मक और विधायी लड़ाई के गहराने के साथ ममता बनर्जी के खेमे ने विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक के पद से फिरहाद हकीम को हटाने और उनकी जगह मदन मित्रा को नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा है। ममता बनर्जी खेमे के सूत्रों के अनुसार, सोमवार की रात लगभग 10:45 बजे विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बोस को एक आधिकारिक ईमेल भेजा गया। इसमें उन्हें सूचित किया गया कि फिरहाद हकीम को अब तृणमूल का मुख्य सचेतक नहीं माना जाना चाहिए और अनुरोध किया गया कि इसके बजाय कमरहट्टी के विधायक मदन मित्रा को इस भूमिका के लिए मान्यता दी जाए। सूत्रों ने बताया कि मंगलवार की सुबह विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले तृणमूल के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष के पद के लिए पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार सोवनदेब चट्टोपाध्याय अध्यक्ष के कार्यालय गए और पिछली रात भेजे गए संदेश की छाया प्रति सौंपी। हालांकि, अध्यक्ष कार्यालय ने अनुरोध पर कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। उन्होंने विपक्षी दल के भीतर विभाजन से उत्पन्न चल रहे कानूनी और प्रक्रियात्मक विवादों का हवाला दिया। ममता बनर्जी खेमे के सूत्रों ने कहा कि उन्होंने अध्यक्ष के सामने तर्क दिया कि भले ही विधायी दल के नेतृत्व से संबंधित मामला न्यायिक जांच के दायरे में है, लेकिन मुख्य सचेतक के पद को लेकर कोई विशेष कानूनी विवाद नहीं है। विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय की ओर से इस पर कोई तत्काल टिप्पणी नहीं आई।



## भवानीपुर चुनाव नतीजा : हाई कोर्ट ने सीसीटीवी, ईवीएम, वीवीपैट सुरक्षित रखने का दिया आदेश

❑ **'मेरा भाई भाजपा प्रवक्ता है', सुनवाई से पहले जज गौरांग कांत ने कहा**

❑ **ममता के वकील ने जज पर जताया भरोसा, कहा... 'कोई आपत्ति नहीं'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश गौरांग कांत ने भवानीपुर विधानसभा सीट के चुनाव नतीजों को चुनौती देने वाली तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी के वकील से मंगलवार को कहा कि उनके (न्यायाधीश के) बड़े भाई भाजपा के प्रवक्ता हैं और वह इस बात की पूरी जानकारी देने के बाद ही मामले की सुनवाई करेंगे। ममता बनर्जी की याचिका पर शुरुआती सुनवाई के बाद, न्यायमूर्ति गौरांग कांत ने आदेश दिया कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों के मतदान कक्ष, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट मशीनों के चार मई के सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखा जाए। जैसे ही मामले की सुनवाई शुरू हुई न्यायाधीश ने ममता बनर्जी की ओर से पेश वकील कल्याण बनर्जी से कहा कि वह यह बिल्कुल साफ कर देना चाहते हैं कि उनके बड़े भाई भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। उन्होंने कहा कि यह (उनके भाई का भाजपा प्रवक्ता होना) याचिकाकर्ता के लिए चिंता की बात हो सकती है और वह 'पूरी जानकारी देने के बाद ही सुनवाई करेंगे, ताकि 'आपको बाद में कोई दिक्कत' न हो। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं लोकसभा सदस्य कल्याण बनर्जी ने अदालत से कहा कि उन्हें न्यायाधीश पर पूरा 'भरोसा' है और उनके प्रति सम्मान भी। वकील ने कहा कि एक न्यायाधीश के तौर पर आपके प्रति मेरा भरोसा और सम्मान किसी अन्य बात पर निर्भर नहीं करता है। अधिवक्ता ने कहा कि न्यायमूर्ति कांत उच्च न्यायालय के सज्जन और विद्वान न्यायाधीशों में से एक हैं और उनका माननाहै कि उनके (न्यायमूर्ति कांत के) लिए कोई भी मायने नहीं रखता, भले वह रिश्तेदार हो या नहीं। कल्याण बनर्जी की दलीलों पर उच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह भवानीपुर के सखावत मेमोरियल स्कूल में बने मतगणना केंद्रों के चार मई के सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखे; जिसमें मतदान कक्ष के अंदर और बाहर का फुटेज भी शामिल है। न्यायमूर्ति कांत ने भवानीपुर के सभी मतदान बूथों पर इस्तेमाल की गईं ईवीएम और इस क्षेत्र में इस्तेमाल की गईं सभी वीवीपैट मशीनों को भी सुरक्षित रखने का आदेश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि अदालत की अनुमति के बिना सीसीटीवी फुटेज, ईवीएम और वीवीपैट से न तो छेड़छाड़ किया जाएगा, न ही उन्हें कहीं और भेजा, खोला या किसी भी तरह से इस्तेमाल किया जाएगा। अदालत ने निर्देश दिया कि संबंधित सभी मतदान केंद्रों पर इस्तेमाल की गईं ईवीएम को याचिका का अंतिम निपटारा होने तक ज़िला निर्वाचन अधिकारी की अभिरक्षा में रखा जाएगा। अदालत ने याचिका में प्रतिवादियों के वकील को निर्देश दिया कि वे चार हफ़्ते के भीतर विरोध में अपने हलफ़नामे दाखिल करें और उसके बाद चार हफ़्ते के भीतर याचिकाकर्ता जवाबी हलफ़नामी दाखिल करें। अदालत ने कहा कि इस मामले पर 12 हफ़्ते बाद फिर से सुनवाई होगी।



**सियालदह मंडल में आठ स्थानों पर कम्प्यूटरीकृत आरक्षण काउंटरों को स्थायी रूप से बंद करने की सूचना**

8 स्थानों पर निम्नलिखित पीआरएस काउंटर **दिनांक 30.06.2026 तक** कार्य करेंगे और **दिनांक 01.07.2026 से** बंद कर दिए जाएंगे: **(i) आगरपाड़ा, (ii) टीटागढ़, (iii) जगद्दल, (iv) बिराटी, (v) अशोक नगर रोड, (vi) मछलन्दपुर, (vii) ढाकुरिया और (viii) न्यू अलीपुर।**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/34, दिनांक: 22.06.2026,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **तालिका-क: क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **(1) 20265026;** एसी 3 फेज मोटर कोच के लिए 1300 केवीए सिंगल फेज ईएमयू ट्रांसफॉर्मर; रु. 1,89,040; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 17.07.2026, 13.30 बजे **(2) 20265017;** मोटर के साथ ईएलजीआई कम्प्रेसर मॉडल आरआर 15070; रु. 1,10,850; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 15.07.2026, 13.30 बजे; **(3) 10262468;** विंड स्क्रीन वाइपर असेंबली; रु. 9,64,330; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 13.07.2026, 13.30 बजे; **(4) 10265007;** डब्ल्यूएपी-4 के लिए ट्रांसफॉर्मर मेन 5400 केवीए का क्रय आदि; रु. 2,44,830; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 07.07.2026, 13.30 बजे; **(5) 11251044ए;** 20 टी एक्सल बोगियों के लिए पैकिंग रिंग का क्रय आदि.; रु. 2,73,880; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 08.07.2026, 13.30 बजे; **(6) 08261615;** 6वी, 120 एएच क्षमता की वीआरएलए बैटरी का क्रय आदि; रु. 20,00,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 31.07.2026, 13.30 बजे; **(7) 08261025;** हिटाची ट्रैक्शन आर्मेचर का टेफ्लॉन रिंग; रु. 1,06,670; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 06.07.2026, 13.30 बजे; **(8) 10262283;** पी7/जी9 लोको के लिए सेकंडरी स्प्रिंग; रु. 1,40,380; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 15.07.2026, 13.30 बजे; **(9) 10262143;** मॉडिफाइड काउ कैचर; रु. 1,02,490; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 30.07.2026, 13.30 बजे; **(10) 10262562;** प्राइमरी सस्पेंशन स्प्रिंग; रु. 1,13,060; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 20.07.2026, 13.30 बजे; **(11) 08261114;** ट्रैक्शन मोटर टाइप 253 के लिए कार्बन ब्रश का क्रय आदि.; रु. 3,91,620; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 17.07.2026, 13.30 बजे; **(12) 20263123;** एलईडी फिटिंग टाइप-एस, 18 वाट; रु. 1,47,240; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 16.07.2026, 13.30 बजे; **(13) 20261082;** ईएमयू कोचों के शाकू कपलर के लिए योक; रु. 3,48,740; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 08.07.2026, 13.30 बजे; **(14) 20265019;** 25 केवी एसी ईएमयू के लिए मेन सिलिकॉन रेक्टिफायर; रु. 3,65,800; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 14.07.2026, 13.30 बजे; **(15) 20261085;** ईएमयू कोचों के शाकू कपलर के लिए फॉर्क आई (सब-असेंबली); रु. 2,46,090; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 08.07.2026, 13.30 बजे;**(16) 20261079;** ईएमयू कोचों के शाकू कपलर के लिए रबर स्प्रिंग प्लेट; रु. 5,14,220; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 09.07.2026, 13.30 बजे; **(17) 10262391;** पी7 लोको के लिए एक्सल डैंपर;₹रु. 2,06,650; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 10.07.2026, 13.30 बजे; **(18) 22261371;** इंज. इंसुलिन डेग्लुडेक 70% (आर-डीएनए-ओरिजिन) + इंसुलिन एस्पार्ट 30% (आर-डीएनए-ओरिजिन) 100 यूनिट/मिली - 3 मिली कार्ट्रिज। (प्रति 20 कार्ट्रिज के साथ एक पेन और 20 नीडल मुफ़्त) (आइटम कोड एम150403) स्पेसिफिकेशन आइटम कोड एम150403 के अनुसार; रु. 1,21,980; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 16.07.2026, 13.30 बजे; **(19) 11252639बी;** सैनरोक हेतु इलेक्ट्रॉनिक वॉइस मैसेज साउंडर का क्रय आदि; रु. 1,03,490; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 14.07.2026, 13.30 बजे; **(20) 11262649;** वीईएसडीए कॉम्पैक्ट लेजर डिटेक्टर आदि के इंटरनल फिल्टर कार्ट्रिज का क्रय;रु. 1,44,680; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 09.07.2026, 13.30 बजे; **(21) 21261382;** नकल आदि;रु. 20,00,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 10.07.2026, 13.30 बजे; **(22) 21261389;** योक पिन आदि; रु. 1,45,130; **(23) 21261383;** लॉक आदि;रु. 7,51,020; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 15.07.2026 (क्रम सं. 22 एवं 23 हेतु), 13.30 बजे; **(24) 08261052;** 30 लीटर क्षमता के वाटर बॉयलर का क्रय आदि; रु. 1,13,730; **(25) 11251096;** आउटर डोर असेंबली (एल.एच. एवं आर.एच.); रु. 2,25,460; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 13.07.2026 (क्रम सं. 24 एवं 25 हेतु), 13.30 बजे; **(26) 22261252;** इंज. ह्यूमन इम्यूनोग्लोबुलिन 5 ग्रा. न्यूनतम 100 मिली (आइटम कोड एम230805) स्पेसि.: आइटम कोड एम230805; रु. 1,45,310; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 20.07.2026, 13.30 बजे; **(27) 11261549;** टॉप फ्लैंज आदि; रु. 2,76,280; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 13.07.2026, 13.30 बजे;**(28) 21261507;** शैंक बेयर प्लेट; रु. 1,34,170; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 10.07.2026, 13.30 बजे; **(29) 21261522;** अपग्रेडेड हाई कैपासिटी ड्राफ्ट गियर आदि; रु. 8,90,950; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 15.07.2026, 13.30 बजे; **(30) 1226-एचवीएन_6938_39;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-6938 और 6939 के समरूप कॉम्बिनेशन हाई विस्कस इंसुलेटिंग लाइनर (एचवीएन-66) के क्रय के लिए चालू ठेका;रु. 4,87,750; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 10.07.2026, 13.30 बजे; **(31) 12261049;** आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. टी-8747 के अनुसार चौड़े पीएससी स्लीपर के साथ इस्तेमाल के लिए कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट (सीजीआरएसपी) 10 मिमी मोटाई का निर्माण एवं आपूर्ति; रु. 20,00,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 23.06.2026, 13.30 बजे; **(32) 22261612;** टैब/कैप ओसिमर्टिनैब 80 मिग्रा.;रु. 4,17,830; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 26.06.2026, 13.30 बजे; **निविदा मूल्य :** रु.0 क्रम सं.1 से 32 प्रत्येक हेतु।

**तालिका-ख: निविदा सं.52266499; विवरण: एआर-एच टाइप टाइट लॉक सीबीसी... का संपूर्ण सेट; निविदा की अंतिम तिथि:** 13.07.2026; **अनुमानित निविदा मूल्य (रु.):** 90,19,778.40, **टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं व अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण हेतु, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट देखें।

STORES-20/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे ई-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2026/25** **दिनांक: 22.06.2026**

**"ई" प्रोक्योरमेंट प्रणाली के लिए निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय कार्यालय (5वीं मंजिल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डेन रीच रोड, कोलकाता-700043 के द्वारा खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जो वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निम्नानुसार अपलोड कर दी गई हैं। सभी निविदाएँ 14.00 बजे बंद की जाएंगी।

| क्रम सं. | निविदा सं. | अंतिम तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बयाना राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 60260004ए | 15/07/26 | पीएससी स्लीपर आदि पर फिश प्लेटेड जॉइंट/इंसुलेटेड ग्लूड जॉइंट के लिए ज्यादा टो लोड के साथ इलास्टिक रेल क्लिप (ईआरसी) जे क्लिप | 600000 अदद | 1416000/- |
| 2 | 81251804ए | 08/07/26 | औद्योगिक उपयोग के लिए लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस | 362139 केजी | 702340/- |
| 3 | 75263628 | 16/07/26 | एसी कोचों आदि के लिए विनाइल कोटेड अपहोल्टरी फैब्रिक (कृत्रिम लेदर) | 44045 मीटर | 278410/- |
| 4 | 75263049 | 09/07/26 | रोल में फ्लेक्सिबल पॉली विनाइल क्लोराइड (पीवीसी) फ्लोरिंग शीट आदि | 920 अदद | 854420/- |
| 5 | 45263190 | 13/07/26 | 120 एएच क्षमता की वाल्व रेगुलेटेड लेड एसिड बैटरी की आपूर्ति आदि | 742 सेट | 2000000/- |
| 6 | आईजी265736 | 15/07/26 | लो मेंटेनेंस लेड एसिड स्टेशनरी सेकेंडी सेल 2वी 300 एएच आदि | 650 अदद | 115070/- |
| 7 | 5626आरजीसी_आरईएल एवाई_क्यूटीए2 | 20/07/26 | रिले क्यूटीए2 आदि की आपूर्ति के लिए रनिंग कॉन्ट्रैक्ट/मूल्य अनुबंध | 6000 अदद | 424100/- |
| 8 | 80263042 | 20/07/26 | ऑयल हाइड्रॉलिक, आईएस :10522/1983,जीआर. वीजी-68 | 106680 लीटर | 181450/- |
| 9 | जीईएम/2026/बी/7669245 | 13/07/26 | रोज़ाना की अंदरूनी गतिविधियों, देखरेख सेवा आदि की आउटसोर्सिंग | 02 वर्ष | 461919/- |
| 10 | 50263018 | 17/07/26 | सभी एक्सेसरीज़ के साथ संपूर्ण 2 एमबी प्रोग्रामेबल प्राइमरी डिजिटल ड्रॉप इंसर्ट मल्टीप्लेक्सर की आपूर्ति | 32 सेट | 123920/- |
| 11 | 80261861 | 31/08/26 | मेन ट्रांसफॉर्मर आदि के लिए इनहिबिटेड मिनरल इंसुलेटिंग ऑयल | 304710 लीटर | 545800/- |
| 12 | आईजी265279ए | 20/07/26 | एबीएसएस के तहत सांतरागाछी रेलवे स्टेशन के लिए फर्नीचर की खरीद | निविदा के अनुसार | 431110/- |
| 13 | 80263034 | 02/09/26 | 18 केजी पैक में शेल जीएडीयूएस एस5 वी 42 पी 2.5 ग्रीस आदि | 14436 केजी | 653910/- |
| 14 | 38263994 | 11/07/26 | एस्कॉर्ट्स डिजाइन बीएमबीएस आदि के लिए रोप अरेंजमेंट सेट | 1330 अदद | 211210/- |
| 15 | 38263337 | 16/07/26 | अप-ग्रेडेड एचटीसीबीसी आदि के लिए नकल | 36000 अदद | 2000000/- |
| 16 | 38264080ए | 23/07/26 | एस्कॉर्ट्स डिजाइन बीएमबीएस आदि के लिए कैसनब बोगी का पीओएच किट | 3180 सेट | 250100/- |
| 17 | 33263536 | 12/08/26 | एयर स्प्रिंग आदि के लिए बोगी फ्रेम असेंबली | 24 अदद | 161430/- |
| 18 | 33263013 | 05/08/26 | बॉल जॉइंट रोल लिंक आदि | 9200 अदद | 303540/- |
| 19 | 30263613 | 03/08/26 | फीड पाइप आदि के लिए होज कपलिंग | 20300 अदद | 746450/- |
| 20 | जीएसडी-केजीपी-अनलोड-लोड 26-28बी | 20/07/26 | उप सीएमएम/जीएसडी/केजीपी के अंतर्गत जनरल स्टोर्स डिपो/केजीपी में 09 डिपो में 02 वर्षों के लिए रेलवे सामग्री की लोडिंग-अनलोडिंग और स्टैकिंग | 24000 एमटी | 114100/- |
| 21 | 43263026 | 14/07/26 | मॉडल नंबर जेडआर 61 केसीई, टीएफडी 522 आदि के समरूप स्क्रॉल कंप्रेसर | 798 अदद | 725570/- |
| 22 | 25251249बी | 07/07/26 | एयर ब्रेक के लिए ओ/एच रबर किट का सेट | 1003 सेट | 112320/- |
| 23 | 29260026 | 08/07/26 | एफएस ऑल स्टील लॉक नट | 34111 अदद | 146520/- |
| 24 | 25261251 | 13/07/26 | लोको मेन ट्रांसफॉर्मर के लिए ऑयल कूलर रेडिएटर | 55 अदद | 453810/- |
| 25 | 16265001 | 27/07/26 | सीसीबी-II आईआर आदि के सभी एलआरयू के लिए ओवरहॉल किट | 10 सेट | 175350/- |
| 26 | 29263151 | 29/07/26 | एक्सल बॉक्स बेयरिंग का सेट | 178 सेट | 344770/- |
| 27 | 29255133 | 03/08/26 | लैबिरिंथ और बेयरिंग कैप आदि का सेट | 200 सेट | 171720/- |
| 28 | 29263243 | 03/08/26 | ज़िरकोनियम कॉपर का इस्तेमाल करके संपूर्ण रोटर | 16 अदद | 213350/- |
| 29 | 25261308 | 08/08/26 | कॉन्टैक्ट्स (सिल्वर टिप) का सेट | 532 सेट | 234170/- |
| 30 | 25263565 | 17/08/26 | 1500 एम्पियर आदि के लिए कॉन्टैक्ट सेगमेंट | 585 अदद | 208770/- |
| 31 | 29263192ए | 20/08/26 | ऑयल कूलिंग यूनिट के लिए इम्पेलर | 443 अदद | 479840/- |
| 32 | 11263436 | 24/08/26 | मॉडिफाइड ट्रांजिशन स्क्रू कपलिंग के लिए क्लेविस | 318 अदद | 114340/- |
| 33 | 29263086 | 26/08/26 | स्विचेस 6ए-250 वी का सेट | 650 सेट | 338770/- |
| 34 | 29263154 | 27/08/26 | पैंटोग्राफ के लिए स्प्रिंगलोडेड स्विचों का सेट | 1035 सेट | 394010/- |
| 35 | 29263297 | 01/09/26 | एमवीबी आधारित ग्राफिकल ड्राइवर डिस्प्ले यूनिट | 104 अदद | 397620/- |
| 36 | 29263300 | 07/09/26 | मेटलिक पाइप आदि का सेट | 40 अदद | 107620/- |

इच्छुक निविदाकार निविदाओं के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **द्रष्टव्य:** प्रत्याशित बोलीदाता सभी अन्य निविदाओं और तत्पश्चात प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र में भाग लेने के लिए, **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। **(PR-370)**

# ममता खेमे का बागी गुट से पहले पदाधिकारियों की सूची चुनाव आयोग को सौंपने का दावा

कोलकाता, समाज्ञा

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर नियंत्रण को लेकर जारी लड़ाई मंगलवार को और तेज हो गई, जब पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खेमे ने दावा किया कि उसने दो दिन पहले ही नयी राष्ट्रीय कार्यसमिति का गठन कर लिया था और बागी गुट द्वारा ममता बनर्जी को पार्टी अध्यक्ष पद से हटाकर समानांतर नेतृत्व की घोषणा किए जाने से कुछ घंटे पहले ही इसकी जानकारी निर्वाचन आयोग को भेज दी थी। ममता बनर्जी के प्रति नष्ठा रखने वाले नेताओं के अनुसार, पार्टी की नेतृत्व संरचना और 24 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यसमिति को शनिवार को अंतिम रूप दिया गया था और इसकी सूची सोमवार की दोपहर निर्वाचन आयोग को सौंपी गई। यह कदम विपक्ष के नेता बनर्जी के नेतृत्व वाले असंतुष्ट गुट के कोलकाता में विशेष अधिवेशन आयोजित करने से पहले उठाया गया। ममता खेमे के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि जब बागी गुट अपनी राष्ट्रीय कार्यसमिति के गठन की तैयारी कर रहा था, तब तक ममता बनर्जी पार्टी अध्यक्ष के रूप में संगठनात्मक ढांचे को अंतिम रूप देकर उसकी सूची निर्वाचन आयोग को भेज चुकी थीं। सूत्रों के अनुसार, निर्वाचन आयोग को भेजी गई सूची में ममता बनर्जी को पार्टी अध्यक्ष, सुब्रत बक्शी को उपाध्यक्ष, अभिषेक बनर्जी को राष्ट्रीय महासचिव, डेरेक ओ'ब्रायन और डोला सेन को संयुक्त सचिव तथा शुभाशीष चक्रवर्ती को कोषाध्यक्ष बताया गया है। ममता खेमे के सूत्रों ने बताया कि निर्वाचन आयोग को भेजी गई नयी समिति की



संरचना पहले की संगठनात्मक व्यवस्था से अलग है और इसमें असंतुष्ट गुट से जुड़े कई नेताओं को शामिल नहीं किया गया है। नई समिति से अरूप विश्वास और फिरहाद हकीम का नाम हटाया गया है, वहीं राज्यसभा सदस्य नदीमुल हक को इसमें रखा गया है।

## ममता कालीघाट स्थित आवास पर रोजाना लगाएंगी 'जनता दरबार'

### ❑ अभिषेक भी पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से करेंगे संवाद

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अब रोज कालीघाट स्थित अपने आवास पर दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक 'जनता दरबार' लगाकर पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम लोगों से सीधे संवाद करेंगी। पार्टी कार्यालय में भी जनता दरबार आयोजित होगा, जहां सांसद व उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा, तृणमूल में लगातार हो रही टूट के बीच ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने संगठन को बचाने के लिए नई रणनीति बनाई है। पार्टी ने फैसला किया है कि शीर्ष नेतृत्व को छोड़कर बाकी संगठनात्मक समितियों में नेताओं की नियुक्ति जल्दबाजी में नहीं की जाएगी, ताकि उन्हें राजनीतिक निशाना बनने से बचाया जा सके। साथ ही, संगठन को जमीनी स्तर पर फिर से मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। ममता समर्थक खेमे का दावा है कि नेताओं को दो तरीकों से दल छोड़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है। पहला, डर दिखाकर और दूसरा, धन का प्रलोभन देकर। हालांकि, फिलहाल पार्टी ने अदालत या चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाने के बजाय संगठन को मजबूत करने की रणनीति अपनाई है। साथ ही, यह भी तय किया गया है कि भविष्य में आइपैक जैसी चुनावी रणनीतिकार संस्थाओं पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहा जाएगा।

## अभिषेक बनर्जी ने आंखों के इलाज के लिए हाई कोर्ट से विदेश यात्रा की मांगी अनुमति

कोलकाता, समाज्ञा : तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव व डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी ने विदेश यात्रा की अनुमति के लिए मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया। इस याचिका पर सप्ताह के अंत तक सुनवाई होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, अभिषेक बनर्जी आंखों के इलाज के लिए विदेश जाना चाहते हैं। उन्होंने इस संबंध में अदालत से सात दिनों की अनुमति मांगी है। जानकारी के मुताबिक, फिलहाल उनके विदेश जाने पर कोई प्रत्यक्ष कानूनी रोक नहीं है। हालांकि, उनका नाम कई लंबित मामलों में शामिल है और अदालत ने उन्हें उन मामलों की जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया हुआ है। इसी वजह से उन्होंने विदेश यात्रा के लिए अदालत की अनुमति मांगी है।

### डीजे टिप्पणी मामले में सीआईडी को अभिषेक की आवाज का नमूना लेने की मिली अनुमति

डीजे बजाने संबंधी टिप्पणी को लेकर दर्ज मामले में तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी की आवाज का नमूना लेने की अनुमति सीआईडी को मिल गई है। मंगलवार को सीआईडी ने जांच के हित में बिधाननगर अदालत में आवेदन दायर किया, जिसे मजिस्ट्रेट ने मंजूर कर लिया। अदालत ने 30 जून को आवाज का नमूना रिकॉर्ड करने की तिथि तय की है। आदेश के अनुसार, उस दिन अभिषेक बनर्जी को बिधाननगर अदालत में उपस्थित होकर अपनी आवाज का नमूना देना होगा। बता दें कि इस मामले में इससे पहले सीआईडी मुख्यालय में अभिषेक बनर्जी से लगभग पूरे दिन पूछताछ की जा चुकी है।

## बागियों पर ममता का एक्शन, अरूप, फिरहाद समेत आठ नेता निष्कासित

**विधानसभा चुनाव के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शुरू हुआ सियासी घटनाक्रम थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले विधानसभा में विधायकों की बगावत, फिर कुछ राज्यसभा सांसदों का इस्तीफा, इसके बाद लोकसभा सांसदों के गुट का रूठना सभी के सामने हैं। वहीं, बीते दिन खुद को असली टीएमसी बताने वाले ऋतब्रत बनर्जी के गुट की तरफ से पार्टी की संस्थापक ममता बनर्जी से अध्यक्ष पद से हटाना और पार्टी में दूसरे पद के नेता अभिषेक बनर्जी का निलंबन की भी खबर सामने आई। अब मंगलवार को खुद ममता बनर्जी ने बागियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अरूप रॉय, फिरहाद हकीम समेत आठ लोगों को पार्टी निष्कासित कर दिया है। तृणमूल कांग्रेस से निकाले गए नेताओं में जावेद अहमद खान, फिरहाद हकीम, अरूप रॉय, रथीन घोष, बिप्लब मित्रा, सबीना यास्मीन, अरूप बिस्वास और स्नेहाशीष चक्रवर्ती शामिल हैं। इससे पहले टीएमसी ने इन सभी नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। इसके कुछ घंटों बाद इन नेताओं को पार्टी से निकाल दिया गया। इसके तहत उन पर जानबूझकर पार्टी-विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया।**

## कुमारटुली घाट का बदलेगा स्वरूप, 10 करोड़ रुपये की परियोजना से विकसित होगा विश्वस्तरीय रिवरफ्रंट

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर कोलकाता के ऐतिहासिक कुमारटुली घाट रिवरफ्रंट को नया स्वरूप देने की दिशा में श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट (एसएमपी), कोलकाता और अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने महत्वपूर्ण पहल की है। इस परियोजना के लिए दोनों संस्थाओं के बीच 11 जुलाई 2025 को एसएमपीए की सीएसआर योजना के तहत एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। अब इस महत्वाकांक्षी परियोजना का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसे दुर्गापूजा 2026 से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। करीब 10 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के तहत कुमारटुली घाट से चंपातला घाट तक लगभग 300 मीटर लंबे नदी तट क्षेत्र का व्यापक पुनर्विकास किया जा रहा है। योजना में ऐतिहासिक घाटों, मंदिरों और धार्मिक स्थलों का संरक्षण,



नदी तट की सुरक्षा को मजबूत करना, आधुनिक पैदल मार्गों का निर्माण तथा श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करना शामिल है।

इसके अलावा कारीगरों के लिए समर्पित क्षेत्र, सांस्कृतिक आयोजनों के लिए मंच, नौकायन सुविधाएं, फूड कोर्ट, स्मारिका स्टॉल, सामुदायिक शौचालय और दर्शकों के लिए व्यूइंग डेक भी बनाए जाएंगे। घाट और कुमारटुली क्षेत्र को आकर्षक बनाने के लिए आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा निगरानी प्रणाली तथा प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

एसएमपी कोलकाता के अध्यक्ष रथेंद्र रमन ने कहा कि कुमारटुली कोलकाता की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल बुनियादी ढांचे के विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि बंगाल की कला, संस्कृति और विरासत को नई पहचान देने का प्रयास है।

## सुप्रीम कोर्ट ने राशन सूची से नाम हटाने के मामले में याचिकाकर्ता को कलकत्ता हाई कोर्ट जाने को कहा

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक याचिकाकर्ता से कहा कि वह राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जिन लोगों के नाम हटाए गए हैं, उनके नाम राशन सूची से भी हटाए जाने के आरोप से जुड़े अपने मामले को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख करे। यह मामला न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष पेश किया गया और इसे तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया गया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि एसआईआर के दौरान जिन लोगों के नाम हटाए गए हैं, उन्हें राशन सूची से भी हटाया जा रहा है, जिससे बड़ी समस्या पैदा हो रही है। बड़ी संख्या में लाभार्थियों के बाहर होने का खतरा है। इस पर,



न्यायमूर्ति नागरत्ना ने सवाल किया कि याचिकाकर्ता ने कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख क्यों नहीं किया। पीठ ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय काम कर रहा है, वहां जाइए। वकील ने तर्क दिया कि एसआईआर प्रक्रिया को शीर्ष अदालत ने बरकरार रखा है। इस पर, पीठ ने टिप्पणी की कि राशन कार्ड से जुड़े मामले में कार्रवाई का एक अलग आधार है। पीठ ने कहा कि कृपया इसे उच्च न्यायालय में ले जाइए।

## जेएम फाइनेंशियल म्यूचुअल फंड ने जेएम मल्टी एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च किया

**कोलकाता :** जेएम फाइनेंशियल एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने जेएम मल्टी एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड स्कीम है जो इक्विटी और इक्विटी से जुड़े इंस्ट्रूमेंट्स, डेट और मनी मार्केट सिक्योरिटीज, गोल्ड/सिल्वर से जुड़े इंस्ट्रूमेंट्स और अन्य एक्सचेंज ट्रेडेड कमोडिटी डेरिवेटिव्स में निवेश करती है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) सब्सक्रिप्शन के लिए 24 जून, 2026 से 8 जुलाई, 2026 तक खुला रहेगा। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, जेएम फाइनेंशियल एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर - इक्विटी, सतीश रामनाथन ने कहा, हम जेएम मल्टी एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च करने को लेकर उत्साहित हैं, जो इक्विटी, डेट और कमोडिटीज में निवेश के लिए एक स्ट्रक्चर्ड, एक्टिव रूप से मैनेज किए जाने वाले अप्रोच को अपनाता है।

## राज्य के कई हिस्सों में गरज के साथ भारी बारिश, यातायात प्रभावित



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता और दक्षिण बंगाल के कई जिलों में मंगलवार की दोपहर गरज के साथ तेज बारिश हुई। इस दौरान कई जगहों पर पेड़ उखड़ गए, यातायात बाधित हुआ और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दोपहर में घने बादल छाने के साथ करीब 2 बजे कोलकाता में बारिश की शुरुआत हुई जिससे उमस भरी गर्मी से राहत मिली, लेकिन कई इलाकों में व्यापक व्यवधान भी पैदा हो गया। शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया, जबकि तेज हवाओं के कारण एस्प्लेनेड इलाके और कलकत्ता उच्च न्यायालय के पास कई जगहों पर पेड़ उखड़ने से सड़कों पर यातायात जाम लग गया। अधिकारियों ने बताया कि डफरिन रोड पर मूर्ति का एक अस्थायी ढांचा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि उच्च न्यायालय परिसर में खड़ी कुछ गाड़ियों पर एक पेड़ गिर गया। कुछ जगहों पर बिजली के तार पर भी पेड़ गिर गए। नगर निगम के कर्मचारी प्रभावित इलाकों में पहुंचे और यातायात बहाल करने के लिए गिरे हुए पेड़ों को हटाने का काम शुरू किया।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित



**कोलकाता, समाज्ञा :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर एन.एस. रोड एवं कैनिंग स्ट्रीट चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भोला प्रसाद सोनकर एवं कुशल पांडेय ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर डॉ. मुखर्जी को शत्-शत् नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान, त्याग और राष्ट्रवादी विचारों को स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## पूर्व रेलवे को सूरी गुड्स शेड से मिला नया माल परिवहन कारोबार, 19.67 लाख रुपये का राजस्व अर्जित

कोलकाता, समाज्ञा

पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने माल ढुलाई के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए सूरी रेलवे गुड्स शेड से नए माल परिवहन कारोबार की शुरुआत की है। इस पहल के तहत खाद्य तेल और उबले चावल जैसी आवश्यक वस्तुओं की रेल मार्ग से ढुलाई कर मंडल ने 19.67 लाख रुपये का मालभाड़ा राजस्व अर्जित किया है। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के नेतृत्व में शुरू की गई इस व्यावसायिक पहल को क्षेत्रीय व्यापार और रेल माल परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

आसनसोल मंडल के डीआरएम संग्राह मौर्य ने बताया कि सूरी से कुल 21 बीसीएन वैगनों को सफलतापूर्वक लोड कर अजारा के लिए रवाना किया गया। इनमें 11 वैगनों में खाद्य तेल तथा 10 वैगनों में उबले चावल लदे थे। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि माल ढुलाई में रेलवे की हिस्सेदारी बढ़ाने, ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने तथा आर्थिक विकास को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण है। माल परिवहन से प्राप्त राजस्व का उपयोग यात्री सुविधाओं के विकास में किया जाएगा। इससे स्टेशनों के आधुनिकीकरण, प्लेटफार्मों की स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था में सुधार और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। साथ ही खाद्य सामग्री और तेल जैसे भारी माल को रेल मार्ग से भेजे जाने से सड़कों पर भारी वाहनों का दबाव कम होगा, जिससे यातायात सुगम और सुरक्षित बनेगा।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि सूरी गुड्स शेड से नए माल परिवहन अवसरों का लाभ उठाकर रेलवे स्थानीय व्यवसायों के लिए एक भरोसेमंद परिवहन तंत्र विकसित कर रहा है। उन्होंने कहा कि 'नई सोच, नई रफ्तार' के लक्ष्य के साथ पूर्व रेलवे व्यावसायिक समृद्धि और जनसुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

## जोमैटो के साथ द येलो स्ट्रॉ की 2.4 गुना वृद्धि, कोलकाता के हेल्थ ब्रांड ने रचा नया मुकाम

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेल्थ फूड और जूस ब्रांड द येलो स्ट्रॉ ने जोमैटो प्लेटफॉर्म के साथ जुड़ने के बाद सालाना ऑर्डर वॉल्यूम में करीब 2.4 गुना वृद्धि दर्ज की है। वर्ष 2017 में जोमैटो से जुड़ने वाला यह ब्रांड ताजे जूस, हेल्थ-केंद्रित भोजन और पारदर्शी फूड तैयारी के लिए जाना जाता है। संस्थापक विक्रम खिनवासरा ने कहा, हमने द येलो स्ट्रॉ की शुरुआत ग्राहकों को भरोसे और पारदर्शिता के साथ स्वस्थ भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की थी। जोमैटो की सेवाओं से हमें ग्राहकों तक पहुंच बढ़ाने में मदद मिली। वहीं, जोमैटो के सीईओ आदित्य मंगल ने कहा कि ब्रांड का ग्राहक अनुभव पर फोकस उसे अलग पहचान देता है। वर्ष 2014 में विक्रम खिनवासरा और पीयूष कंकारिया द्वारा शुरू किए गए इस ब्रांड ने ग्राहकों को प्रक्रिया दिखाने के लिए फ्रेश कोल्ड-प्रेस्ड जूसर की पहल की थी। ब्रांड ने नियमित ब्रेड और रैप की जगह होल-व्हीट विकल्प अपनाकर अपनी हेल्थ-फर्स्ट पहचान मजबूत की।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रक्तदान महायज्ञ का आयोजन, 49 लोगों ने किया रक्तदान



**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर टैगोर कैसल टेनेंट एंड रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने लायंस क्लब ऑफ कोलकाता मंगलम के तत्वावधान से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह संस्था का 21वां रक्तदान शिविर था। पिछले 20 वर्षों से जनसेवा कार्यों में सक्रिय यह संस्था रक्त की जरूरत को देखते हुए लगातार रक्तदान शिविर आयोजित करती आ रही है। संस्था के प्रधान सचिव पवन कनोडिया ने बताया कि अपने भाई के लिए रक्त की आवश्यकता पड़ने के बाद उन्हें रक्तदान के महत्व का एहसास हुआ और तभी से उन्होंने इस सेवा कार्य को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। योग दिवस और भारी बारिश के बावजूद 49 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर शिविर को सफल बनाया। संस्था के अध्यक्ष सुरेश दामनी ने सभी रक्तदाताओं को बधाई दी। इस कार्यक्रम में विशिष्ट समाजसेवी पूर्णिमा कोठारी, जयंती गुप्ता, वार्ड नंबर 24 के पूर्व पार्षद मृणाल साहा उपस्थित रहे। इसके अलावा, विशिष्ट सदस्य एवं समाजसेवी सनी गुप्ता, अजय कुमार अग्रवाल, अरुण सिंह, राजेश चचारिया, बृजमोहन चांडक, संजीव तिवारी, जयकिशन सदानी, राजू लठ और आदित्य माहेश्वरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) 2026 में रूबी पार्क पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



सुचिता दास | दिव्याश्री मजूमदार | याचिता अग्रवाल | पवित्रा लखोटिया 83.537 प्रतिशत | कोइशोर घोष 90.779 प्रतिशत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) 2026 के परिणाम घोषित होने के बाद रूबी पार्क पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर शानदार परिणाम हासिल किए हैं।

इस वर्ष विद्यालय की छात्रा सुचिता दास ने 98.677 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। उन्होंने विषयवार प्रदर्शन में भी शानदार उपलब्धि दर्ज की। सुचिता ने भौतिकी में 99.29 प्रतिशत, जीवविज्ञान में 99.34 प्रतिशत और रसायन विज्ञान में 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

उनके बाद दिव्याश्री मजूमदार ने 92.302 प्रतिशत और याचिता अग्रवाल ने 91.449 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के चार अन्य विद्यार्थियों ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता दर्ज की।

विभिन्न विषयों में भी छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। अंग्रेजी, जीवविज्ञान और भौतिकी में विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किए, जबकि गणित, रसायन विज्ञान, जनरल एप्टीट्यूड टेस्ट, अर्थशास्त्र और अकाउंटेंसी जैसे विषयों में 91 प्रतिशत से अधिक अंक दर्ज किए गए।

विद्यालय की प्रधानाचार्या मौसमी महापात्रा ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ये उत्कृष्ट परिणाम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे और यह साबित करते हैं कि निरंतर प्रयास और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता से सफलता हासिल की जा सकती है।

## 4 जुलाई से शुरू होगी अमेजन प्राइम डे 2026, बंगाल में और तेज पहुंचेंगे ऑर्डर

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन का प्राइम डे 2026 का 10वां संस्करण 4 जुलाई की मध्यरात्रि से 6 जुलाई रात 11:59 बजे तक आयोजित किया जाएगा। 72 घंटे तक चलने वाले इस विशेष सेल कार्यक्रम में प्राइम सदस्यों को आकर्षक ऑफर, नई




उत्पाद लॉन्चिंग और मनोरंजन सुविधाएं मिलेंगी। एसबीआई और एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड व ईएमआई लेनदेन पर ग्राहकों को 10 प्रतिशत तक की अतिरिक्त बचत का लाभ मिलेगा, जबकि अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड धारकों को 5 प्रतिशत असीमित कैशबैक मिलेगा। पश्चिम बंगाल के 70 हजार से अधिक विक्रेता अमेजन प्लेटफॉर्म के माध्यम से देशभर के ग्राहकों तक पहुंच बना रहे हैं। राज्य में परिचालन और फुलफिलमेंट नेटवर्क के विस्तार से डिलीवरी सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। कोलकाता में सेम-डे और नेक्स्ट-डे डिलीवरी में 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे ग्राहकों को तेज और बेहतर सेवा मिल रही है।

## कोलकाता में उच्च शिक्षा का घटता आकर्षण, जिलों के कॉलेज बने पहली पसंद

**❑ जिलों के कॉलेजों ने दाखिले में कोलकाता को पछाड़ा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** क्या उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कोलकाता का आकर्षण कम हो रहा है? उच्च शिक्षा विभाग के आंकड़े इस ओर इशारा कर रहे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार, राज्य के कॉलेजों में स्नातक स्तर पर दाखिले के मामले में इस बार जिलों और उपनगरीय क्षेत्रों के कॉलेज कोलकाता से आगे निकल गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल गत 19 मई से खुला है। राज्य के 400 से अधिक कॉलेजों में दाखिले के लिए तीन लाख से ज्यादा विद्यार्थियों ने आवेदन किया। आंकड़े बताते हैं कि कोलकाता के कॉलेजों की तुलना में जिलों और शहर के बाहरी क्षेत्रों के कालेजों में अधिक छात्रों ने प्रवेश लिया है। इतना ही नहीं, दाखिले के आधार पर तैयार शीर्ष 15 कॉलेजों की सूची में कोलकाता का एक भी कॉलेज स्थान नहीं बना पाया है। अपग्रेड राउंड शुरू होने से पहले दाखिले के मामले में उत्तर 24 परगना का गोबरडांगा हिंदू कॉलेज पहले स्थान पर है। बारासात राज्य विश्वविद्यालय से संबद्ध इस कॉलेज में लगभग 2,800 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। दूसरे स्थान पर कल्याणी विश्वविद्यालय से संबद्ध मुर्शिदाबाद का बहरमपुर कॉलेज है, जहां करीब 2,700 छात्रों ने दाखिला लिया। तीसरे स्थान पर कलकत्ता विश्वविद्यालय से संबद्ध हावड़ा जिले का उलूबेरिया कॉलेज है, जहां लगभग 2,500 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। कोलकाता के कॉलेजों में कुल स्वीकृत सीटों की संख्या करीब 93 हजार है, जबकि अब तक केवल 33 हजार सीटों पर ही दाखिला हुआ है।

## जेराई फिटनेस लिमिटेड ने लास्ट वन स्टैंडिंग किया लॉन्च

कोलकाता, समाज्ञा : जेराई फिटनेस लिमिटेड ने रीबॉक के सहयोग से भारत की पहली राष्ट्रीय स्तर की स्ट्रेंथ और एंड्योरेंस चैंपियनशिप 'लास्ट वन स्टैंडिंग' शुरू करने की घोषणा की है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य फिटनेस प्रेमियों, एथलीटों और अपनी क्षमता को चुनौती देने वाले लोगों को एक मंच उपलब्ध कराना है। इस एक दिवसीय चैंपियनशिप का पहला संस्करण 13 दिसंबर 2026 को मुंबई में आयोजित होगा। इसके लिए पंजीकरण शुरू हो चुके हैं और पहले संस्करण में 500 प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा। प्रतियोगिता में स्क्वाट्स, बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट, पुल-अप्स, जायंट बैट रन और एयर बाइक जैसी छह स्पर्धाएं होंगी, जिनके जरिए प्रतिभागियों की ताकत, सहनशक्ति और मानसिक दृढ़ता की परीक्षा होगी।

## गंगासागर में 'खेत बचाओ अभियान' और केसीसी सैचुरेशन ड्राइव के तहत जागरूकता शिविर आयोजित

**गंगासागर :** सुंदरबन क्षेत्र के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और कृषि ऋण सुविधाओं से जोड़ने के उद्देश्य से गंगासागर के चित्री महल में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पश्चिम बंगाल ग्रामीण बैंक तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य 'खेत बचाओ अभियान' और 'केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) सैचुरेशन ड्राइव' के प्रति किसानों को जागरूक करना था। एक जून से 30 जून तक चल रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत बैंक अधिकारियों ने सुंदरबन के दूरदराज क्षेत्रों से आए किसानों को कृषि ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया और उससे मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने, उत्पादकता बढ़ाने तथा सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसान आसानी से कृषि कार्यों के लिए ऋण प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और खेती-किसानी को बढ़ावा मिलेगा।

आयोजकों ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य सरकारी योजनाओं और बैंकिंग सुविधाओं को किसानों के द्वार तक पहुंचाना है, ताकि सुंदरबन क्षेत्र के किसान आत्मनिर्भर बन सकें और कृषि क्षेत्र में सतत विकास सुनिश्चित हो सके।

www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

# शुभेंदु अधिकारी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मृत्यु को 'साजिश के तहत की गई हत्या' करार दिया

**❑ मुख्यमंत्री समेत अन्य मंत्रियों एवं भाजपा अध्यक्ष ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि वह भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 1953 में जम्मू कश्मीर की जेल में हुई मृत्यु को 'साजिश के तहत की गई हत्या' मानते हैं। अधिकारी ने दावा किया कि डॉ. मुखर्जी का प्रसिद्ध नारा 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' ही उनकी असमय मृत्यु का कारण बना। मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर में बिना परमिट के प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किये जाने के बाद, श्रीनगर जेल में मुखर्जी की मृत्यु होना एक रहस्य बना हुआ है। मुखर्जी की पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में मुख्यमंत्री ने कहा कि हम उनकी मौत को साजिश के तहत की गई हत्या मानते हैं। अधिकारी ने कहा कि यह दिन देश सेवा का संकल्प लेने का है, जिसके लिए मुखर्जी ने अपने प्राण न्यौछावर किये थे। उन्होंने कहा कि अगस्त 1947 में पश्चिम बंगाल को भारत में शामिल कराकर हमारे लिए एक मातृभूमि बनाने का रास्ता दिखाने के लिए हम बंगाली पीढ़ियों तक उनके ऋणी रहेंगे। अधिकारी ने कहा कि मुखर्जी ने अप्रैल 1947 में तारकेश्वर में हुए हिंदू महासम्मेलन में एक प्रस्ताव पारित करवाया था, जिसमें अविभाजित बंगाल के पश्चिमी जिलों को भारत में ही बनाए रखने की बात कही गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार उनके आदर्शों को ध्यान में रखकर काम करेगी और उनके दिखाये रास्ते पर आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार छात्रों को पश्चिम बंगाल के गठन के इतिहास से अवगत कराएगी।

इससे पहले, शुभेंदु अधिकारी ने दक्षिण कोलकाता के केवड़ातला श्मशान घाट में, श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री के साथ वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता और उद्योग मंत्री तापस रॉय भी मौजूद थे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने भी यहां मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी।

## कांकुड़गाछी वीआईपी मार्केट में स्वच्छता अभियान, अग्निमित्रा पाल ने अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की नगर विकास एवं नगर प्रशासन मंत्री अग्निमित्रा पाल ने मंगलवार को कांकुड़गाछी वीआईपी मार्केट का दौरा कर बाजार की विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाजार परिसर में फैली अव्यवस्था और साफ-सफाई की स्थिति पर नाराजगी जाहिर की। मंत्री ने कोलकाता नगर निगम के अधिकारियों के साथ बाजार का निरीक्षण किया और पार्किंग व्यवस्था, कचरा निष्पादन, विज्ञापन प्रबंधन तथा अन्य प्रशासनिक मुद्दों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि दुकानदार निर्धारित सीमा से बाहर दुकान का विस्तार न करें। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग 50 वर्षों में बाजार का अपेक्षित विकास नहीं हुआ है और कई स्थानों पर दुकानों के सामने कचरा जमा देखा गया। मंत्री ने व्यापारियों से नियमित रूप से सफाई बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि नियमों का पालन नहीं करने पर नगर निगम की ओर से जुर्माना लगाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि अनियंत्रित पार्किंग और अवैध विज्ञापनों के कारण नगर निगम को राजस्व का नुकसान हो रहा है। निरीक्षण के दौरान मौजूद नगर निगम के संयुक्त आयुक्त को आवश्यक कदम उठाने और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि बाजारों में स्वच्छता, अनुशासन और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है, ताकि आम लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## गृह मंत्रालय ने हल्दिया बंदरगाह को आव्रजन चौकी किया घोषित



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** गृह मंत्रालय ने पूर्व मेदिनीपुर स्थित हल्दिया समुद्री बंदरगाह को आव्रजन चौकी घोषित किया है। सोमवार को जारी गजट अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। इसके साथ ही यह देश का 41वां ऐसा समुद्री बंदरगाह बन गया है, जहां आव्रजन संबंधी औपचारिकताएं पूरी की जा सकेंगी। गृह मंत्रालय ने यह आदेश आव्रजन एवं विदेशी नागरिक अधिनियम 2025(अधिनियम संख्या 13, 2025) की धारा 4 की उपधारा (1) के तहत प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी किया है।

## टिकियापाड़ा में रेलवे की जमीन पर चला बुलडोजर, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू



**हावड़ा, समाज्ञा :** टिकियापाड़ा बाइपास के किनारे मंगलवार को रेलवे की जमीन पर बने अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया। कार्रवाई के दौरान रेलवे अधिकारी बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंचे, जबकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस और केंद्रीय बल के जवानों को तैनात किया गया। जानकारी के अनुसार, रेलवे की उक्त भूमि पर लंबे समय से 100 से अधिक परिवार झुग्गियां बनाकर रह रहे थे। अतिक्रमित क्षेत्र के निकट दक्षिण पूर्व रेलवे की टिकियापाड़ा–हावड़ा रेल लाइन गुजरती है। हर वर्ष मानसून के दौरान रेल लाइन के किनारे स्थित नालियों की समुचित सफाई नहीं हो पाने के कारण ट्रैक पर जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। इससे ट्रेन परिचालन प्रभावित होने के साथ यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अभियान के दौरान क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल देखा गया, हालांकि बाद में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में हो गई।

## मेस्सी इवेंट मामला : हाई कोर्ट ने पूर्व खेल मंत्री की अंतरिम सुरक्षा बरकरार रखी



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने मंगलवार को उसी कोर्ट की सिंगल-जज बेंच के पिछले आदेश को बरकरार रखा, जिसमें राज्य के पूर्व खेल मंत्री अरूप बिस्वास को 17 अगस्त तक पुलिस की सख्त कार्रवाई से अंतरिम सुरक्षा दी गई थी। बता दें कि अरूप बिस्वास ने गिरफ्तारी समेत पुलिस की सख्त कार्रवाई से अंतरिम सुरक्षा पाने के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट के जस्टिस सौगत भट्टाचार्य की सिंगल-जज बेंच का दरवाजा खटखटाया था। 10 जून को जस्टिस भट्टाचार्य की बेंच ने बिस्वास को 17 अगस्त तक अंतरिम सुरक्षा देते हुए कहा था कि पुलिस कानून के मुताबिक जांच जारी रखेगी। इस बीच, अगर कोई नोटिस जारी किया जाता है, तो याचिकाकर्ता को जांच एजेंसी के सामने पेश होना होगा। इसके बाद, पिछले साल मेस्सी इवेंट के आयोजक शताद्रु दत्ता ने मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच का रुख करते हुए बिस्वास को अंतरिम सुरक्षा देने वाले सिंगल-जज वेकेशन बेंच के आदेश को चुनौती दी। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस तपोब्रत चक्रवर्ती और जस्टिस पार्थ सारथी सेन की डिवीजन बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के आखिर में डिवीजन बेंच ने बिस्वास को 17 अगस्त तक अंतरिम सुरक्षा देने वाले सिंगल-जज बेंच के पिछले आदेश को बरकरार रखने का फैसला किया।

सुनवाई के दौरान, दत्ता के वकील ने कोर्ट में कहा कि भले ही सिंगल-जज बेंच ने पहले बिस्वास को अंतरिम सुरक्षा दी थी, लेकिन उन पर लगे आरोप काफी गंभीर हैं और इसलिए अंतरिम सुरक्षा हटा दी जानी चाहिए। दत्ता के वकील ने यह भी दावा किया कि इस मामले में पुलिस भी सुस्त पड़ गई है और एफआईआर दर्ज होने के बाद जांच में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। अपने जवाब में बिस्वास के वकील ने सिंगल-जज बेंच के आदेश को चुनौती देने के लिए दत्ता के अधिकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि मामले में कोर्ट के एक खास आदेश के बाद, दत्ता को जांच की प्रगति पर सवाल उठाने का कोई हक नहीं था। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, जस्टिस चक्रवर्ती यह जानना चाहते थे कि क्या बिस्वास जांच में सहयोग कर रहे हैं और क्या वे जांच अधिकारी के सामने पेश हो रहे हैं? इसके जवाब में, राज्य के वकील ने कहा कि बिस्वास जांच में सहयोग कर रहे हैं। इसके बाद, डिवीजन बेंच ने कहा कि सिंगल-जज बेंच ने बिस्वास को 17 अगस्त तक जो सुरक्षा दी थी, वह फिलहाल बनी रहेगी। इस मामले की अगली सुनवाई 2 जुलाई को तय की गई है।

## हुगली में तृणमूल पार्षद के खिलाफ विरोध, घर का घेराव, अंडे भी फेंके गए



**हुगली :** जिले के डानकुनी नगरपालिका के 13 नंबर वार्ड में मंगलवार को उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई, जब स्थानीय लोगों ने तृणमूल कांग्रेस के पार्षद देवाशीष बनर्जी के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने पार्षद के घर का घेराव किया और उनके सिर पर अंडे फेंककर अपना आक्रोश जाहिर किया।

बताया जा रहा है कि किसी स्थानीय मुद्दे को लेकर लोगों में काफी नाराजगी थी, जिसके चलते यह विरोध प्रदर्शन उग्र हो गया। प्रदर्शनकारियों ने पार्षद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तुरंत समाधान की मांग की।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हालात को नियंत्रित करने के लिए थाना प्रभारी (आईसी) शांतनु सरकार के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए किसी भी अप्रिय घटना को टालने की कोशिश की।

वहीं, इस पूरे मामले पर भाजपा नेता गुंजन चक्रवर्ती ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सत्तारूढ़ दल पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करने का नतीजा ही इस तरह के विरोध के रूप में सामने आ रहा है।

फिलहाल इलाके में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है और स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

स्थिति को संभालने के दौरान डानकुनी थाना प्रभारी शांतनु सरकार ने प्रदर्शनकारियों को सख्त लहजे में चेतावनी दी। उन्होंने साफ कहा कि डानकुनी हमेशा से सभ्यता और शालीनता का परिचय देता आया है, और उसी परंपरा को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी तरह का बेवजह हंगामा या अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर किसी को कोई समस्या या शिकायत है, तो उसे संबंधित विभागों में दर्ज कराना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी शिकायतें नगर पालिका में दें और जरूरत पड़ने पर थाना को भी उसकी कॉपी भेजें। कहा कि अंडा फेंकना वाले पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है।

## भीषण सड़क हादसे में 2 की मौत, 30 घायल, 7 की हालत नाजुक



**हुगली :** हुगली में बर्दवान–तारकेश्वर राज्य मार्ग पर भीषण यात्री बस दुर्घटना हुई। एक निजी यात्री बस अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई, जिससे 2 लोगों की मौत हो गई और लगभग 30 लोग घायल हो गए। इनमें से करीब 7 लोगों की हालत गंभीर , खराब सड़क, राहत एवं बचाव कार्य में देरी का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों ने वाहनों को रोक कर किया विरोध प्रदर्शन। स्थानीय लोगों ने घायलों को बचाकर इलाज के लिए आरामबाग मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा।

यह घटना आरामबाग के आदमबाद इलाके में हुई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना की सूचना पुलिस को दिए जाने के बावजूद एंबुलेंस और पुलिस अधिकारियों को मौके पर पहुंचने में काफी देर हुई, जिसके कारण राहत एवं बचाव कार्य में भी देरी हुई। स्थानीय लोगों ने अपने प्रयास से घायलों को बाहर निकाला।

बाद में जब एंबुलेंस मौके पर पहुंची, तो स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सड़क अवरुद्ध कर व्यापक प्रदर्शन किया गया, जिसके चलते इस मार्ग पर लंबे समय तक वाहनों की आवाजाही बंद रही। बाद में पुलिस ने पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बर्दवान से आरामबाग के मुथाडांगा होते हुए तारकेश्वर या कोलकाता जाने वाला यह राज्य मार्ग पिछले लगभग 12 वर्षों से जर्जर हालत में है और इसका मरम्मत कार्य नहीं किया गया है। इसके कारण आए दिन इस तरह की दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क के मरम्मत कार्य को जल्द से जल्द शुरू किया जाए।

## नामखाना में ट्रॉलर की टक्कर से डूबी लॉन्च, सभी यात्री सुरक्षित बचाए गए

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता से एक कार्यक्रम समाप्त कर लौट रही एक लॉन्च दक्षिण 24 परगना के नामखाना में हादसे का शिकार हो गई। सोमवार की रात करीब 8 बजे हाथानिया–दोआनिया नदी में एक मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर की टक्कर से 'एम.वी. मां अंजता' नामक लॉन्च नदी में डूब गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि लॉन्च में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना नामखाना थाना क्षेत्र के खाटुआर घेरी घाट के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, नदी में चल रही लॉन्च को एक मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे लॉन्च का संतुलन बिगड़ गया और वह देखते ही देखते नदी में समा गई। हादसे के बाद लॉन्च में सवार यात्रियों के बीच कुछ समय के लिए अफरा–तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों और अन्य नौकाओं की मदद से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद प्रशासन ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर ट्रॉलर और लॉन्च के बीच टक्कर को हादसे की वजह माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दुर्घटना के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## बजट 2026 उद्योग, रोजगार और आर्थिक विकास को देगा नई गति : विनोद कुमार केडिया



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय बजट 2026 को लेकर उद्योग जगत से सकारात्मक प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। श्री बालाजी (माला) टेक्सटाइल्स लिमिटेड के विनोद कुमार केडिया ने बजट को उद्योग और व्यापार के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा, बजट 2026 उद्योग, रोजगार और आर्थिक विकास के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एक टेक्सटाइल ब्रांड के रूप में हमें उम्मीद है कि बजट में की गई पहलें विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देंगी और पश्चिम बंगाल में उद्योगों एवं कारोबार के विस्तार के लिए अनुकूल माहौल तैयार करेंगी।

## बगटुई नरसंहार मामले में सीबीआई ने चार साल से फरार रोहन शेख को किया गिरफ्तार

### सीबीआई ने आरोपी को कोलकाता के मिर्जा गालिब स्ट्रीट से दबोचा

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य के चर्चित बगटुई नरसंहार मामले में सीबीआई ने चार वर्षों से फरार चल रहे आरोपित रोहन शेख को मंगलवार को कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई के अनुसार, आरोपित लंबे समय से जांच और अदालत की प्रक्रिया से बचता फिर रहा था। बता दें कि 25 मार्च 2022 को, हाई कोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने यह मामला राज्य पुलिस से अपने हाथ में ले लिया था। जांच के बाद एजेंसी ने 2022 से 2024 के बीच 27 आरोपितों के खिलाफ एक आरोपपत्र और तीन पूरक आरोपपत्र दाखिल किए थे। इनमें रोहन शेख का नाम भी शामिल था, लेकिन वह कभी जांच में शामिल नहीं हुआ और फरार रहा। सीबीआई के अनुसार, लगातार फरार रहने के कारण रामपुरहाट की सक्षम अदालत ने पांच अप्रैल 2024 को उसे भगोड़ा अपराधी घोषित किया था।

मंगलवार को उसे कोलकाता के मिर्जा गालिब स्ट्रीट इलाके से गिरफ्तार किया गया। उसे बुधवार को पूर्व बर्दवान की सक्षम अदालत में पेश किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 21 मार्च 2022 को बीरभूम जिले के बगटुई गांव में तृणमूल कांग्रेस के एक स्थानीय नेता की हत्या के बाद भड़की हिंसा और आगजनी में कम से कम 10 लोगों की जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई थी।

## उत्तर हावड़ा में दो दिवसीय श्रीउत्सव संपन्न, महिलाओं की प्रतिभा और स्वावलंबन का दिखा संगम



**हावड़ा :** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में उत्तर हावड़ा तेरापंथ महिला मंडल द्वारा 20 और 21 जून 2026 को प्रज्ञा सभागार सोहनदीप (हावड़ा) में दो दिवसीय भव्य श्रीउत्सव प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत नमस्कार महामंत्र के मंगल संगान के साथ संरक्षिका सुमन बैद, मैना पटवारी, बीना भंसाली एवं परामर्शिका कंचन पारख, नीलम चौरडिया, मंजू कोठारी ने की। अध्यक्ष सुजाता दुगड़, मंत्री सरिता राखेचा एवं श्री उत्सव संयोजिका सरिता अंचलिया ने स्वयं जाकर कुछ दिनों पूर्व राज्य मंत्री एवं एमएलए उमेश राय एवं पूर्व पार्षद गीता राय को कार्यक्रम में आने का निमंत्रण देकर आए थे, उन्होंने कार्यक्रम के लिए अपनी मंगल कामना प्रेषित की।

पूर्व पार्षद गीता राय एवं कार्यक्रम की गोल्डन स्पॉन्सर सरिता पटवारी ने रिबन खोल कर श्री उत्सव की शुरुआत की। कार्यक्रम को ऊर्जावान बनाने हेतु प्रेरणा गीत का संगान भी किया गया। उत्तर हावड़ा महिला मंडल की अध्यक्षा सुजाता दुगड़ ने आए हुए सभी का स्वागत किया।

इस उत्सव में 20 स्टॉल लगाए गए। जिसमें से एक स्टॉल ब्लाइंड, एसिड अटैक सर्वाइवर (एनजीओ) को मुफ्त में दिया गया उन्होंने वहां अपने हाथों द्वारा बनाई हुई राखी, आचार, अगरबत्ती आदि वस्तु लगाए। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की बंगाल प्रभारी सुषमा बैगानी ने उपस्थित होकर मंडल का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि मुझे यहां आकर और इस लिमिटेड स्पेस में इतना भव्य आयोजन देखकर अच्छा लग रहा है। अन्य 8 क्षेत्र से भी अध्यक्ष, मंत्री और उनकी टीम पधारे थे।

इस अवसर पर कन्या मंडल संयोजिका प्रियंका तातेड़ ने अत्यंत आत्मीयता के साथ सभी आगंतुक अतिथियों का तिलक लगाकर आदरपूर्वक स्वागत–अभिनंदन किया। मुख्य आकर्षण, स्टॉल्स एवं राजस्थानी थीम संपूर्ण प्रज्ञा सभागार को राजस्थानी कलाकृति एवं सांस्कृतिक थीम पर सजाया गया था, जिसमें चुनड़ी प्रिंट के फ्लेक्स, रंग–बिरंगी छतरियां और कठपुतलियां आकर्षण का केंद्र थीं।

## एक दिन योग करने से बेहतर है 365 दिन नियमित योगाभ्यास करना: आचार्य जयंत भट्टाचार्य



**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सच्चिदानंद योगाश्रम के आचार्य जयंत भट्टाचार्य ने लोगों को योग के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए नियमित अभ्यास का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक दिन योग करने के बजाय साल के 365 दिन योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग केवल दिखावे के लिए नहीं, बल्कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से किया जाना चाहिए। आचार्य जयंत भट्टाचार्य ने बताया कि योगाश्रम की ओर से प्रत्येक वर्ष योग शिविर आयोजित किए जाते हैं और इस बार 12 वर्ष बाद विशेष आयोजन किया गया। उन्होंने नेति क्रिया योग के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी। उनके अनुसार, इस क्रिया से साइनस, श्वसन तंत्र और ईएनटी (कान–नाक–गला) से जुड़ी समस्याओं में लाभ मिल सकता है। उन्होंने बताया कि नेति क्रिया मानसिक एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाने में भी सहायक हो सकती है। साथ ही उन्होंने लोगों को यह क्रिया किसी प्रशिक्षक की निगरानी में करने की सलाह दी और योग को नियमित जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया।

## 'हम ही असली तृणमूल कांग्रेस', ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में बागी गुट ने राज्य चुनाव आयोग में पेश किया दावा



**कोलकाता, समाज्ञा :** ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय में तृणमूल कांग्रेस की नवगठित राष्ट्रीय समिति से जुड़े दस्तावेज जमा किए। बागी गुट ने दावा किया कि उनके पास तृणमूल कांग्रेस के विधायकों का बहुमत है और पार्टी के 80 में से दो तिहाई से अधिक विधायकों का समर्थन है। बागी गुट ने इस तर्क के आधार पर निर्वाचन आयोग के समक्ष खुद को असली तृणमूल कांग्रेस के तौर पर पेश किया है। निर्वाचन आयोग के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे टीएमसी के बागी गुट के प्रतिनिधिमंडल में ऋतब्रत बनर्जी के अलावा अरूप रॉय, संदीपन साहा, जावेद खान और अखरुज्जमान शामिल थे। ऋतब्रत बनर्जी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सोमवार को आयोजित विशेष अधिवेशन और नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी के गठन के बाद संवैधानिक प्रक्रिया के तहत दस्तावेज निर्वाचन आयोग में जमा किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमने सभी निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया है। दस्तावेज पहले ही दिल्ली स्थित निर्वाचन आयोग के मुख्यालय में जमा किए जा चुके हैं और आज उसकी प्रति कोलकाता के क्षेत्रीय कार्यालय में जमा की गई है। विशेष अधिवेशन और नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी के गठन के बाद यह एक सामान्य प्रक्रिया है। पार्टी की राष्ट्रीय परिषद और नेतृत्व को लेकर चल रहे विवाद पर ऋतब्रत बनर्जी ने कहा कि अंतिम फैसला निर्वाचन आयोग करेगा। उन्होंने कहा कि अगर दोनों पक्षों ने अलग–अलग सूचियां जमा की हैं तो चुनाव आयोग उनकी जांच करेगा और उचित निर्णय लेगा। प्रक्रिया पूरी होने से पहले किसी तरह का अनुमान लगाने का कोई मतलब नहीं है। तृणमूल कांग्रेस के चुनाव चिन्ह 'जोड़ा फूल' को लेकर पूछे गए सवाल पर बागी गुट के नेताओं ने दावा किया कि वे ही मूल पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, इसलिए अलग से मान्यता मांगने का सवाल ही नहीं उठता।

## कोलकाता में सैन्य मुख्यालय के पास से फर्जी सीआरपीएफ जवान गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के बेहद संवेदनशील सैन्य क्षेत्र विजय दुर्ग (पूर्ववर्ती फोर्ट विलियम) के पास से पुलिस ने मंगलवार को एक फर्जी सीआरपीएफ जवान को गिरफ्तार किया है। सोमवार की रात यातायात पुलिस द्वारा साउथ गेट के पास की जा रही नियमित वाहन चेकिंग के दौरान एक काले रंग की स्कॉर्पियो को रोका गया। गाड़ी के भीतर कमांडो की वर्दी पहने एक युवक बैठा था, जिसकी हरकतें संदिग्ध लगीं। पूछताछ में उसकी पहचान उत्तर 24 परगना निवासी आकाश सोनार के रूप में हुई। वह वास्तव में हल्दिया की एक लॉजिस्टिक्स फर्म में निजी सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत है। मामला सैन्य क्षेत्र से जुड़े होने के कारण तुरंत सेना की खुफिया इकाई (मिलिट्री इंटेलिजेंस) सक्रिय हो गई। सैन्य अधिकारियों ने सोनार को हिरासत में लेकर फोर्ट विलियम परिसर के भीतर गहन पूछताछ और दस्तावेजों का सत्यापन किया। जांच के बाद सेना को उसके पास से कोई भी देशविरोधी, संदिग्ध या विध्वंसक एंगल नहीं मिला। इसके बाद, सैन्य प्राधिकारियों ने बिना किसी औपचारिक शिकायत के उसे स्थानीय पुलिस को सौंप दिया।

## शॉपिंग मॉल ने पश्चिम बंगाल में अपने स्ट्रेंथ नेटवर्क का विस्तार किया

**कोलकाता :** ऑटोमोबाइल टेक कंपनी, जो एक प्रमुख ओमनीचैनल स्टोर और टूरिज्म है, ने कोलकाता के बी.टी. रोड पर अपना नया शॉपिंग मॉल पूर्वी भारत में अपने निवेश को और मजबूत किया है। अपने इंटीग्रेटेड ओमनीचैनल मॉडल के साथ, फर्म टीसी भारत के पसंदीदा निवेशक, ग्रेटर में स्थिति अपनी को मजबूत कर रही है। एनर्जीटेक लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रमुख – हॉलिडेज़, मिस्टर राकेश बावा ने कहा, पश्चिम बंगाल, टेक ने एक प्रमुख बाजार बना लिया है, जहां सभी तरह के ग्राहकों के लिए और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ज़बरदस्त विज्ञापन जारी किया गया है। क्रिएटिव टेक्नोलॉजी लिमिटेड, अलग–अलग तरह के और आकर्षक बेस से जुड़ी एक्सएक्सएक्स कंपनियां, पर्सनल जो इंडस्ट्रीज और हमारे कॉमर्स बेय्ड विक्रय हैं।

## बिजनेसमैन टीसी स्टोर्स ने भारत और उसके आउटलुक आर्किकल का साल भर का कैलेंडर तैयार किया

**कोलकाता :** एसओटीसी ने भारत और पड़ोसी देशों में आध्यात्मिक स्थल और तीर्थयात्रा सर्किट का मंथ–दार–महीना का कैलेंडर तैयार किया है। यात्रियों को प्रमुख धार्मिक आयोजनों, तीर्थयात्रा के मौसम और यात्रा के लिए उपयुक्त समय के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने में मदद मिलती है। इन सुझावों में आस–पास के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सुंदर स्थानों को देखने का भी आनंद लिया जा सकता है, जिससे यात्रा का अनुभव और भी बेहतर और संपूर्ण हो जाता है। कंपनीटीसी के हॉलिडे और काउंटी टूर के अध्यक्ष और अध्यक्ष नंदकुमार ने कहा, पूरे भारत में धार्मिक पर्यटन तेजी से बढ़ रहे हैं। पर्यटक ऐसी यात्राएं कर रहे हैं जो उन्हें गहरी अर्थ, विविधता और सांस्कृतिक खोज का अनुभव प्रदान करते हैं।

## गाना बजाने को लेकर विवाद में दूल्हे के भांजे की हत्या, पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा

**कुशीनगर:** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में शादी के दौरान हुए विवाद में दूल्हे के भांजे की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गयी। इस घटना के संबंध में पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सेवरही थाना क्षेत्र के आंबेडकर नगर वार्ड निवासी काशी चौहान की बेटी की शादी राहुल चौहान नाम के युवक से होनी थी। पुलिस के मुताबिक, सोमवार को जब बारात आयी तो द्वारपूजा से पहले युवकों की टोली नृत्य कर रहे थे, इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया और देखते ही देखते दो पक्षों के बीच मारपीट हो गयी। पुलिस ने बताया कि इसी दौरान राहुल चौहान के भांजे सुजीत चौहान (20) पर कुछ युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया और गंभीर रूप से घायल सुजीत को सेवरही के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद बारात बिना विवाह के लौट गयी।

## वाराणसी: गंगा नदी में नाव पर चिकन पकाने, बीयर पीने के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी में गंगा नदी के बीचों-बीच नाव पर चिकन पकाने और बियर पीने का कुछ लोगों का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दशाश्वमेध क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त अतुल अंजान त्रिपाठी ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कुछ लोग गंगा नदी में नाव पर चिकन बनाते और शराब पीते हुए दिखाई दे रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने वीडियो की जांच करने के बाद लोगों की पहचान करके पांच लोगों को सोमवार रात गिरफ्तार कर लिया और नाव जब्त कर ली। त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपक कुमार, अजय साहनी, अरुण कुमार साहनी, अनुराग निषाद और राहुल साहनी के रूप में हुई है।

# लखनऊ अग्निकांड: मुख्यमंत्री ने रद्द किए सभी कार्यक्रम, जांच में जुटीं फॉरेंसिक टीम और एसआईटी



## अग्निकांड के बाद अवैध इमारतों और कोचिंग संस्थानों के खिलाफ अभियान शुरू

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक व्यावसायिक भवन में आग लगने से 15 लोगों की मौत के बाद प्रदेशभर में अवैध इमारतों, बेसमेंट और बहुमंजिला भवनों में संचालित कोचिंग संस्थानों, होटलों, अस्पतालों और जिम के खिलाफ विशेष जांच अभियान शुरू किया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वाराणसी के मुख्य अग्निशमन अधिकारी आनंद सिंह राजपूत ने बताया कि सोमवार को शहर व पिंडरा क्षेत्र के नौ कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया गया, जिनमें से पांच संस्थानों में अग्निशमन प्रणाली, फायर पंप और अन्य अग्निशमन उपकरणों की कमी पाई गई। राजपूत ने बताया, ''संबंधित संस्थानों को तत्काल सुरक्षा उपकरण लगाने के निर्देश दिए गए। निर्धारित समय के भीतर खामियां दूर नहीं किए जाने पर नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी।'' उन्होंने बताया कि वाराणसी में केवल 15 बड़े कोचिंग संस्थानों के पास ही अग्नि अनापत्ति प्रमाण पत्र (फायर एनओसी) है जबकि बड़ी संख्या में छोटे और मध्यम स्तर के कोचिंग संस्थान निर्धारित सुरक्षा मानकों के बिना संचालित हो रहे हैं।

## आग से बचाव और आपातकालीन निकास के इंतजाम नहीं होने के आरोप,अब तक चार गिरफ्तार

15 लोगों की मौत के मामले में दर्ज प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया है कि इमारत को बिना आग से बचाव के इंतजाम, आपातकालीन निकास और धुआं निकालने की व्यवस्था न होने के बावजूद उसका व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा था। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार अलीगंज थाने में दर्ज प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर-इरादतन हत्या), 110 (गैर-इरादतन हत्या की कोशिश), 125 (लापरवाही भरा काम जिससे लोगों की जान को खतरा हो) और 'उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा अधिनियम' के तहत दर्ज मामले में चार आरोपियों और अन्य लोगों के नाम शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों के नाम प्राथमिकी में हैं, उनमें इमारत का मालिक और पालतू जानवरों की देखभाल से जुड़ी दुकान व एनिमेशन केंद्र चलाने वाले लोग शामिल हैं। पुलिस ने सोमवार को ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए लोगों में राम कृष्ण उपाध्याय (43), वीरेंद्र प्रसाद शुक्ला (62), तुषार कृष्ण जायसवाल (31) और सुरेश कुमार साहू शामिल हैं।

## लखनऊ में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना उत्तर प्रदेश के लिए 'बड़ा सबक' : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ के अलीगंज इलाके में हुए भीषण आग हादसे को प्रदेश के लिए एक 'बड़ा सबक' बताते हुए कहा कि इस पीड़ादायक घटना से सीख लेते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा ना हो। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ हुई बैठक में कहा कि सोमवार को हुआ भीषण हादसा प्रदेश के लिये एक बड़ा सबक है और इससे सीख ली जानी चाहिये ताकि भविष्य में ऐसा फिर कभी ना हो। उन्होंने कहा कि इसके लिए शासन, प्रशासन और आमजन को मिलकर अग्नि सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

लखनऊ: उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में तीन मंजिला एक व्यावसायिक भवन में लगी भीषण आग में 15 लोगों की मौत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस और आगरा के प्रस्तावित दौरे समेत मंगलवार के अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी शोक व्यक्त करते हुए मंगलवार के अपने संगठनात्मक कार्यक्रम स्थगित कर दिए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, अलीगंज अग्निकांड की जांच के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञों की छह सदस्यीय टीम मंगलवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे घटनास्थल पर पहुंची। टीम का नेतृत्व निदेशक आदर्श कुमार कर रहे हैं। विशेष जांच दल (एसआईटी) ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बनाई गई एसआईटी में अपर मुख्य सचिव (पर्यटन) अमृत अभिजात और लखनऊ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) प्रवीण कुमार शामिल हैं। प्रवीण कुमार ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा, ''हम यहां घटना के सभी पहलुओं की जांच करेंगे। हम तय समय में जांच पूरी करेंगे और जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।'' एसआईटी टीम के पहुंचने से पहले, सुबह फॉरेंसिक विशेषज्ञों की छह सदस्यीय टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इस जांच का मकसद आग लगने की वजह का पता लगाना है। पुलिस ने बताया कि एसआईटी टीम में अधिकारियों के साथ करीब 10 लोग जांच के लिए पहुंचे। एसआईटी ने इमारत में लोगों के फंसने, दरवाजे और खिड़कियों के साथ ही वातानुकूलित मशीनों की भी जांच की। एसआईटी ने मौके से कुछ अहम साक्ष्य जुटाए और लोगों से जानकारी भी हासिल की। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, हमने अलीगंज की उस इमारत को (निर्माण) नियमों के उल्लंघन पर एक बार फिर गिराने का नोटिस जारी किया है, जहां सोमवार को आग लगी थी। कुमार ने बताया, हमने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी जांच शुरू कर दी है और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऐसे अधिकारियों की पहचान करने और लापरवाही में उनकी भूमिका का पता लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अधिकारियों के मुताबिक, सोमवार दोपहर अलीगंज स्थित तीन मंजिला इमारत में आग लग गई थी। इस हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, जिनमें अधिकांश छात्र थे और नौ अन्य लोग घायल हुए थे।

# विकसित बिहार का मंत्र शहरीकरण, औद्योगीकरण और पर्यटन : नीतीश मिश्रा

**पटना:** नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने मंगलवार को कहा कि विकसित बिहार के लिए शहरीकरण, औद्योगीकरण और पर्यटन तीन प्रमुख आधार हैं तथा राज्य इन क्षेत्रों के माध्यम से विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। मिश्रा ने पटना स्थित अधिवेशन भवन में नगर विकास एवं आवास विभाग और विश्व बैंक की ओर से आयोजित दो दिवसीय 'बिहार अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन प्रोग्राम' का उद्घाटन करते हुए कहा कि बिहार ने पिछले 20 वर्षों में विकास की लंबी



और सकारात्मक यात्रा तय की है। उन्होंने कहा, अब समय बदल गया है। हमें ऐसे शहर विकसित करने होंगे जो वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर हों और जहां बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों। मंत्री ने बताया कि शहरी कायाकल्प के लिए विश्व बैंक और विभाग के बीच साझेदारी हुई है, जिसके तहत विश्व बैंक अगले 10 वर्षों तक नगर स्थानीय निकायों (यूएलबी) की वित्तीय आत्मनिर्भरता सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी विकास से जुड़े अधिकारियों और विशेषज्ञों की क्षमता बढ़ाना तथा बिहार के शहरों को सक्षम, समावेशी, टिकाऊ व भविष्य के अनुरूप बनाना है। मिश्रा ने बताया कि कार्यशाला में वित्तीय प्रबंधन, नगर निकायों की आय बढ़ाने, परिसंपत्ति प्रबंधन, शहरी नियोजन और नए विकास मॉडल पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहरों के विकास के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधनों की जरूरत होगी और ऐसे में नवाचार, टिकाऊ विकास व राजस्व सृजन की क्षमता वाली नगर निकाय परियोजनाओं को 'अर्बन चैलेंज फंड' के तहत प्रोत्साहित किया जाएगा। विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार ने कहा कि बिहार को नियोजित शहरी परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ना होगा।

## न्यूज अपडेट

### बिना सूचना गैरहाजिर पीएमसीएच प्राचार्य के खिलाफ होगी कार्रवाई: निशांत



**पटना:** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने मंगलवार को पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (पीएमसीएच) का औचक निरीक्षण किया और बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया। निशांत कुमार ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैंने यहां आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की जांच की, जो संतोषजनक पाई गई। हालांकि, अस्पताल के प्राचार्य अनुपस्थित हैं। उन्होंने न तो अपनी अनुपस्थिति की कोई सूचना दी है और न ही किसी अन्य अधिकारी को प्रभार सौंपा है। उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उन्होंने प्राचार्य से फोन पर संपर्क करने का भी प्रयास किया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। मंत्री ने निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डों और विभागों का दौरा किया तथा मरीजों से दवाओं की उपलब्धता व अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा, अस्पताल की स्थिति संतोषजनक है और व्यवस्थाओं में सुधार हुआ है। कई सुविधाएं पहले की तुलना में बेहतर मिली हैं। कुछ कमियां भी सामने आई हैं, जिन्हें शीघ्र दूर किया जाएगा। निशांत कुमार ने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि मानव संसाधन अथवा उपकरणों की किसी भी प्रकार की कमी होने पर तत्काल इसकी जानकारी दें, ताकि आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

### राजस्थान के कुछ हिस्सों में 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश दर्ज

**जयपुर:** राजस्थान के कुछ हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई । मौसम विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विभाग के अनुसार, इस अवधि में राज्य में सर्वाधिक वर्षा दूदवाना में 19.0 मिमी दर्ज की गई। बाड़मेर में राज्य का सर्वाधिक अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, सर्वाधिक न्यूनतम तापमान 31.0 डिग्री सेल्सियस जोधपुर और बीकानेर में दर्ज हुआ। सबसे कम न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस सिरोही में रहा।

### बिहार: भरत तिवारी मुठभेड़ मामले में पुलिस के कई अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



पटना: बिहार के भोजपुर जिले में भरत भूषण तिवारी मुठभेड़ मामले में में पुलिस के कई अधिकारियों के खिलाफ मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौती गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की पिछले सप्ताह बुधवार को पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई थी। भोजपुर पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, मृतक की मां द्वारा दी गयी शिकायत के आधार पर शाहपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। बयान में बताया गया कि प्राथमिकी तत्कालीन जगदीशपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ), तत्कालीन शाहपुर थाना प्रभारी (एसएचओ) और घटना में शामिल अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ दर्ज की गई। तिवारी की मौत के बाद राज्य में राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था और पुलिस कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए गए थे। बिहार सरकार ने शनिवार को इस मामले की न्यायिक जांच कराने का आदेश दिया था। पुलिस के शुरुआती बयान में 16 जून को तिवारी को कथित तौर पर ''मानसिक रूप से अस्वस्थ'' बताया गया था। भरत के परिजनों और अन्य लोगों ने हालांकि उन्हें जनसरोकार से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में बताया, जो स्थानीय मुद्दों को प्रशासन के सामने उठाते रहे थे। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक कथित वीडियो में मुठभेड़ से पहले तिवारी को अपना हथियार फेंकते हुए देखा जा सकता है। 'पीटीआई-भाषा' हालांकि इस वीडियो की प्रामाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका है। पुलिस अधिकारियों ने मुठभेड़ के बाद बताया था कि भरत तिवारी लगातार पुलिस पर गोलीबारी कर रहे थे, जिसके जवाब में पुलिस ने ''आत्मरक्षा'' में कार्रवाई की और उसके (भरत के) पैर में गोली लगी थी।

समाज्ञा मनोरंजन

# परचियां

नरेंद्र देवांगन

पिंकी 8 वीं कक्षा में पढ़ती थी। वह खूब पढ़ाई करती थी और रोज स्कूल जाती थी। पिंकी के पड़ोस में ईशु भी रहता था। वह भी 8 वीं कक्षा में पढ़ता था। वह दिनभर घूमता रहता था। जब मन नहीं करता, स्कूल नहीं जाता था और पढ़ाई में भी ध्यान नहीं देता था।

एक दिन पिंकी अपने घर में बैठी पढ़ रही थी, तभी ईशु मस्ती से गाता हुआ उधर से गुजरा।

पिंकी को पढ़ाई करते देख मुस्करा कर बोला, 'हर समय पढ़ाई में जुटी रहती है। पढ़पढ़ कर पागल हो जाएगी, आंखें खराब हो जाएंगी। वैसे भी परीक्षा में अभी बहुत दिन हैं।

पिंकी बोली, 'मैं कल के भरोसे नहीं रहती। यदि अभी से पढ़ाई नहीं करूंगी तो परीक्षा में जरूर फेल हो जाऊंगी। सालभर की पढ़ाई 1 महीने में पूरी नहीं की जा सकती।

अरे, जिस की किस्मत में पास होना लिखा होता है, उसे कोई फेल नहीं कर सकता। ज्योतिषी ने मुझे बताया है कि मैं इस बार प्रथम श्रेणी में पास होऊंगा। इसीलिए मैं मौज करता हूं, ईशु बोला।

ज्योतिषी के चक्कर में आ कर अपना भविष्य बरबाद न करो। तुम्हें अभी से पढ़ाई करनी चाहिए। अब पढ़ाई ही नहीं करोगे तो प्रथम श्रेणी में कैसे पास होगे?

मैं परचियां बना कर ले जाऊंगा और फटाफट प्रश्नों के उत्तर लिख डालूंगा।

आखिर परचियां बनाने के लिए तुम्हें समय लगेगा ही। यदि तुम उसी समय का सदुपयोग कर पढ़ाई करो तो तुम्हें परीक्षा पास करने में कोई परेशानी नहीं होगी, 'पिंकी ने समझाया।



मैं फालतू समय बरबाद करने वालों में से नहीं हूं। पुस्तकों और गाइडों के पन्ने फाड़ कर परचियां बनाऊंगा, यह कह ईशु वहां से चला गया।

परीक्षा के दिन निकट आ गए। पिंकी अपनी सफलता के लिए निश्चित थी। उस ने परीक्षा की पूरी तैयारी कर ली थी।

परीक्षा शुरू हो गई।

परीक्षा हाल में सभी विद्यार्थी प्रश्नों के उत्तर लिखने में व्यस्त थे।

केवल ईशु ही नहीं लिख रहा था। उस के पास ही बैठी पिंकी लगातार लिखे जा रही थी।

ईशु परचियां बना कर जूतों में छिपाकर लाया था लेकिन वह उसे निकाल नहीं पा रहा था। उसे डर था कि नकल करते पकड़ा जाएगा तो परीक्षा में नहीं बैठने देंगे।

ईशु के मन में आया कि पिंकी से कुछ प्रश्नों के उत्तर पूछ ले पर जैसे ही उस ने पिंकी को धीरे से आवाज दी, मैडम की नजर उस पर पड़ गई।

क्यों, नकल करने का इरादा है क्या? चुपचाप अपना पेपर करो, नहीं तो बाहर कर दूंगी', मैडम ने ईशु को डांटा।

इस तरह ईशु किसी भी पेपर को नहीं कर सका। वह उत्तर पुस्तिकाओं को कोरा छोड़ कर आ जाता था।

जब परिणाम निकला तो पिंकी ने 90 प्रतिशत अंक ले कर परीक्षा पास की थी और कक्षा में प्रथम आई थी जबकि ईशु फेल हो गया था।

ईशु रो रहा था। उस की हालत देख पहले तो पिंकी को खुशी हुई मगर फिर उस पर दया आ गई।

अतः ईशु से बोली, 'ईशु भाई, अब रोने से क्या फायदा। जो होना था वह तो हो ही गया। अब रोने से तुम पास नहीं हो जाओगे।

बहन, मुझे मम्मी पापा खूब डांटेंगे। मैं किस मुंह से घर जाऊं। मेरे दोस्त भी मेरा मजाक उड़ाएंगे, ईशु सिसकते हुए बोला।

भाई, तुम शुरू से पढ़ाई पर ध्यान देते तो आज यह दिन न देखना पड़ता। तुम्हें मुंह छिपाने की जरूरत न पड़ती। ज्योतिषी और किस्मत के चक्कर में पड़ कर तुम ने अपना अमूल्य समय बरबाद कर दिया। फिर परचियां बना कर किसी भी परीक्षा में सफलता हासिल नहीं की जा सकती। वह तो अच्छा हुआ कि तुम ने परचियों को परीक्षा भवन में नहीं निकाला। पकड़े जाने की स्थिति में 5 साल के लिए परीक्षा देने से वंचित कर दिए जाते।

'बहन, तुम ठीक कह रही हो, 'ईशु ने कहा।

पिंकी बोली, 'भाई, तुम इस साल खूब मन लगा कर पढ़ाई करना। अपने मम्मी पापा को विश्वास दिलाना कि तुम इस बार पढ़ाई में लापरवाही नहीं करोगे। फिर जब तुम परीक्षा में प्रथम श्रेणी में पास होगे तो खिल्ली उड़ाने वालों के मुंह खुद ही हमेशा के लिए बंद हो जाएंगे। यदि पढ़ाई में किसी तरह की मदद की जरूरत हो तो बिना किसी हिचक के मुझ से सहयोग ले लेना।

बहन, आज तुम ने मेरी आंखें खोल दी। मैं बेकार ही उधर उधर घूम फिर कर अपना समय बरबाद करता रहा। मुझे मेहनत का महत्व पता चल गया। आगे से मैं भी तुम्हारी तरह ही मेहनत से पढ़ाई करूंगा, ईशु बोला।

यह सुन कर पिंकी को ईशु की बातों से बेहद खुशी हुई और वह अपने घर चली आई। (उर्वशी)

# राजा और भगवान

परशुराम संबल

महान् मुगल सम्राट के दरबार में बीरबल उनके नौ रत्नों में से एक थे। बीरबल चतुर और बुद्धिमान तो था ही, हाज़िर जवाबी में भी उसका कोई सानी नहीं था। आज भी उनकी हाज़िर जवाबी और बुद्धिमता के अनेक किस्से मशहूर हैं। एक किस्सा है-

एक बार सम्राट अकबर के दरबार में यह चर्चा चल पड़ी कि राजा और भगवान में क्या अन्तर है? दरबारियों ने अपने-अपने ढंग से भगवान को ही सर्वोपरि बताया।

जब बीरबल की बारी आई तो उसने विपरीत ढंग से अपनी बात कही। कहा- 'आप महाराज हैं, आप महान हैं। सच पूछिये तो जो काम भगवान भी नहीं कर सकता, वह काम आप आसानी से कर सकते हैं।'



यह सभी जानते थे कि बीरबल कभी भी कोई बात गलत नहीं कहता। जो भी वह कहता है, बड़ी सूझबूझ के साथ कहता है लेकिन यह बात तो जगतपिता परमात्मा और एक बादशाह की थी। कहा जाये तो, 'कहां राजा भोज, कहां गगूं तेली' वाली बात थी। भगवान की तुलना में बादशाह की बढ़ाई करना भी कुछ ऐसा ही था लेकिन बादशाह की प्रशंसा में बीरबल ने यह कहकर कि जो काम भगवान भी नहीं कर सकता, वह बादशाह कर सकता है, सभी दरबारियों को आश्चर्यचकित कर दिया था। सब के मन में जिज्ञासा पैदा हो गई थी कि वह ऐसा कौन सा काम है जो भगवान के भी बस में नहीं है?

बीरबल की विद्वता और सूझबूझ के कारण बादशाह उसे औरों की अपेक्षा अधिक तरज़ीह देते थे। इसलिये दरबार में जहां बीरबल के हितैषी और प्रंशसक थे, वहीं अनेक दुश्मन भी थे। वे बीरबल से जलते थे और हमेशा इस फिराक में रहते थे कि कब उसे भरे दरबार में नीचा दिखाकर बादशाह की नजरों से गिराया जाये।

उनमें से एक दुश्मन खड़ा हो गया। उसने बादशाह को आदाब किया और बोला-जहांपनाह आप एक महान बादशाह हैं। आपकी कीर्ति चारों तरफ फैली हुई है। आप तारीफ़ के काबिल हैं लेकिन बीरबल ने आपकी तारीफ अल्लाह ताला से बढ़कर की है। भला उससे ऊपर इस दुनिया में कौन हो सकता है? लगता है, ऐसा कहकर एक तरह से बीरबल ने भरे दरबार में हुजूर का मजाक उड़ाया है। बीरबल को अपनी इस उद्दंडता के लिये सजा मिलनी चाहिये। अगर उसकी बात में जरा भी सच्चाई है तो वह इसका प्रमाण देकर साबित करे।'

वास्तव में बीरबल ने जो कुछ कहा था वह अकबर को भी अच्छा नहीं लगा था। उनकी समझ में यह बात नहीं आई थी कि बीरबल जैसा सयाना और नपी तुली बात कहने वाला आदमी यह कैसे कह रहा है कि जो काम खुदा नहीं कर सकता, वह एक अदना सा बादशाह कर सकता है।

उन्होंने बीरबल से पूछा-'बीरबल! जो काम खुदा नहीं कर सकता, वह काम एक बादशाह कैसे कर सकता है? सबके सामने इस बात साबित करो, नहीं तो मैं समझूंगा कि तुम मुझे बेवकूफ बना रहे हो। तुम्हारी इस धृष्टता के लिये तम्हें सजा भी मिल सकती है।

बीरबल खड़ा हो गया। वह हल्के से मुस्कराया और कहा-'क्षमा हो जहांपनाह। आप एक बादशाह हैं। बादशाह जरूरत पड़ने पर अपने राज्य से किसी को भी देश निकाले की सजा दे सकता है। यह बात तो सही है न हुज़ूर?'

'हां, यह सही है।'' अकबर ने बात को स्वीकारते हुए गरदन हिलाकर हामी भरी।

'लेकिन ईश्वर चाह कर भी ऐसा नहीं कर सकता।'' बीरबल ने कहा।

'क्यों?' अकबर ने आश्चर्य से पूछा।

'हुजूर', इस संसार का मालिक ईश्वर है। सारा संसार उसका राज्य है। यदि ईश्वर किसी को अपराधी मानकर देश निकाले की सजा दे तो वह ऐसा कर नहीं सकता क्योंकि वह स्वयं भी नहीं जानता कि अपराधी को कहां भेजना है? क्योंकि संसार की सारी सीमाएं तो उसी की हैं। अब आप ही बताइये हुज़ूर, कि इस सच्चाई से कौन इन्कार करेगा?' बीरबल ने कहा।

बादशाह अकबर और उपस्थित दरबारी बीरबल की बात सुनकर वाह-वाह कर उठे। सबने मुक्त कंठ से बीरबल की प्रशंसा की।

दुश्मन बेचारा अपना सा मुंह लेकर चुपचाप बैठ गया। (उर्वशी)

# रीछ की पूंछ

नरेन्द्र देवांगन

क्या आपने कभी सर्कस के पिंजरे में बंद रीछ को देखा है? आपने यह भी देखा होगा कि उसकी पूंछ कितनी छोटी होती है। मैं आपको बताऊंगा कि रीछ की पूंछ छोटी कैसे रह गई?

सर्दियों की एक सुबह थी। एक लोमड़ी ने देखा कि कुछ आदमी ठेलों पर मछलियां लादे जा रहे हैं। जब आदमी उधर न देखते होते तो लोमड़ी ठेले पर कूद पड़ती। उसने अपने खाने के लिए सारी अच्छी मछलियां नीचे गिरा दीं। फिर वह ठेले से नीचे कूद पड़ी और मछलियों को खाने लगी।

जब लोमड़ी मछलियां खा रही थी तो रीछ वहां पर आ धमका। उसने लोमड़ी को नमस्ते कहकर उसकी चापलूसी करनी शुरू कर दी, 'तुमने आज बहुत अच्छी मछलियां पकड़ी हैं। क्या मुझे भी इन्हें पकड़ने का तरीका सिखाओगी?'

'ये बहुत अच्छी मछलियां हैं। अगर तुम आज रात को मेरे साथ मछलियां पकड़ने चलो तो मैं बताऊंगी कि अच्छी मछलियां कैसे पकड़ी जा सकती हैं ?' लोमड़ी ने कहा।

रीछ ने कहा, 'मैं तुम्हारे साथ जरूर जाऊंगा। मैं अपना कांटा और जाल भी लेता आऊंगा।'

'तुम्हें कांटा और जाल लाने की जरूरत नहीं है। मैं हमेशा अपनी पूंछ के साथ मछलियां पकड़ती हूं। तुम्हारी पूंछ तो मेरी पूंछ से भी बड़ी है। इससे तो और भी अच्छी तरह से मछलियां पकड़ी जा सकती हैं,' लोमड़ी ने कहा।

सूरज छिपने के समय रीछ लोमड़ी से मिला। वे एक दरिया पर गए। पानी बर्फ की तरह जमा हुआ था। जाते-जाते उस बर्फ में उन्हें एक छोटा-सा सुराख मिला।

लोमड़ी ने रीछ से कहा, 'यहां बर्फ पर बैठ जाओ। अपनी पूंछ को उस सुराख में डाल दो और बहुत देर तक डाले रहो....। यही मछलियां पकड़ने का सबसे अच्छा तरीका है। जब तक बहुत सारी मछलियां तुम्हारी पूंछ को न पकड़ लें, तुम इसे बाहर न निकालना। फिर जोर से झटके के साथ इसे बाहर खींचना।'

रीछ बहुत देर तक खामोशी से बर्फ पर बैठा रहा। फिर उसे सर्दी लगने लगी तो इधर-उधर हिलने लगा।

'ऊई,' रीछ चिल्लाया, क्योंकि उसकी पूंछ बर्फ में जमने लगी थी।

'क्या अब मैं मछलियों को बाहर खींच लूं ?' उसने पूछा।

'न.....न....अभी नहीं। अभी ठहरो। तुम बहुत बहादुर हो, थोड़ा और इंतजार करो,' लोमड़ी चिल्लाई।

बेचारा रीछ सुबह होने तक इंतजार करता रहा। उसी समय कुछ भेड़ियों ने दरिया के किनारे गुर्राना शुरू कर दिया। रीछ इतना डर गया कि उसने उछल कर पूरे जोर से अपनी पूंछ को बाहर खींचा लेकिन उसकी पूंछ बर्फ में पूरी तरह जकड़ी हुई थी। जब रीछ ने झटके से पूंछ को बाहर खींचना चाहा, तो वह बीच में से टूट गई।

लोमड़ी अपनी इस चालाकी पर हंसते हुए भाग गई। तभी से बेचारे रीछ की पूंछ छोटी रह गई। (उर्वशी)



## रेल मंत्रालय ने आईआरसीटीसी के सीएमडी संजय कुमार जैन का इस्तीफा स्वीकार किया

**नयी दिल्ली:** रेल मंत्रालय ने भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) संजय कुमार जैन का इस्तीफा मंगलवार को स्वीकार कर लिया। जैन ने निजी कारणों का हवाला देते हुए पद छोड़ा था। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, जैन 20 जुलाई तक अपने पद पर बने रहेंगे। उन्होंने फरवरी 2024 में आईआरसीटीसी के सीएमडी का पद संभाला था और संगठन में दो वर्षों से अधिक समय तक कार्य किया। अधिकारियों ने बताया, ''उनके कार्यकाल के दौरान संगठन को 'शेड्यूल बी' से 'शेड्यूल ए' श्रेणी में तथा 'मिनी रत्न-दो' से 'नवरत्न' का दर्जा प्रदान किया गया। यह उपलब्धि रेल मंत्रालय के निरंतर सहयोग से संभव हुई।'

## बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के सलाहकार ने अपनी मर्जी से ढाका लौटने का फैसला किया था: विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली:** विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के सलाहकार ज़ाहिद उर रहमान को अपनी यात्रा का उद्देश्य दोबारा बताने के बाद भारत में प्रवेश की अनुमति दे दी गई थी, लेकिन उन्होंने ढाका वापस लौटने का फैसला किया। हफ्ते भर से अधिक समय पहले, नयी दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर आव्रजन अधिकारियों ने रहमान को कुछ देर के लिए रोक लिया था क्योंकि उनका नाम संभवत: सुरक्षा से जुड़ी एक काली सूची में था। इसके बाद, बांग्लादेश ने भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के सलाहकार 14 जून को दक्षेस (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) वीजा के साथ निजी पासपोर्ट पर भारत आए थे, ताकि वह 'इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन' के वरिष्ठ अधिकारियों की समिति की 28वीं बैठक में शामिल हो सकें।' उन्होंने कहा, ''दिल्ली हवाई अड्डा पर आव्रजन अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की और इस बात की पुष्टि होने के बाद कि उनकी यात्रा का उद्देश्य बहुपक्षीय बैठक में शामिल होना है, उन्हें देश में प्रवेश की अनुमति दे दी गई।'

## मप्र: नीट-यूजी देकर लौटी अभ्यर्थी का शव नर्मदा तट पर मिला, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**खरगोन:** मध्यप्रदेश के खरगोन में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक (यूजी) की पुनर्परीक्षा देने के बाद लापता हुई इंदौर की 21 वर्षीय अभ्यर्थी का शव नर्मदा नदी के तट पर मिला। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि छात्रा के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि नीट-यूजी की पुनर्परीक्षा देने के बाद घर लौट रही छात्रा निक्की यादव रविवार को रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई थी और उसका शव सोमवार को खरगोन जिले के बड़वाह स्थित करही थानाक्षेत्र में नर्मदा नदी के तट पर बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि इंदौर के लसूड़िया क्षेत्र स्थित तलावली चांदा निवासी निक्की यादव रविवार को अपने छोटे भाई के साथ परीक्षा देने गई थी। अधिकारी ने बताया कि परीक्षा समाप्त होने के बाद उसने किसी अन्य व्यक्ति के मोबाइल फोन से अपनी मां को सूचना दी थी कि उसका मोबाइल फोन बंद हो गया है और वह जल्द घर पहुंच जाएगी। इसके बाद उसका परिवार से संपर्क नहीं हो पाया। अधिकारी ने बताया कि देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और सोमवार सुबह भंवरकुआं थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई।

## भारत ने कश्मीर पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की टिप्पणी को खारिज किया

**नयी दिल्ली:** भारत ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की टिप्पणियों को खारिज कर दिया और इसे इस्लामाबाद द्वारा अपनी नाकामियों को छिपाने की हताशा भरी कोशिशें बताया। ख्वाजा ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने और जम्मू-कश्मीर के हालात को लेकर भारत की आलोचना की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने इस मामले पर कुछ खबरें देखी हैं। ऐसी बातें पाकिस्तान की अपनी नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान भटकाने की हताशा भरी कोशिशें हैं। उन्होंने कहा, हम इन मनगढ़ंत दावों को पूरी तरह से और लानत मलामत के साथ पूरी तरह खारिज करते हैं।

# राष्ट्रपति ने मम्मूटी, अलका याग्निक, रोहित शर्मा समेत अन्य को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी विजय अमृतराज, क्रिकेटर रोहित शर्मा, अभिनेता मम्मूटी, पार्श्व गायिका अलका याग्निक समेत 65 हस्तियों को प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित दूसरे नागरिक सम्मान समारोह में इन हस्तियों को सम्मानित किया। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश केटी थॉमस को जन-सेवा के लिए और मलयालम पत्रकार पी. नारायणन को साहित्य और शिक्षा में योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने अलका याग्निक, मम्मूटी, अमेरिकी डॉक्टर दत्त-त्रेयडु नोरी, टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज, उद्योगपति एसकेएम माएलानंदन और समाजसेवी व शिक्षाविद वी नटेसन को पद्म भूषण से सम्मानित किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन की पत्नी रूपी सोरेन ने दिवंगत नेता की ओर से पद्म भूषण सम्मान ग्रहण किया। राष्ट्रपति ने क्रिकेटर रोहित शर्मा और हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया को पद्म



श्री से सम्मानित किया। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने पिछला टी20 विश्वकप जीता था। सुशील कुमार, योगेश्वर दत्त और रवि दहिया जैसे ओलंपिक पदक विजेताओं के कोच तथा जॉर्जिया निवासी व्लादिमीर मेस्तविरीश्विली को मरणोपरांत पद्म श्री से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी ने उनकी ओर से यह सम्मान ग्रहण किया। इस समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। नगालैंड के 83 वर्षीय लोक कलाकार और सांस्कृतिक संरक्षक गुरु सांग्युसांग पोंगेनर ने समारोह में लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। पारंपरिक नगा वेशभूषा में उनके प्रवेश के समय प्रधानमंत्री मोदी सहित दर्शकों ने ज़ोरदार तालियां बजाईं। उन्हें पद्म श्री से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ के नक्सल-प्रभावित बस्तर क्षेत्र में शिक्षा और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में काम करने वाली समाज सेविका बुधरी ताती को भी पद्म श्री मिला। वह भी अपनी पारंपरिक वेशभूषा में थीं और सम्मान लेने के लिए मंच तक जाते समय खूब तालियां बजीं। राष्ट्रपति ने अभिनेता सतीश शाह को मरणोपरांत पद्म श्री से सम्मानित किया। उनके भाई ने उनकी ओर से यह सम्मान ग्रहण किया। प्रसार भारती के पूर्व मुख्य कार्यकारी (सीईओ) और अभी सीबीएफसी के अध्यक्ष शशि शेखर वेम्पति को भी राष्ट्रपति ने पद्म श्री से सम्मानित किया। समारोह में राष्ट्रपति ने कुल 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किए, जिनमें दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और 56 पद्म श्री शामिल थे। अभिनेता आर. माधवन, एयरोस्पेस वैज्ञानिक चंद्रमौली गड्डमानुगु, आर.वी.एस. मणि और दलित परिवार से ताल्लुक रखने वाले तथा खुद के दम पर सफल उद्यमी बने अशोक खाडे को भी पद्म श्री से सम्मानित किया गया। रेलवे गार्ड रहते हुए प्रेरणादायक साहित्य लिखने वाले दलित लेखक अशोक कुमार हलदर, कर्नाटक संगीत के लिए रंजनी और गायत्री, अभिनेता अनिल कुमार रस्तोगी और प्रोफेसर महेंद्र नाथ रॉय को भी पद्म श्री से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पद्म पुरस्कार अलग-अलग क्षेत्रों में बेहतरीन सेवा और समर्पण का सम्मान हैं।

# वैष्णो देवी यात्रा में जून तक 50 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पहुंचे

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित पवित्र गुफा मंदिर श्री माता वैष्णो देवी की यात्रा ने 22 जून को 50 लाख श्रद्धालुओं का आंकड़ा पार कर इस साल एक अहम उपलब्धि हासिल की है। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि पिछले साल इसी अवधि में तीर्थस्थल पर आने वाले 39.84 लाख दर्शनार्थियों की तुलना में यह 27.3 प्रतिशत से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि है। श्राइन बोर्ड के एक प्रवक्ता ने कहा, साल 2025 की इसी अवधि में लगभग 39.84 लाख तीर्थयात्रियों ने इस पवित्र मंदिर के दर्शन किए थे, जबकि इस साल यात्रा में 50.70 लाख तीर्थयात्री आए हैं, जो 10.86 लाख श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों की संख्या में हुई जबरदस्त बढ़ोतरी, देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की इस पवित्र तीर्थ-स्थल के प्रति अटूट आस्था और श्रद्धा का प्रमाण है। प्रवक्ता ने कहा, तीर्थयात्रियों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी,



श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा की गई व्यवस्थाओं और यात्रा के प्रबंधन से जुड़े सभी पक्षों के आपसी सहयोग पर श्रद्धालुओं के भरोसे को भी दर्शाती है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में, श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं के लिए तीर्थयात्रा के अनुभव को सुगम, सुरक्षित और आरामदायक बनाने के लिए व्यापक उपाय किए हैं। उन्होंने कहा, बुनियादी ढांचे, ठहरने की सुविधाओं, साफ-सफाई, भीड़ प्रबंधन प्रणालियों, स्वास्थ्य सेवाओं, बैटरी कार संचालन, रोपवे सेवाओं, आपदा प्रबंधन की तैयारियों और डिजिटल पहलों में लगातार सुधार से तीर्थयात्रियों की सुविधा और कुल मिलाकर सेवा वितरण में काफी बेहतरी आई है। प्रवक्ता ने कहा कि साल की इस अवधि तक 50 लाख का आंकड़ा पार करना श्रद्धालुओं के बीच बढ़ते उत्साह को दर्शाता है और साल के बाकी महीनों में यात्रा की निरंतर प्रगति के लिए शुभ संकेत है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर नितिन नवीन और रेखा गुप्ता ने उन्हें श्रद्धांजलि दी



**नयी दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रमुख हर्ष मल्होत्रा ने पार्टी के विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी 73वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी और पौधारोपण किया। नवीन ने भाजपा की करोल बाग ज़िला इकाई द्वारा आयोजित एक कार्यकर्ता सम्मेलन में मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। दिल्ली प्रदेश भाजपा द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक पार्टी अध्यक्ष ने डॉ. मुखर्जी के जीवन को याद करते हुए राष्ट्रीय हित में केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफ़ा देने और भारतीय जनसंघ की स्थापना करने के उनके फैसले, कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के उनके आंदोलन और देश के लिए उनके ''सर्वोच्च बलिदान'' का जिक्र किया। पार्टी के अन्य नेताओं ने दिल्ली गेट के पास मुखर्जी स्मारक स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। भाजपा के संयुक्त महासचिव (संगठन)वी. सतीश, मुख्यमंत्री गुप्ता और मल्होत्रा ने दिल्ली गेट के पास शहीद पार्क में मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, सांसद मनोज तिवारी, योगेन्द्र चंदोलिया, बांसुरी स्वराज और स्वाति मालीवाल, दिल्ली सरकार के मंत्री और बड़ी संख्या में पार्टी विधायक और पदाधिकारी शामिल हुए।

## अदालत में जाली दस्तावेज़ों के इस्तेमाल को हल्के में नहीं लिया जा सकता: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि न्यायिक कार्यवाही में जालसाज़ी और नकली दस्तावेज़ों का इस्तेमाल गंभीर अपराध हैं और इन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने यह टिप्पणी उस वक्त की जब वह एक व्यक्ति को न्यायिक कार्यवाही के तहत मुचलके के तौर पर जाली राजस्व दस्तावेज़ का इस्तेमाल करने को लेकर मिली पांच साल की सजा में बदलाव कर रही थी। पीठ ने कहा, 'इसमें कोई शक नहीं है कि न्यायिक कार्यवाही में जालसाजी और नकली दस्तावेज़ों का इस्तेमाल गंभीर अपराध हैं। भारतीय दंड संहिता की धाराएं 467 (धोखाधड़ी), 468 (धोखाधड़ी के मकसद से जालसाज़ी) और 471 (नकली दस्तावेज़ का इस्तेमाल) उन अपराधों से संबंधित हैं, जो सार्वजनिक और कानूनी दस्तावेज़ों की प्रमाणिकता और शुचिता को कमज़ोर करते हैं। अदालत के सामने नकली दस्तावेज़ों के इस्तेमाल को हल्के में नहीं लिया जा सकता।' पीठ ने कहा कि सजा तय करते समय, अदालत को अपराध की प्रकृति और उससे जुड़े तथ्यों एवं हालात, आरोपी की भूमिका, जेल में बिताई गई अवधि, बीते समय और सजा तय करने के नियमों से जुड़ी अन्य राहत देने वाली परिस्थितियों के बीच संतुलन बनाना होता है। पीठ के अनुसार, 'सजा तय करने की प्रक्रिया में 'आनुपातिकता का सिद्धांत' अहम है। सजा तय करने को सिर्फ़ बदला लेने की कार्रवाई नहीं माना जा सकता, जो मामले के तथ्यों और अपराधी की परिस्थितियों से अलग हो।' उच्चतम न्यायालय ने कहा कि संबंधित घटना 2014 की है और वह व्यक्ति एक दशक से ज़्यादा समय से आपराधिक कार्यवाही के साये में जी रहा है। इसने कहा, 'इस अदालत के सामने ऐसा कोई सबूत पेश नहीं किया गया है जिससे पता चले कि अपीलकर्ता आदतन अपराधी है या वह मौजूदा घटना से पहले या बाद में किसी ऐसी ही आपराधिक गतिविधि में शामिल रहा हो।' शीर्ष अदालत ने कहा कि यह मामला संगठित अपराध, बड़े पैमाने पर आर्थिक धोखाधड़ी, सरकारी संस्थानों को प्रभावित करने वाली सुनियोजित जालसाजी या बार-बार की जाने वाली ऐसी धोखाधड़ी से जुड़ा नहीं है, जिससे बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान हुआ हो।

# भारत-इटली के सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करेगी संस्कृति : एंटोनियो बार्टोली

**नयी दिल्ली:** भारत में इटली के राजदूत एंटोनियो बार्टोली ने कहा कि उनके देश को पूरा विश्वास है कि संस्कृति इटली व भारत के लोगों तथा समाजों के बीच मित्रता और संवाद का सशक्त माध्यम बनी रहेगी जिससे दोनों देशों के बीच आपसी समझ और गहरी होगी तथा उनके संबंध लगातार मजबूत होते जाएंगे। बार्टोली सोमवार को यहां हुमायूं के मकबरे के संग्रहालय में आयोजित प्रदर्शनी 'वन मदर, मैनी मदर टंग्स' के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस प्रदर्शनी में दुर्लभ और बहुमूल्य कलाकृतियों तथा मूर्तियों का प्रदर्शन किया गया है। इनमें इटली के पुनर्जागरण काल के महान चित्रकार सान्द्रो बोत्तीचेल्ली की प्रसिद्ध पेंटिंग 'मैडोना एंड चाइल्ड' भी शामिल है। फ्लोरेंस के म्यूजियो



स्टिबर्ट से लाई गई 15वीं शताब्दी की यह कलाकृति पहली बार भारत में प्रदर्शित की जा रही है। प्रदर्शनी में भारत और इटली के कई संग्रहालयों के साथ-साथ तीन निजी संग्रहों से लाई गई 27 कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। इनका संयोजन यहां इतालवी दूतावास सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक एंड्रिया अनास्तासियो और दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में कला इतिहास के प्रोफेसर नमन आहूजा ने संयुक्त रूप से किया है। बार्टोली ने कहा, हम इटली और भारत के 13 संग्रहालयों तथा तीन निजी संग्रहों की कलाकृतियों को एक साथ ला रहे हैं। यह मिलकर काम करने की इच्छा और क्षमता का स्पष्ट प्रमाण है। संग्रहालय, विद्वान, सार्वजनिक संस्थान और अन्य साझेदार शैक्षणिक गुणवत्ता, सांस्कृतिक प्रासंगिकता तथा जनहित से जुड़ी उत्कृष्ट पहल तैयार करने के लिए साथ आए हैं। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा, भारत अपनी सांस्कृतिक उपस्थिति का वैश्विक विस्तार लगातार कर रहा है। हम सभ्यताओं के बीच सेतु निर्माण और मानवता की साझा सांस्कृतिक विरासत के उत्सव के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

## केंद्रीय सूचना आयोग ने 'केरलम' प्रस्ताव के संबंध में सूचना नहीं देने पर मांगा स्पष्टीकरण

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम'' करने के राज्य सरकार के प्रस्ताव पर जवाब की प्रति नहीं देने के लिए गृह मंत्रालय के केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) से स्पष्टीकरण मांगा है। सीआईसी ने कहा कि मंत्रालय ने आरटीआई कानून के तहत छूट का जो हवाला दिया वह 'त्रुटिपूर्ण'' था। इस साल की शुरुआत में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केरल सरकार के उस प्रस्ताव को मंज़ूरी दी थी जिसमें राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने की बात कही गई थी। अब इस बदलाव को लागू करने के लिए संसद की मंजूरी की जरूरत है। आरटीआई आवेदक ने राज्य का नाम बदलने के प्रस्ताव के संबंध में अगस्त 2023 और जून 2024 में केरल विधानसभा द्वारा पारित प्रस्तावों की प्रतियां मांगी थीं। इसके साथ ही उन्होंने अगस्त 2023 के प्रस्ताव के संबंध में गृह मंत्रालय के जवाब की प्रति भी मांगी थी। आदेश के अनुसार, सूचना का अधिकार (आरटीआई) आवेदन का कोई जवाब न मिलने पर अपीलकर्ता ने सीआईसी का रुख किया।

## छत्तीसगढ़: चार महीने में आठ लोगों की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार: छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के एक गांव में चार महीने के दौरान आठ लोगों की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने मंगलवार को 46 वर्षीय किराना दुकानदार रामसहाय जायसवाल को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, जिले के कसडोल थानाक्षेत्र के खर्वे गांव में इस वर्ष फरवरी से 14 मई के बीच आठ लोगों की कथित तौर पर जहर देकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने बताया कि छह जून को खर्वे गांव के ग्रामीणों ने पुलिस को आवेदन देकर फरवरी से 14 मई के बीच गांव में आठ लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौतों की जानकारी दी थी। ग्रामीणों ने इन मौतों के लिए गांव के ही रामसहाय जायसवाल पर संदेह जताया था।



अधिकारियों ने बताया कि सात मृतकों के शवों को कब्र से निकालकर रायपुर स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम कराया गया। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक जांच के लिए मृतकों के डीएनए, विसरा और अन्य नमूने सुरक्षित रखे गए हैं। मृतक बुधराम जायसवाल का अंतिम संस्कार पहले ही परिजनों द्वारा किया जा चुका था। पुलिस के मुताबिक, जांच में पता चला कि आरोपी ने गांव के एक व्यक्ति से चूहा मारने की दवा के नाम पर सुहागा (जहर) लिया था। पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर रामसहाय से पूछताछ की गयी। अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने पुरानी रंजिश, छोटी-छोटी बातों पर विवाद, गाली-गलौज, चरित्र पर संदेह और टोना-टोटका जैसे कारणों से शराब में जहर मिलाकर आठ लोगों की हत्या कर दी तथा एक व्यक्ति की हत्या का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पहले एक कुत्ते को जहर खिलाया और इसके बाद छह फरवरी को गांव में रहने वाले बद्री को शराब में जहर मिलाकर पिला दी, जिससे उसकी मौत हो गयी।

## आईडीएफसी फर्स्ट घोटाला: वरिष्ठ आईएएस अधिकारी 60 करोड़ रुपये की हेराफेरी के आरोप में गिरफ्तार




**नयी दिल्ली:** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी को हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के खातों से कथित रूप से 60.54 करोड़ रुपये की हेराफेरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। ये खाते आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में थे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हरियाणा सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग और कृषि विभाग में प्रधान सचिव रहे पंकज अग्रवाल को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। जांच में यह सामने आने के बाद उनकी गिरफ्तारी हुई कि हरियाणा सरकार के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए बैंक की चंडीगढ़ सेक्टर 32 शाखा में खाते खोले गए थे और बाद में उन खातों में निर्धारित सीमा से अधिक धनराशि स्थानांतरित की गई थी। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''ये खाते पंकज अग्रवाल के कार्यकाल के दौरान खोले गए थे, तब वे प्रधान सचिव थे। जांच में यह सामने आया है कि इन विभागों के खातों में फर्जी लेन-देन के माध्यम से धनराशि का दुरुपयोग किया गया, जिससे सरकार को कुल 60.54 करोड़ रुपये का शुद्ध नुकसान हुआ।'' यह मामला उस व्यापक सीबीआई जांच का हिस्सा है, जिसमें हरियाणा सरकार और चंडीगढ़ प्रशासन के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक खातों से में कुल 657 करोड़ रुपये के कथित गबन की जांच की जा रही है। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि अवैध लेन-देन के कारण हरियाणा सरकार को कुल 504 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, जबकि चंडीगढ़ के मामले में यह नुकसान 153 करोड़ रुपये का है। उन्होंने बताया कि अग्रवाल को मंगलवार को विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। सीबीआई ने यह जांच हरियाणा सरकार के अनुरोध पर अपने हाथ में ली थी।

# होर्मुज जलडमरूमध्य खुलने से वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी: डोभाल

### अमेरिका-ईरान के बीच बनी सहमति का भारत ने किया स्वागत।

**नयी दिल्ली:** भारत ने पश्चिम एशिया में तनाव खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच बनी सहमति का मंगलवार को स्वागत किया तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने कहा कि इससे वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी और आवश्यक वस्तुओं एवं उर्वरकों की आपूर्ति शृंखला में रुकावटें खत्म होंगी। डोभाल ने ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का खुलना वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक बहुत ही स्वागत योग्य कदम है। डोभाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में चीन के विदेश मंत्री वांग यी, रूस के एनएसए सर्गेई शोइगु, ईरान के सुरक्षा अधिकारी जी निजामीपुर और ब्रिक्स देशों के अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारी शामिल हुए। ब्रिक्स देशों के एनएसए की बैठक में अपने प्रारंभिक संबोधन में डोभाल ने भूराजनीतिक अनिश्चितताओं और आर्थिक अवरोधों के प्रभाव का उल्लेख किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ब्रिक्स समूह को इन चुनौतियों से निपटने में अहम भूमिका निभानी चाहिए। डोभाल ने कहा,




'अमेरिका और ईरान के बीच बनी सहमति का भारत स्वागत करता है। हमें आशा है कि यह काम करेगा। इससे ऊर्जा सुरक्षा में मदद मिलेगी।'' उन्होंने कहा, ''होर्मुज जलडमरूमध्य का खुलना एक बहुत ही स्वागत योग्य घटनाक्रम है। इससे आपूर्ति शृंखलाओं में रुकावटें खत्म होंगी और उर्वरक एवं रसायन जैसे क्षेत्रों में कमी की समस्या का समाधान होगा।'' डोभाल ने अनेक वैश्विक चुनौतियों से निपटने में ब्रिक्स के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, 'हम बहुत उथल-पुथल भरे समय में बैठक कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि दुनिया भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, आर्थिक दबाव और ऐसे नवाचार का सामना कर रही है, जो स्थापित उद्योगों, व्यापार के मूलभूत सिद्धांतों और ग्राहकों के व्यवहार को बुनियादी तौर पर बदल देते हैं या पूरी तरह से बदल देते हैं। उन्होंने कहा, 'न केवल खतरे बढ़ रहे हैं, बल्कि इन संघर्षों को सुलझाने या कम करने के लिए मौजूद साधन और संस्थागत तंत्र भी अपर्याप्त साबित हो रहे हैं।' उन्होंने कहा, ''बहुपक्षवाद कमजोर हो रहा है'। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न चुनौतियों से निपटने में ब्रिक्स की अहम भूमिका है। नयी दिल्ली ने इस प्रभावशाली समूह के मौजूदा अध्यक्ष के तौर पर इस सम्मेलन की मेजबानी की। डोभाल ने कहा कि ब्रिक्स अपने सदस्य देशों का एक बहुत ही खास गठबंधन है, जो शांति, प्रगति, विकास और सहयोग में विश्वास रखता है। ब्रिक्स में मूल रूप से ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल थे। इसका 2024 में विस्तार हुआ और इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हुए, जबकि इंडोनेशिया 2025 में इसमें शामिल हुआ। ब्रिक्स एक प्रभावशाली समूह के तौर पर उभरा है, क्योंकि यह दुनिया की 11 प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाता है, जो वैश्विक आबादी के लगभग 49.5 प्रतिशत, वैश्विक जीडीपी के लगभग 40 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के लगभग 26 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं। डोभाल ने दुनिया के समक्ष मौजूद गैर-पारंपरिक सुरक्षा खतरों को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा, 'हमें नये सुरक्षा खतरों और चुनौतियों के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। गैर-पारंपरिक खतरों ने राष्ट्रीय सीमाओं को पार कर लिया है और पारंपरिक प्रतिक्रियाओं को विफल करने वाली प्रणालियां विकसित कर ली हैं।'

## गुजरात के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के स्कूल से राज्यव्यापी अभियान शुरू किया



**वडनगर (गुजरात):** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मंगलवार को मेहसाणा जिले के वडनगर स्थित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विद्यालय से राज्यव्यापी स्कूल नामांकन एवं कन्या केलवणी अभियान की शुरुआत की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मोदी ने 2003 में गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए शाला प्रवेशोत्सव और कन्या केलवणी अभियान की शुरुआत की थी। इस अभियान के दौरान मंत्री और अधिकारी सरकारी स्कूलों का दौरा करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राज्य के सबसे दूरदराज के क्षेत्रों में भी कोई बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रह जाए। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मेहसाणा के वडनगर स्थित बी.एन. हाई स्कूल से शाला प्रवेशोत्सव के 24वें राज्यव्यापी संस्करण की शुरुआत की, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी स्कूली शिक्षा प्राप्त की थी। इस अभियान के तहत लगभग 390 बच्चों का स्कूलों में दाखिला किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पटेल ने बच्चों से कहा कि वे प्रौद्योगिकी का सीमित उपयोग करके पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें।

## डॉलर में तेज़ी के बीच दिल्ली में सोना 3,000 रुपये सस्ता हुआ, चांदी 10,500 रुपये टूटी


**नयी दिल्ली :** विदेशी बाजारों में डॉलर के मजबूत होने से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतें 3,000 रुपये टूटकर 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं, जबकि चांदी 10,500 रुपये लुढ़ककर दो महीने से ज्यादा के निचले स्तर पर आ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,000 रुपये या दो प्रतिशत घटकर 1,49,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। सोना आखिरी बार 27 मार्च को इस स्तर के आसपास रहा था, जब इसकी कीमत 1,47,800 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी पर भी बिकवाली का असर पड़ा और यह 10,500 रुपये या 4.3 प्रतिशत टूटकर 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई, जो दो महीने से ज्यादा समय में इसका सबसे निचला स्तर है। चांदी तीन अप्रैल को 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को घरेलू बाजारों में सोने की कीमतें कम रहीं क्योंकि मजबूत डॉलर और ब्याज दरों में बढ़ोतरी की उम्मीदों का कीमती धातुओं पर दबाव बना हुआ है।''

# सरकार की 2028 से ग्रेट निकोबार परियोजना पर काम शुरू करने की योजना: सोनोवाल



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मंगलवार को कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2028 तक महत्वाकांक्षी ग्रेट निकोबार परियोजना पर काम शुरू करना है और इसके लिए द्वीपों और उनके आसपास के इलाकों में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के सभी उपाय किए जाएंगे। यह बयान कांग्रेस के कड़े विरोध के बीच आया है। कांग्रेस ने इस परियोजना को लेकर चिंता जताई है और कहा है कि इससे पर्यावरण संतुलन पर असर पड़ेगा और इससे ''एक व्यवसायी'' को फायदा होगा। मीडियाकर्मियों से बातचीत में, बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री ने कहा, ''हम रुकने वाले नहीं हैं। हम इसे आगे बढ़ाएंगे। हम इसे जरूर करेंगे।'' सोनोवाल उस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या सरकार ग्रेट निकोबार परियोजना को आगे बढ़ाएगी, जबकि इसे लेकर काफी राजनीतिक विरोध हो रहा है। जब परियोजना की समय-सीमा के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि इसे चरणों में बनाया जाएगा और पहला चरण वर्ष 2028 में शुरू होगा। ग्रेट निकोबार परियोजना का मकसद ग्रेट निकोबार को एक रणनीतिक समुद्री और आर्थिक केंद्र में बदलना है। इसके लिए ईस्ट-वेस्ट शिपिंग रूट से इसकी निकटता (लगभग 40 नॉटिकल मील) का फायदा उठाया जाएगा और विदेशी पारगमन बंदरगाहोंपर निर्भरता कम की जाएगी, साथ ही रक्षा और सुरक्षा के उद्देश्यों को भी ध्यान में रखा जाएगा। हालांकि, मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने इस परियोजना की आलोचना की है। कांग्रेस का आरोप है कि यह परियोजना पर्यावरण के लिए विनाशकारी साबित होगी और इससे बड़े पैमाने पर कोरल कॉलोनियों (मूंगा चट्टानों) का विनाश होगा। इस महीने की शुरुआत में, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि सरकार का यह तर्क कि ग्रेट निकोबार आईलैंड परियोजना रक्षा और ट्रांसशिपमेंट पोर्ट के लिए है, 'झूठ' है। उन्होंने आरोप लगाया कि असल में यह परियोजना, भारत की सबसे अनमोल पारिस्थितिकी तंत्र वाली जमीन पर होटल और कसीनो बनाने में एक व्यवसायी की मदद करने के लिए है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी मंत्री को पत्र लिखकर इस परियोजना के तहत बनने वाले पारगमन बंदरगाह के बारे में स्पष्टीकरण मांगा है। सोनोवाल ने आगे कहा कि सरकार परियोजना शुरू करने से पहले सभी मुद्दों पर ध्यान देगी।

## दलहन-तिलहन सीधे किसानों से खरीदें नाफेड, एनसीसीएफ, बिचौलियों की भूमिका हो समाप्त : शाह



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) को दालों एवं तिलहनों की खरीद सीधे किसानों से करने का निर्देश दिया, ताकि बिचौलियों की भूमिका खत्म हो और इन वस्तुओं के आयात पर देश की निर्भरता घटाई जा सके। नाफेड की चार पहल की शुरुआत के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शाह ने कहा कि हाल के वर्षों में दालों एवं तिलहनों का उत्पादन बढ़ा है लेकिन न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ किसानों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाने के कारण आत्मनिर्भरता हासिल नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा, खरीद में बिचौलियों की भूमिका खत्म करने की जरूरत है। अब समय आ गया है कि नाफेड और एनसीसीएफ सीधे किसानों से दाल और तिलहन खरीदें, ताकि लाभ सीधे किसानों को मिल सके। शाह ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए दो साल की समयसीमा तय करते हुए कहा कि इस अवधि में किसान सीधे इन सहकारी संस्थाओं को अपनी उपज बेच सकेंगे और उन्हें किसी बिचौलिये के बगैर भुगतान मिलेगा। भारत हर साल अपनी घरेलू कमी को पूरा करने के लिए लगभग 60-70 लाख टन दाल और 1.5-1.6 करोड़ टन खाद्य तेलों का आयात करता है। शाह ने नाफेड की वित्तीय स्थिति में सुधार की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 2013 में यह सहकारी संस्था गंभीर संकट में थी और इसे बचाने के लिए सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ा था। हालांकि, नाफेड का वार्षिक कारोबार 500 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 30,000 करोड़ रुपये हो गया और इसकी पहुंच 76 लाख किसानों तक हो चुकी है। सहकारिता मंत्री ने नाफेड को अब 50,000 करोड़ रुपये के कारोबार का लक्ष्य रखने को कहा। इस अवसर पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी दालों और तिलहनों में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा कि सरकार पहले से ही तीन प्रकार की दालों की खरीद लाभकारी कीमतों पर कर रही है।

## अदाणी के मुंद्रा हवाई अड्डे से वाणिज्यिक उड़ान सेवाएं शुरू

**मुंद्रा (गुजरात) :** अदाणी समूह के मुंद्रा हवाई अड्डे से मंगलवार को गोवा से पहली उड़ान के आगमन के साथ वाणिज्यिक संचालन शुरू हो गया। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के निदेशक जीत अदाणी ने कहा कि सेवा शुरू होने के साथ ही मुंद्रा से संपर्क बेहतर होगा। अदाणी समूह ने बयान में कहा कि हवाई सेवा कच्छ क्षेत्र की आर्थिक संभावनाओं को नयी गति देगी। कांडला और भुज के बाद यह इस इलाके का तीसरा हवाई अड्डा है। क्षेत्रीय एयरलाइन स्टार एयर इस हवाई अड्डे पर वाणिज्यिक उड़ान सेवा शुरू करने वाली पहली एयरलाइन बन गई। इसकी पहली उड़ान गोवा से यहां उतरी। अदाणी समूह के पूरी तरह से स्वामित्व एवं प्रबंधन वाले इस हवाई अड्डे से गोवा, मुंबई, हिंडन और सूरत के लिए हवाई संपर्क सुविधा मिलेगी। जीत अदाणी ने कहा, ''अभी हवाई अड्डे पर बहुत ज़्यादा उड़ानों का कार्यक्रम निर्धारित नहीं है, लेकिन हमारे पास गोवा, सूरत और मुंबई को जोड़ने वाली कुछ सेवाएं हैं तथा हम जल्द ही अहमदाबाद के लिए भी हवाई सेवा शुरू करेंगे।''

## भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर ने सीएएफआरएएल के नए परिसर भवन का उद्घाटन किया

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मंगलवार को यहां 'सेंटर फॉर एडवांस्ड फाइनेंशियल रिसर्च एंड लर्निंग' (सीएएफआरएएल) के नए परिसर भवन का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में, गवर्नर ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रवर्तित किए गए संस्थान सीएएफआरएएल को उसके अपने परिसर में जाने के लिए बधाई दी और वित्तीय क्षेत्र की चुनौतीपूर्ण ज़रूरतों को पूरा करने के लिए लगातार सीखने, क्षमता निर्माण और गहन शोध के महत्व पर जोर दिया। सीएएफआरएएल का दृष्टिकोण बैंकिंग, वित्त और 'वृहद अर्थशास्त्र' में उत्कृष्टता का एक वैश्विक केन्द्र बनना है, जो नीति बनाने और भारत के वित्तीय क्षेत्र में अगुवाई क्षमता विकसित करने में योगदान दे सके। शोध के क्षेत्र में, सीएएफआरएएल ठोस और नीति-उन्मुख जानकारी तैयार करता है, जबकि इसका 'लर्निंग वर्टिकल' वरिष्ठ वित्तीय क्षेत्र के पेशेवरों के लिए क्षमता-निर्माण में मदद करता है। इसे भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर की अध्यक्षता वाली 'गवर्निंग काउंसिल' द्वारा निर्देशित किया जाता है। उद्घाटन समारोह में डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे, पूनम गुप्ता और रोहित जैन सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## कर छूट के बाद विदेशी निवेशकों ने भारतीय बॉन्ड में अबतक 35,000 करोड़ रुपये का निवेश किया

**मुंबई :** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने अब तक भारतीय बॉन्ड में लगभग 35,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। सरकार के इन बॉन्ड में निवेश से होने वाली ब्याज आय और पूंजीगत लाभ पर आयकर से छूट दिये जाने के बाद यह निवेश हुआ है। भारतीय समाशोधन निगम लि. के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। ये सभी निवेश भारतीय सरकारी प्रतिभूतियों के पूर्ण पहुंच मार्ग (एफएआर) के तहत किए गए। आंकड़ों के अनुसार, इसका कारण एफएआर प्रवासी निवेशकों को बिना किसी निवेश सीमा के भारत सरकार की तय अवधि वाली प्रतिभूतियों में निवेश करने की अनुमति देता है। मंगलवार को एफएआर प्रतिभूतियों में विदेशी पोर्टफोलियो की हिस्सेदारी 3.58 लाख करोड़ रुपये थी, जो तीन जून को 3.23 लाख करोड़ रुपये थी। इससे पहले, विदेशी निवेशकों ने मई में 5,512.108 करोड़ रुपये और अप्रैल में 5,262.016 करोड़ रुपये का निवेश किया था। हालांकि, मार्च में 17,687.988 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। सरकार ने पांच जून को आयकर अधिनियम में संशोधन करने वाला एक अध्यादेश जारी किया, ताकि एफपीआई के पास मौजूद सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री, विनिमय और हस्तांतरण से होने वाली ब्याज आय और पूंजी लाभ पर कर छूट दी जा सके। यह छूट पिछली तारीख एक अप्रैल, 2025 से लागू होगी। यह कदम सरकार द्वारा घरेलू बॉन्ड बाजार में अधिक विदेशी पूंजी आकर्षित करने और बाहरी दबाव के बीच रुपये को सहारा देने के मकसद से उठाया गया।

## देश की दवा आपूर्ति श्रृंखला चीनी आयात पर बहुत अधिक निर्भर: नीति आयोग


**नयी दिल्ली :** नीति आयोग ने मंगलवार को कहा कि भारत की औषधि आपूर्ति श्रृंखला जरूरी रसायन यानी कच्चे माल (एपीआई) और मुख्य शुरुआती सामग्री के लिए चीन से होने वाले आयात पर बहुत अधिक निर्भर है। आयोग ने व्यापार पर जारी तिमाही रिपोर्ट में यह भी कहा कि पर्यावरण से जुड़े नियमों का पालन करने की बढ़ती जरूरतों के कारण भारत में विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास की लागत काफी बढ़ गई है। रिपोर्ट में कहा गया, ''भारत की औषधि आपूर्ति श्रृंखला प्रमुख रसायन, मुख्य शुरुआती सामग्री और अन्य जरूरी उत्पादों के लिए चीन से होने वाले आयात पर बहुत अधिक निर्भर है। इन वस्तुओं के आयात में चीन की 65 प्रतिशत हिस्सेदारी है।'' इसमें कहा गया है कि कमजोर नवोन्मेष और वाणिज्यिक परिवेश ने नवोन्मेषकों और लंबे समय के निवेश के लिए अनिश्चितता पैदा कर दी है। इसमें अधिक मूल्य वाले औषधि खंड में विविधता लाने पर जोर दिया गया। रिपोर्ट में पेटेंट वाणिज्यिकरण, अनुसंधान सहयोग और स्टार्टअप 'इनक्यूबेशन' को तेजी देने के लिए नियामकीय पारदर्शिता बढ़ाने और उद्योग और शिक्षा क्षेत्र के बीच मजबूत प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की भी बात कही गई है। रिपोर्ट जारी करते हुए नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने कहा कि भारत को दुनिया का दवाखाना माना जाता है। लाहिड़ी ने कहा, ''नीति आयोग ने पाया है कि भले ही हम औषधि क्षेत्र में मात्रा के मामले में अच्छा कर रहे हैं, लेकिन हमें मूल्य श्रृंखला में ऊपर जाने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की कुछ साख है और उन्हें कोई कारण नहीं दिखता कि अगर भारतीय औषधि कंपनियां अच्छी गुणवत्ता और सही कीमत वाले ब्रांडेड उत्पाद लाती हैं, तो वे अंतरराष्ट्रीय बाजार में बड़ी जगह क्यों नहीं बना सकतीं।

## भारत-अमेरिका के बीच उच्चस्तरीय व्यापार वार्ता, समझौते के ढांचे में बदलाव पर चर्चा

**नयी दिल्ली :** भारत और अमेरिका ने मंगलवार को उच्चस्तरीय व्यापार वार्ता की, जिसका उद्देश्य अमेरिकी शुल्क नीति में बदलावों के बाद प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को नया स्वरूप देना और उसके ढांचे में बदलाव करना है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यहां अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्षों ने व्यापार समझौते के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। दोनों पक्ष 24 जुलाई से पहले अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। अमेरिका की तरफ से सभी व्यापारिक साझेदार देशों पर लगाया गया अस्थायी 10 प्रतिशत आयात शुल्क 24 जुलाई को ही समाप्त होना है। ग्रीर की दो-दिवसीय भारत यात्रा के कुछ दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 17 जून को फ्रांस में जी7 शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात की थी। वाणिज्य भवन में हुई इस वार्ता के दौरान वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और भारत के मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन भी मौजूद रहे। इसके पहले दोनों देशों के व्यापार वार्ताकारों ने भी महीने की शुरुआत में दिल्ली में चर्चा की थी। अमेरिकी दूतावास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार साझेदारी दोनों देशों के लिए लाभकारी है और इससे जहां अमेरिका में विनिर्माण रोजगार सृजित होंगे, वहीं भारत की आर्थिक वृद्धि को भी समर्थन मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी ग्रीर के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस बैठक में द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने तथा नए अवसरों पर चर्चा की गई।

## व्यापार

# भारत ने एफआईएच प्रो लीग में पाकिस्तान को 4-3 से हराया



**लंदन :** भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ पिछले एक दशक का अपराजेय अभियान जारी रखते हुए एफआईएच प्रो लीग के लंदन चरण का आगाज 4-3 से जीत के साथ किया हालांकि आखिरी क्वार्टर में दो गोल नहीं गंवाये होते तो जीत का अंतर बेहतर होता। प्रो लीग की तालिका में आखिरी स्थान पर काबिज पाकिस्तान ने आठवें मिनट में ही नदीम अहमद के गोल के दम पर बढत बना ली। भारत के लिये दूसरे क्वार्टर में 22वें मिनट में अभिषेक ने फील्ड गोल करके बराबरी दिलाई और 24वें मिनट में नीलाकांता शर्मा ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील करके बढत दिला दी। हाफटाइम तक भारत 2-1 से आगे था। तीसरे क्वार्टर में सुखजीत सिंह ने 40वें मिनट में फील्ड गोल करके बढत 3-1 की कर दी। चौथे क्वार्टर में 52वें मिनट में राजिंदर सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर भारत का चौथा गोल किया तो बड़े अंतर से जीत तय लग रही थी। लेकिन आखिरी क्षणों में गोल गंवाने और डिफेंस के चरमराने की कमजोरी फिर उजागर हुई और पाकिस्तान के लिये महमूद अबू (53वां मिनट) और शकील मोईन (60वां) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत की जीत का अंतर कम कर दिया। भारत को अब शुक्रवार को मेजबान इंग्लैंड से खेलना है। भारत और पाकिस्तान 2024 में चीन के हुलुनबुइर में हुए एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी मुकाबले के बाद पहली बार एक-दूसरे के सामने थे जब भारत ने हरमनप्रीत सिंह के दो गोल के दम पर 2-1 से जीत दर्ज की थी। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2016 में भारत को हराया था जब गुवाहाटी में सैफ खेलों में भारत की दूसरे दर्जे की टीम ने भाग लिया था। कोच क्रेग फुल्टन को हालांकि आखिरी मिनटों में गोल गंवाने की कमजोरी से पार पाने के लिये मेहनत करनी होगी चूंकि भारत को इस साल विश्व कप और एशियाई खेल जैसे बड़े टूर्नामेंट खेलने हैं। नीदरलैंड और बेल्जियम में अगस्त में होने वाले विश्व कप में पाकिस्तान भारत के ही पूल में है। पहले क्वार्टर में धीमी शुरूआत के बाद भारत ने लय हासिल कर ली और इस जीत के बाद अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गया है। शुरूआत में दोनों टीमों ने काफी एहतियात के साथ खेला। पाकिस्तान को पहली सफलता आठवें मिनट में मिली जब नदीम ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया। भारत ने तुरंत जवाबी हमले बोले लेकिन अच्छे मूव को अंजाम तक नहीं ले जा सके। भारत को पहले क्वार्टर के आखिरी मिनट में लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन पाकिस्तानी गोलकीपर अली रजा ने भारतीय कप्तान हरमनप्रीत को गोल नहीं करने दिया।

## पंत की वेतन में बड़ी कटौती के साथ दिल्ली कैपिटल्स में वापसी, कुलदीप एलएसजी से जुड़े

**नयी दिल्ली :** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान के तौर पर दो खराब सत्र के बाद ऋषभ पंत की वेतन में 12 करोड़ रुपये की भारी कटौती के साथ दिल्ली कैपिटल्स की टीम में वापसी हो रही है। दिल्ली कैपिटल्स के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के साथ हुई एक 'हाई-प्रोफाइल ट्रेड (बड़े खिलाड़ियों की अदला-बदली)' में पंत 15 करोड़ रुपये में अपनी पुरानी फ्रेंजाइजी में वापस आ गए हैं। एलएसजी ने आईपीएल 2025 से पहले हुई बड़ी नीलामी में उन्हें 27 करोड़ रुपये की भारी-भरकम रकम में खरीदा था, जो लीग के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी रकम थी। लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने उस समय पंत के साथ लंबे समय तक जुड़े रहने की बात कही थी। लगातार दो कमजोर सत्र के बाद फ्रेंचाइजी प्रबंधन ने जस्टिन लैंगर और टॉम मूडी की मौजूदगी वाली ऑस्ट्रेलियाई कोचिंग टीम की सलाह पर पंत को रिलीज करने का फैसला किया। उम्मीद के मुताबिक हुए इस ट्रेड में बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव 13.50 करोड़ रुपये की मौजूदा फीस पर दिल्ली कैपिटल्स से लखनऊ सुपर जायंट्स में चले गए। पंत के लिए यह ट्रेड घर वापसी जैसी है। उन्होंने 2016 से 2024 के बीच दिल्ली कैपिटल्स के लिए 111 मैच खेले थे। नीलामी में जाने से पहले तक वह इसी टीम का हिस्सा थे। वह 2021 से 2024 तक टीम के कप्तान भी रहे और इस दौरान 43 मैचों में दिल्ली का नेतृत्व किया।

## जोर्डन को हराकर बारह साल में पहली बार विश्व कप में अल्जीरिया को मिली जीत



**सांता क्लारा :** दूसरे हाफ में पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल करके अल्जीरिया ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जोर्डन को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में पहुंचने की उम्मीदें पुख्ता कर लीं। दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी नादिर बेनबुआली ने 69वें मिनट में हेडर लगाया जबकि अमीने गोरी ने 82वें मिनट में विजयी गोल दागा। विश्व कप में 2014 के बाद अल्जीरिया की यह पहली जीत है। जोर्डन के लिये पहले हाफ में निजार अल राशदान ने गोल दागा था। अल्जीरिया को पहले मैच में अर्जेंटीना ने 3-0 से हराया था लेकिन दूसरे मैच में आस्ट्रिया को हराकर उसने ग्रुप जे में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। जोर्डन लगातार दूसरी हार के साथ नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो गया है। उसे पहले मैच में आस्ट्रिया ने 3-1 से हराया था।

## पुर्तगाल ने नॉकआउट की ओर बढ़ाए कदम, ग्रुप में शीर्ष पर; रोनाल्डो का दमदार प्रदर्शन



**हुआस्टन :** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने उज्बेकिस्तान को 5-0 से हराया। पुर्तगाल ने पिछले मैच में ड्रॉ खेला था, लेकिन टीम इस मैच में बड़ी जीत दर्ज करने में सफल रही। टीम के लिए रोनाल्डो ने दमदार प्रदर्शन किया। रोनाल्डो ने मैच के बाद 'आई एम बैक', यानी मैं वापस आ गया हूं कहा। रोनाल्डो पिछले मैच में गोल नहीं कर सके थे, लेकिन इस मैच में दमदार प्रदर्शन करने में सफल रहे। उज्बेकिस्तान की टीम का सफर ग्रुप चरण में ही थम गया। पुर्तगाल के लिए रोनाल्डो के अलावा नूनो मेंडेस और राफेल लियाओ ने एक-एक गोल किए। वहीं, उज्बेकिस्तान के नेमातोव ने आत्मघाती गोल किया। इसके साथ ही पुर्तगाल ग्रुप के में चार अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है और उसने नॉकआउट के लिए दावा मजबूत कर लिया है। पुर्तगाल के दो मैचों में एक जीत और एक ड्रा से चार अंक हो गए हैं। दूसरे स्थान पर कोलंबिया है जो एक मैच में एक जीत के साथ तीन अंक लेकर दूसरे नंबर पर है। कोंगो डीआर एक अंक के साथ तीसरे और उज्बेकिस्तान दो मैच में दो हार के साथ चौथे स्थान पर है।

## विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने वाले संयुक्त दूसरे खिलाड़ी बने एमबाप्पे

**फिलाडेल्फिया :** फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे ईराक के खिलाफ दो गोल करके कुल 16 गोलों के साथ विश्व कप फुटबॉल के इतिहास में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी के बाद दूसरे स्थान पर आ गए। तीसरा विश्व कप खेल रहे 27 वर्ष के एमबाप्पे ने ईराक के खिलाफ 14वें मिनट में पहला गोल किया। यह उनके कैरियर का 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच भी था। बारिश के कारण दो घंटे के विलंब के बाद खेल बहाल होने पर उन्होंने 54वें मिनट में एक और गोल करके जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोसे के 16 गोल की बराबरी कर ली। यह विश्व कप शुरू होने से पहले रिकॉर्ड क्लोसे के ही नाम था।

## भविष्य के विश्व कप के लिए पानी के ब्रेक के इस्तेमाल का आकलन करेगा फीफा, इनफेंटिनो ने कहा

**अटलांटा :** फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा इस साल के विश्व कप में खेल के दौरान अतिरिक्त ब्रेक की आलोचना के बावजूद भविष्य के विश्व कप में भी पानी पीने के लिए ब्रेक(हाइड्रेशन ब्रेक) रखने पर विचार करेगा। फीफा के अध्यक्ष जियानी इनफेंटिनो ने इस विश्व कप में ब्रेक शुरू करने के फैसले का बचाव किया। यह ब्रेक दोनों हाफ के बीच में होते हैं। इनफेंटिनो ने मंगलवार को कहा कि इनसे शायद प्रशंसकों का अधिक मनोरंजन भी होता है। इनफेंटिनो कहा कि फीफा 'इस अनुभव के आधार पर' भविष्य के टूर्नामेंट में क्या करना है इस पर विचार करेगा। ब्रेक विज्ञापन या अमेरिकी शैली का टाइमआउट डालने का एक छिपा हुआ तरीका हैं, इसे लेकर हो रही आलोचना पर इनफेंटिनो ने कहा कि ये ब्रेक फायदेमंद रहे हैं। इनफेंटिनो ने कहा, ''शायद कोच कुछ स्थितियों का फिर से आकलन कर सकते हैं, कुछ गलतियों को सुधार सकते हैं। खिलाड़ियों को थोड़ा आराम मिलता है और वे पूरी तेजी के साथ वापस आते हैं। तो क्या यह बुरा है? शायद यह अच्छा है।'' उन्होंने कहा, ''हम मुकाबलों की तेजी भी देखते हैं। हमने कभी भी किसी टूर्नामेंट में 90 मिनट का खेल इतनी तेजी से होते नहीं देखा है।'' इनफेंटिनो ने कहा, ''मैच के आखिरी सेकेंड तक खिलाड़ी हमला करते हैं और ऐसा ही कुछ होता रहता है।'' उन्होंने कहा, ''और शायद, हो सकता है या नहीं, लेकिन शायद यह थोड़ा इस छोटे से ब्रेक की वजह से भी है जो खिलाड़ियों को मिलता है और जिसके बाद वे मैदान पर वापस जाकर दिखा सकते हैं कि वे क्या कर सकते हैं।''

## सपना पूरा हुआ, शब्दों में बयां नहीं कर सकता : भारतीय टीम में चयन पर बोले सूर्यवंशी



**नयी दिल्ली :** युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि भारतीय टी20 टीम में चयन होना उनके कैरियर का सबसे बड़ा कदम है और उनके पास अपने जज्बात बयां करने के लिये शब्द नहीं हैं। पंद्रह वर्ष के सूर्यवंशी को 26 जून से शुरू हो रहे आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे के लिये भारतीय टीम में चुना गया है। उन्होंने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिये खेलते हुए 230 से ऊपर के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाये। सूर्यवंशी ने बीसीसीआई द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गए संक्षिप्त वीडियो में कहा ,'' शब्दों में बयां नहीं कर सकता। मैने इसी के लिये पहले दिन बल्ला उठाया था और अभ्यास के लिये क्रिकेट के मैदान पर उतरा था। वह सपना आज पूरा हो गया है।'' उन्होंने कहा ,'' यह मेरे सफर का सबसे बड़ा कदम है। मैं इन भावनाओं को शब्दों में अभिव्यक्त नहीं कर सकता।'' बिहार के समस्तीपुर से अपने कैरियर की शुरूआत करने वाले सूर्यवंशी ने आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ शतक जमाया था। 28 अप्रैल 2025 को गुजरात के खिलाफ 38 गेंद में 101 रन बनाकर वह 14 वर्ष 32 दिन की उम्र में टी20 क्रिकेट में शतक जमाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने थे। इंग्लैंड या आयरलैंड के खिलाफ वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन सकते हैं। यह रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है जिन्होंने 16 वर्ष 205 दिन की उम्र में पदार्पण किया था। उन्होंने कहा ,''यह सपना सच होने जैसा है। जैसे ही मैने टीशर्ट देखा, मेरी मुस्कान नहीं रूक रही है।''

## आईपीएल ट्रांस्फर विंडो: नाइट राइडर्स और रॉयल्स ने पंड्या को अपने साथ जोड़ने में दिलचस्पी दिखाई

**नयी दिल्ली :** हार्दिक पंड्या और मुंबई इंडियंस अलग होने की तैयारी में हैं और आईपीएल की पांच बार की चैंपियन टीम को संभावित ट्रेड (खिलाड़ी का एक टीम छोड़कर दूसरी से जुड़ना) के लिए कम से कम दो प्रस्ताव मिले हैं जो शाहरुख खान के सहस्वामित्व वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स की ओर से आए हैं। आईपीएल से जुड़े एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया कि नाइट राइडर्स के शीर्ष प्रबंधन और मुंबई इंडियंस के मालिकों के बीच खिलाड़ियों की अदला-बदली को लेकर कई बार बातचीत हुई है। मुंबई इंडियंस में पंड्या की वापसी उतार-चढ़ाव भरी रही है और उनकी कप्तानी में टीम सिर्फ एक बार प्लेऑफ में जगह बना पाई है। सूत्र ने बताया, ''अजिंक्य रहाणे केकेआर के लिए हमेशा से एक कामचलाऊ व्यवस्था थे और इस सत्र के बाद उन्हें रिलीज किया जाना तय था। केकेआर के बड़े अधिकारियों ने पिछले सत्र के आखिर में मुंबई इंडियंस के मालिकों से संपर्क किया था लेकिन उस समय रिलायंस की सालाना आम बैठक होने वाली थी इसलिए उस समय आईपीएल ट्रेड उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता नहीं थी।'' उन्होंने कहा, ''हालांकि पता चला है कि केकेआर ने फिर से मुंबई इंडियंस के बड़े अधिकारियों से संपर्क किया है और इस बारे में कुछ दौर की बातचीत भी हुई है।'' यह तय है कि अगर पंड्या पूरी तरह से नकद करार या खिलाड़ी की अदला-बदली के जरिए केकेआर में जाते हैं तो उन्हें कप्तानी मिल सकती है क्योंकि इस समय रिंकू सिंह सही विकल्प नहीं लग रहे हैं।

वर्ष 11, पूर्णांक 3632 अंक 098 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in